



# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ ...








वर्ष-01 अंक-71 RNI UP HIN/2015/64737 पृष्ठ:9, मुल्य=4 रूपया सोमवार, 6 मार्च 2023


## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री अक्षर आंचल योजना बुनियादी साक्षरता महापरीक्षा का आयोजन किया गया

**दैनिक शुभ भास्कर फिरदौस अहमद की रिपोट**



भागलपुर/ जगदीशपुर रविवार को जन शिक्षा निदेशालय पटना के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री अक्षर आँचल योजना के तहत नवसाक्षरो के लिए बुनियादी साक्षरता महापरीक्षा का आयोजन जगदीशपुर प्रखंड के कुल 11केन्द्रों पर किया गया । 29 शिक्षा सेवक ,तालीम मरकजो कै द्वारा कुल 569 नव साक्षरो को शामिल कराया गया जिसमें महादलित 147 दलित 22 और अल्पसंख्यक समुदाय की 400 महिला ने भाग लिया। इसका मानिटरिंग प्रखणड के आर पी शंकरपासवान और एसआरपी जिज्ञाधर जी ने किया।

### जन सुराज पदयात्रा के सिवान जिला अधिवेशन में 3488 लोगों ने किया मतदान, कुल 3314 लोगों ने कहा जन सुराज राजनीतिक पार्टी बने

**दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो शैलेश कुमार तिवारी की रिपोर्ट**

गोपालगंज बिहार जन सुराज पदयात्रा के 154वें दिन आज सिवान के डॉ राजेंद्र प्रसाद स्टेडियम में जन सुराज अभियान के सिवान जिले का अधिवेशन हुआ। आज के अधिवेशन में जन सुराज के पार्टी बनने, लोकसभा चुनाव लड़ने और बिहार की सबसे बड़ी समस्या के मुद्दे पर मतदान हुआ। मतदान का नतीजा कुछ इस प्रकार रहा। कुल पड़े 3488 मत में से 3314 लोगों ने पार्टी बनने के पक्ष में वोट डाला। 174 लोगों ने मतदान के जरिए कहा कि पार्टी नहीं बननी चाहिए। अगर पार्टी बनती है तो क्या 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ना चाहिए, इस सवाल के उत्तर में कुल 3488 वोट पड़े। इसमें से 3144 लोगों ने कहा कि लोकसभा चुनाव लड़ना चाहिए और 344 लोगों ने लोकसभा चुनाव लड़ने के खिलाफ वोट किया। बिहार की सबसे बड़ी समस्या के सवाल पर, 62 प्रतिशत लोगों ने बेरोजगारी और पलायन को सबसे बड़ी समस्या बताया। वहीं 25 प्रतिशत लोगों ने भ्रष्टाचार और 13 प्रतिशत लोगों ने किसानों की बदहाली को समस्या बताया। कार्यक्रम के समापन पर मतदान के नतीजे सबके सामने रखे गए और मतों की गिनती भी मीडिया और लोगों के सामने की गई।

### होली के त्योहार में बिहार आने वाले लोगों कि बढ़ी मुश्किलें नहीं मिल रही है कंफर्म टिकट



**रविशंकर मिश्रा पटना ।** होली के त्योहार में परदेस से बिहार लौटनेवालों की बड़ी संख्या होता है. खासकर महानगरों से बिहार के गांव, कसबों और शहरों के लिए बड़ी संख्या में लोग निकलते हैं. सभी होली का त्योहार अपने घर पर मनाना चाहते हैं. ऐसे में बिहार लौटने वालों की संख्या में इजाफा हो गया है. बता दें कि ट्रेन तो ट्रेन बिहार को जाने वाली पथ परिवहन की बसों में भी लोग ठूसकर यात्रा करने पर मजबूर हैं. रेलगाड़ी में तो स्लीपर और एसी बोगी तक के शौचालयों और दरवाजों तक में लोग बैठकर सफर कर रहे हैं. यात्री शौचालय तक कैसे पहुंचेंगे यह तक मुश्किल है. लोग अगर किसी तरह ट्रेन में सवार हो गए तो अपने स्टेशन पर उतरना उनके लिए मुश्किल हो रहा है. रेलवे ने भले इस दौरान होली स्पेशल ट्रेनों को चलाने की घोषणा की है लेकिन इसका क्या फायदा. टिकटें कंफर्म तक नहीं मिल पा रही है. स्पेशल ट्रेनों में भी हालत वही हैं. सिकंदराबाद से पटना के बीच होली स्पेशल ट्रेने 5 मार्च से शुरू हो रही है. हालांकि बिहार के लिए होली स्पेशल 37 जोड़ी से ज्यादा ट्रेनें हैं जो यहां से होकर गुजरेंगी. ये स्पेशल ट्रेनें 170 से ज्यादा फेरे लगाएंगी. फिर भी हालत जस के तस बने हुए हैं."

## एक तरफ बिहार में शराबबंदी का पीटा जा रहा ढोल वहीं दूसरी तरफ एक शराबी शराबबंदी का खोल रहे पोल

**दैनिक शुभ भास्कर आनंद कुमार की रिपोट**



भागलपुर बिहार में एक तरफ जहां शराबबंदी है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शराबबंदी की सराहना कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ लोग आए दिन किसी न किसी तरह शराब पीकर वीडियो वायरल हो रहा है. इसी बीच नवगछिया पुलिस जिला के नवगछिया थाना क्षेत्र के तेतरी गांव निवासी गिरफ्तार आरोपी नवीन सिंह पिता कार्तिक प्रसाद सिंह. घर तेतरी, गिरफ्तार कर लिया गया है. नवगछिया पुलिस की शराब के नशे में गिरफ्तार किया. गिरफ्तार शराबी को जब पुलिस कोरोना जांच करवाने नवगछिया अनुमंडल अस्पताल ले जा रही थी तभी मौके पर मौजूद लोकल 18 की टीम से शराबी ने कहा कि वह चिराग का आदमी है इस बार गलती हो गई है माफ कर दीजिए हमको छुड़वा दीजिए संवाददाता नहीं जब शराबी से पूछा कि सर आप कहां से लाए तो शराबी ने कहा कहीं भी मिल जाता है हम बाहर नहीं पी रहे थे हम घर में पी रहे थे. तेतरी के भूमिहार है हमको छुड़वा दीजिए होली में कोई व्यवस्था नहीं है पहली और आखरी गलती है हम को छोड़वा दीजिए. फालतू में पकड़ लिया है सब जगह दारू मिल रहा है पुलिस खुद ना काम है हमको छुड़वा दीजिए लगातार इस तरह की बातें कैमरा पर शराबी कह रहा था. पुलिस के साथ अस्पताल जा रहे शराबी नहीं यहां तक कि संवाददाता को भी सेटिंग कर लेने की बात कही शराबी ने कहा कि आप लोग सेटिंग कर लीजिए हमको छुड़वा दीजिए.

## भाजपा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने राहुल गांधी पर बोला हमला, कहा- पाकिस्तान, चीन व खालिस्तानियों से अधिक खतरनाक

### राहुल गांधी पर चीन का समर्थन करने लगाया आरोप



भारतीय जनता पार्टी के सांसद हरनाथ सिंह यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने राहुल के भारत विरोधी विवादास्पद बयानों के बाद उन्हें चीन, पाकिस्तान, बीबीसी और देश के खालिस्तानियों से भी ज्यादा खतरनाक बताया है। भाजपा सांसद ने रविवार को राहुल के 'भारत को चुप कराना चाहती है भाजपा' बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राहुल गांधी इस देश के दुश्मन हैं। जिस तरह से देश को चीन, पाकिस्तान, बीबीसी और खालिस्तानियों से खतरा है। ठीक उसी तरह देश को राहुल गांधी से भी खतरा है। इसलिए देश को उनसे सावधान हो जाना चाहिए। भाजपा सांसद ने चीनी सेना और भारतीय सेना के आमने-सामने होने पर राहुल गांधी पर चीन का समर्थन करने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अब यह समझ लेना चाहिए कि राहुल गांधी किसके लिए काम करते हैं। उनके हिसाब से चीन ने विश्व में सद्भावना का माहौल बनाया है। जब सीमा पर चीनी और भारतीय सेना आमने-सामने खड़ी थीं, तब राहुल गांधी ने चीन के साथ मित्रता निभाई। सांसद हरनाथ सिंह यादव ने कहा कि उन्होंने राजीव गांधी फाउंडेशन के नाम पर चीन से करोड़ों रुपये की रकम ली थी। इतना ही नहीं, जब भारतीय सेना हवाई हमला करती है तो वह पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं, बीबीसी की जबान में बात करते हैं और उन सबकी भाषा बोलते हैं जो देश के दुश्मन हैं। यादव ने कहा कि जब राहुल गांधी बोलते हैं तो देश के अंदर और बाहर के दुश्मनों के चेहरे पर मुस्कान होती है। भाजपा सांसद ने कहा कि अगर राहुल गांधी भारतीय भी हैं तो उनका शरीर यहां है, लेकिन उनकी आत्मा चीन और पाकिस्तान में है। आचार्य चाणक्य ने कहा कि विदेशी खून कभी भी देशभक्त नहीं हो सकता। वह देश के गौरव और आत्मसम्मान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

## तेजस्वी को बदनाम करने कि साजिश रच रही बीजेपी :राबड़ी



**रविशंकर मिश्रा पटना ।** पूर्वमुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने तमिलनाडु में बिहारियों के साथ हुए घटना को लेकर बीजेपी को एक बार फिर से निशाने पर ले लिया है पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने शुभ भास्कर के संवाददाता रविशंकर मिश्रा से बात करते हुए बीजेपी को निशाने पर ले लिया । उन्होंने कहा कि किसी तरह की घटना नहीं हुई है लेकिन बिहारी और बिहार के लोगों को बदनाम करने के लिए लगातार बीजेपी षड्यंत्र करती है तेजस्वी यादव जो बिहार के डिप्टी सीएम है वह एक कार्यक्रम में गए थे और इसी को लेकर तेजस्वी यादव को बदनाम करने की नियत से बीजेपी वाले हो हल्ला कर रहे हैं वही पूर्वोत्तर भारत में कई राज्यों में बीजेपी की सरकार बनने और 2024 में एक बार फिर केंद्र में भी सत्ता बनने के बीजेपी नेताओं के दावे पर पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने कहा कि बिहार की जनता और देश की जनता तय करेगी कि आखिर किसकी सरकार बनेगी

## डॉ0संजय के अपहरण मामले में अब बिहार पुलिस के निशाने पर अतीक अहमद गैंग

**रविशंकर मिश्रा पटना ।** बिहार कि राजधानी पटना से उमेश पाल हत्याकांड के बाद कुख्यात अतीक अहमद गैंग अब उत्तर प्रदेश के साथ साथ बिहार पुलिस के भी निशाने पर है । अब संभावना जताई जा रही है कि अतीक अहमद गैंग ने ही पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज में फार्मा विभाग के हेड ऑफ डिपार्टमेंट (एचओडी) और एग्जामिनेशन कंट्रोलर डिपार्टमेंट के प्रमुख डॉ संजय कुमार का अपहरण किया है. बता दें कि डॉ संजय बुधवार शाम करीब सात बजे पटना से मुजफ्फरपुर जाने के लिये निकले थे. लेकिन करीब 50 से अधिक घंटे बाद भी पुलिस के पास उनको लेकर कोई सुराग नहीं है. डॉ संजय रिश्ते में प्रशांत कुमार के साढू और सीनियर आइएएस डिंपल वर्मा के बहनोई लगते हैं.बिहार पुलिस को इस बात का शक है कि अतीक अहमद यूपी के एडीजी पर दवाब बनाने के लिये इस वारदात में शामिल हो सकता है. बता दें कि अतीक अहमद का नाम बसपा के पूर्व विधायक राजू पाल की हत्या मामले में मुख्य गवाह उमेश पाल और उसके सुरक्षाकर्मियों की हत्या के मामले में सामने आया है. जिसके बाद एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार के नेतृत्व में इस गैंग के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है. इसी कड़ी में यूपी पुलिस ने एक शूटर को मार गिराया है.वहीं अन्य आरोपियों पर ईनाम घोषित कर सभी की तलाश जारी है. इसके अलावा आरोपियों के घरों को भी ढहाने का काम जारी है.बिहार पुलिस के आला पदाधिकारी ने इस मामले में बताया कि जिस तेजी से यूपी पुलिस माफिया पर कार्रवाई कर रही है इससे बचने के लिये वो ऐसा कर सकता है. डॉ संजय के अपहरण के बाद एडी जी प्रशांत कुमार का ध्यान अब अपने रिश्तेदारों को सुरक्षित करने में हो जाएगा ।

## तमिलनाडु में बिहारी मजदूरों कि पिटाई का मामला फेक :.एडीजी



**रविशंकर मिश्रा पटना ।** तमिलनाडु में बिहारी मजदूरों की पिटाई पर बिहार पुलिस के ADG हेडक्वार्टर जेएस गंगवार ने कहा कि यह खबर फेक हैं। हम लोग इस मामले को लेकर तमिलनाडु पुलिस के लगातार संपर्क में हैं,यहां तक कि कल तमिलनाडु के डीजीपी ने भी इस मामले में अपना बयान जारी किया हैं उन्होंने नें इस घटना को फेक बताया हैं ।जो वीडियो सोशल मीडिया में चलाया जा रहा हैं वो फेक हैं,वो सब पुरानी वीडियो हैं ।जिसमें बिहार और झारखंड के मजदूर के बीच झड़प हों रहीं हैं ।हमलोग बिहार के सभी प्रवासी मजदूरों कीं सुरक्षा को लेकर गंभीर हैं ।राज्य सरकार लगातार वहां के राज्य सरकार के साथ बातचीत कर रहीं हैं।

## तमिलनाडु में बिहारियों की हत्या पर भड़के विधायक अजीत शर्मा ,कहा- दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई हो

**दैनिक शुभ भास्कर प्रभात कुमार मिश्रा की रिपोट**



भागलपुर बिहार तमिलनाडु में बिहारियों की हत्या की जा रही है इसको लेकर बिहार की राजनीति तेज हो चुकी है भाजपा जहां एक तरह मुख्यमंत्री नीतीश पर हमलावर है तो घटक दलों के नेता भी मामले में कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं। भागलपुर विधायक सह कॉंग्रेस विधानमंडल दल के नेता अजित शर्मा ने कहा कि घटना बहुत दुःखद है बिहार के लोग ही पूरे देश मे जाकर काम करते हैं और देश का जो तरक्की हुआ है वह बिहारियों के कारण हुआ है। वहां के डीजीपी गलत बोल रहे हैं हमें भी जानकारी है वहां बिहारियों की हत्या हो रही है। इसपर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। मुख्यमंत्री नीतीश ने संज्ञान लिया है यह अच्छी बात है वो अधिकारी को भेज रहे हैं मामले की पूरी तरह से जांच हो और कड़ी कार्रवई हो। वहीं अजित शर्मा ने पलायन पर भी बडी बात कही है उन्होंने कहा कि बिहार एक गरीब राज्य है विशेष राज्य के दर्जा की जरूरत है लेकिन कुछ नहीं हुआ। प्रधानमंत्री ने। भागलपुर में कहा था करोड़ों देंगे लेकिन कुछ नहीं दिया। बिहार कल कारखाने खुलने चाहिए जिससे पलायन कम होगा और इस तरह की घटना नहीं होगी। हम आपको बता दें कि तमिलनाडु में बीते दिनों बिहारियों को पूछ पूछ कर हमला किया जा रही है निर्मम तरीके से हत्या की जा रही है। टारगेट कर बिहारियों को मारा जा रहा है।

## तेज तर्रार कर्मठ लोकप्रिय जिलाधिकारी उदयन मिश्रा जी की अध्यक्षता में होली एवं शबे बरात को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर जिला चीफ ब्यूरो रूपेश मिश्रा की रिपोट**

कटिहार बिहार के तेज तर्रार कर्मठ लोकप्रिय जिलाधिकारी उदयन मिश्रा जी की अध्यक्षता में होली एवं शबे बरात को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में कटिहार के ईमानदार आरक्षी अधीक्षक उप विकास आयुक्त कटिहार जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह कटिहार नगर निगम की महापौर उषा अग्रवाल कटिहार के उपमहापौर गार्जियन मंजूर खान कटिहार के उप वरीय उप समाहर्ता नगर आयुक्त अनुमंडल आरक्षी उपाधीक्षक कटिहार अनुमंडल पदाधिकारी एवं पूरे कटिहार जिला से चलकर आए सम्मानित जनप्रतिनिधि समाजसेवी राजनीतिक दल के अध्यक्ष एवं कटिहार जिले के सभी पुलिस अधिकारी सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी अंचल पदाधिकारी की उपस्थिति हुई जिसमें मुझे भी कोढ़ा प्रखंड की ओर से सुझाव देने का सौभाग्य मिला धीरज कुमार सिंह मुख्य पार्षद कोढ़ा नगर पंचायत कटिहार'

## बसंत गोष्ठी अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देशभर के कई कवियों ने शिरकत किया

**दैनिक शुभ भास्कर विवेक कुमार की रिपोट**




भागलपुर,मारवाड़ी युवा मंच भागलपुर की ओर से आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देशभर के कवि भागलपुर पहुंचे कवियों ने अपने अनुभव और मौजूदा वक्त में कविता का समाज राज्य को देश पर क्या प्रभाव पड़ रहा है इस पर विचार व्यक्त किए गौरतलब हो कि 1961 में पहली बार बसंत गोष्ठी कवि सम्मेलन की शुरूआत हुई थी। कार्यक्रम के दौरान विधिवत उद्घाटन में सांसद अजय मंडल विधायक अजीत शर्मा मेयर डॉक्टर वसुंधरा लाल उप मेयर डॉक्टर सलाउद्दीन अहसन पूर्व राज्यसभा सांसद कहकशां परवीन के अलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित थे वहीं इस दौरान मारवाड़ी युवा मंच भागलपुर के अध्यक्ष जॉनी संथालिया स्वागत अध्यक्ष जगदीश चंद्र मिश्र पप्पू उप स्वागत अध्यक्ष संजय सिंघानिया मीडिया प्रभारी अश्विनी जोशी मोंटी सहित सैकड़ों श्रोता मौजूद थे। मित्र बसंत गोष्टी के साठवें संस्करण के अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की विधिवत शुरूआत कवियत्री मणिका दुबे के सरस्वती वंदना से हुई इसके बाद हाथरस से आए कवि पदम अलबेला ने अपने हाथ से कविताओं के माध्यम से बैठे दर्शकों को लोटपोट कर दिया लखीमपुर खीरी से पधारे कवि आशीष अनल ने अपनी कविताओं के माध्यम से दर्शकों को खूब जोश भरा जबकि इटावा के कवि कुमार मनोज ने सामाजिक सद्भावना को जोड़ने वाली कविता की प्रस्तुति दी मुंबई के चंदन राय ने अपनी प्रेम कविता के माध्यम से युवाओं में प्रेम के प्रति जोश और उमंग भरा वही छत्तीसगढ़ रायपुर से आए कवि रमेश विश्वकर्मा प्रेम कविताएं पढ़कर युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों को भी प्रेम की यादें ताजा कर दी उसके बाद प्रयागराज से आए हास्य कवि राधेश्याम भारती ने लोगों को अपनी कविताओं से लोटपोट कर दिया जबलपुर की मणिका दुबे ने पूरा माहौल ही होली में कर दिया।

## बाल संरक्षण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

**दैनिक शुभ भास्कर परशुराम यादव की रिपोट**



गोपालगंज बिहार जिला बाल संरक्षण,ईकाई गोपालगंज द्वार बाल संरक्षण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला आज दिनांक 05मार्च को जे ० जे ० एक्ट/पॉक्सो एक्ट एवं अन्य बाल संरक्षण अधिनियमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन अम्बेडकर भवन गोपालगंज में किया गया। इस अवसर परसहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई श्री प्रशांत कुमार द्वारा जिला पदाधिकारी महोदय को पुष्प पौधा देकर अभिवादन किया गया । वही पुलिस अधीक्षक गोपालगंज को डीएसपी हेड क्वार्टर श्रीमती ज्योति कुमारी एवं प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड ,गोपालगंज श्री राकेश मणि त्रिपाठी को श्रीमती रूपा कुमारी एवं डीएसपी हेड क्वार्टर श्रीमती ज्योति कुमारी ,जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी श्री रंजीत कुमार और वरिष्ठ पत्रकार टाइम्स ऑफ इंडिया श्री वरुण मिश्रा जी को सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई श्री प्रशांत कुमार द्वारा पुष्प पौधा देकर अभिवादन किया गया ।आयोजित कार्यशाला का जिला पदाधिकारी,गोपालगंज डॉ० नवल किशेर चौधरी( भा०प्र०से० ),पुलिस अधीक्षक श्री स्वर्ण प्रभात (भा०पु०से),प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड,गोपालगंज श्री राकेश मणि तिवारी,पुलिस उपाधीक्षक हेड क्वार्टर श्रीमती ज्योति कुमारी,वरिष्ठ पत्रकार टाईम्स ऑफ इण्डिया श्री बरुण मिश्रा,सहायक निदेशक बाल संरक्षण ईकाई प्रशान्त कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंम्भ किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि उपेक्षा ,शोषण और दुर्व्यवहार से बच्चों को बचाने की आवश्यकता है ।आज देखने में आ रहा है कि समाज में कम उम्र के बच्चे अपराध में संलिप्त पाए जा रहे हैं ,उस पर किस प्रकार से अंकुश लगाएं हमें इस पर विचार करना होगा और यह तभी संभव होगा जब हम किसी केस में कम से कम समय में आरोपी को दंडित करें। जिससे समाज में यह मैसेज आएगा और लोगों का विश्वास भी हमारी कानून व्यवस्था पर बढ़ेगा ।इसके लिए महोदय द्वारा उपस्थित प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय परिषद को कुछ सुझाव भी दिये गये। वही पुलिस अधीक्षक महोदय ने बताया कि बाल संरक्षण में विधि विरूद्ध बालक का उपस्थापन सही समय पर यदि नहीं होता तो यह एक्ट का उलंघन है ।शत प्रतिशत निस्तारण कर हमे प्रथम स्थान प्राप्त करने के लक्ष्य लेकर चलना होगा। वरिष्ठ पत्रकार वरुण मिश्रा ने बताया कि समाज के सभी लोगों को लेकर बाल संरक्षण के प्रयास में सहयोग करना चाहिए ।साथ ही प्रशिक्षण के पश्चात इसके व्यापक प्रचार प्रसार पर बल की आवश्यकता है ।जन जागरूकता सतत होनी चाहिए। प्रधान सदस्य किशोर न्यायालय परिषद ने अपने संबोधन में किशोर न्याय परिषद में उपस्थापन, एस बी आर व बाल कल्याण एवं पुलिस पदाधिकारियों के दायित्व से उन्हें अवगत कराया। कार्यशाला में जिले के कार्यरत बाल संरक्षण के हित धारक जिसमें सभी थाने के बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी ,बाल कल्याण समिति ,विशेष किशोर पुलिस इकाई, किशोर न्याय परिषद ,जिला बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारी एवं कर्मी ,विशेष कार्य पदाधिकारी श्री विनय कुमार एवं भी० सी० के माध्यम से जिले के सभी थानों के थानाध्यक्ष, बाल संरक्षण पदाधिकारी सुधीर कुमार ,सीपीओ सुरेश पासवान ,अध्यक्ष बाल कल्याण समिति अनीता देवी आदि उपस्थित रहे । मंच का संचालन श्री शारदा नंद तिवारी जिला बाल संरक्षण इकाई गोपालगंज द्वारा की गई।

# होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन -रंग अबीर के साथ संगीत की धुन पर जमकर झूमे महिलाएं



**कटिहार।** महापर्व होली नजदीक आते ही होली मिलन समारोह का आयोजन लगातार जारी हैं। इसी क्रम में शहर के अनाथालय रोड स्थित मुद्रा योग पीठ के तरफ से भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मिलन समारोह में योग सीखने वाली महिलाओं ने होली मिलन समारोह में एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली की बधाई देते हुए जश्न मनाया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा नेत्री छाया तिवारी, डॉ०रिचा चौधरी,डॉ०शिप्रा सिंह, डॉ०आशा दोलानी,डॉ० रिता गुप्ता,अंजना सेन गुप्ता सहित कई अतिथियों ने भी भाग लिया। इस दौरान महिलाएं संगीत की धुन पर जमकर थिड़कती नजर आई। योगपीठ की संचालिका पायल रॉय ने कहा कि बीते कई वर्षों से लगातार मुद्रा योग पीठ की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा हैं। इसका सबसे मुख्य वजह यह हैं कि महिलाएं घर की जिम्मेदारी तो अच्छे से निभाती है मगर उन्हें खुलकर एक दूसरे के साथ समय बिताने का बहुत कम समय मिलता हैं। इस वजह से एक बार फिर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें महिलाओं ने जमकर लुफ्त उठाया। उन्होंने कहा कि हर किसी के अंदर प्रतिभाओं का भरमार होता हैं। उनके यहां योग सीखने आने वाले घरेलू महिलाओं को खुद के प्रतिभा पर विश्वास करते हुए अपनों के बीच ही एक मंच दिया गया है जहां होली के जश्न में एक दूसरे के द्वारा प्रस्तुत किए गए गीत और नृत्य का सभी ने खूब आनंद उठाया। वही मुख्य अतिथियों ने भी इस होली मिलन समारोह का जमकर लुफ्त उठाते हुए इस आयोजन के लिए मुद्रा योग पीठ की संचालिका पायल को बहुत-बहुत बधाई दिया। मौके पर शीला, दोना, दीपानीता,ज्योति, मीना, मंजू, अनुपमा, सुशीला, दीपमाला, डोली, विभा, प्रगति, कविता, सुप्रभा, वीणा, ममता, अस्मिता, गुड्डी, सुनीता, रोजी, तारा, अर्चना, निशा, मीना, श्वेता, स्वाति, सीमा, अमृता,अपर्णा, पूनम, संध्या, आभा सहित मुद्रा योगपीठ से जुड़े कई महिलाएं मौजूद थे।

# किशनगंज में महिला सशक्तिकरण सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया





राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार,किशनगंज के तत्वाधान में अन्तराष्ट्रीय महिला सप्ताह (दिनांक 04.03.2023 से दिनांक झ 11.03.2023) दिवस के अवसर पर डी०आर० डी० ए०, रचना भवन, किशनगंज में महिला विशेष पर महिला सशक्तिकरण सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया` रचना भवन में रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रगाण के साथ किया गया तत्पश्चात नालसा की थीम सॉग व राष्ट्रीय महिला आयोग की विडियो को भी कार्यक्रम के दौरान दिखाया गया इस जागरूकता कार्यक्रम में श्री रजनीश रंजन, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज ने महिला से संबंधित कई कानूनों पर जानकारी दिए गये। साथ ही कहा कि हर क्षेत्र में महिलाएं कामयाबी और सफलता की परचम लहरा रही हैं, जो सामुदायिक स्तर पर सकारात्मक बदलाव का परिणाम हैं उन्होंने बेटों की तरह बेटियों को भी आगे बढ़ाने के लिए सकारात्मक सहयोग करने की अपील की । इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रतिनियुक्त अधिवक्ता श्रीमती फरजाना बेगम एवं पैनल अधिवक्त श्रीमती अर्चना ने भी महिला से संबंधित कानून पर रचना भवन में उपस्थित महिलाओं के साथ चर्चा किए` इस कार्यक्रम में मौजूद पैनल अधिवक्तागण श्रीमती रचना कुमारी, श्रीमती मोनिका प्रसाद, श्रीमती श्वेता कुमरी, श्रीमती प्रियंका कुमारी वर्मा सहित शिक्षिका श्रीमती कुमारी गुड्डी, अवसर पर मधु श्रधा, प्रिया हलदर तथा अन्य शिक्षिकागण के साथ साथ आँगनबाड़ी सेवाकाओं व आशा कार्यकताओं ने भी अपनी अपनी ओर से महिला सशक्तिकरण के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए उक्त कार्यक्रम का उदघाटन श्री रजनीश रंजन, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज, एवं कार्यक्रम में मौजूद अधिवक्तागण, शिक्षिकागण, आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं आशा कार्यकत्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया` कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज की ओर से ह्लजानें : महिला से संबंधित कानूनह्व की बुकलेट व नालसा की विभिन्न योजनाओं, मध्यस्थता केंद सुलभ एवं सस्ता न्याय, मौलिक कर्तव्य एवं मूल अधिकार, विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्य, निःशुल्क कानूनी सेवाएं प्राप्त करने के पात्र व्यक्ति आदि के संबंध में जागरूकता हेतु पम्पलेट भी वितरित किए गए अंत में कार्यक्रम का समापान धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया` और श्रीमति फरजाना बेगम ने इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक कार्यक्रम बताया।

# इदरीसिया दर्जी बिरादरी को एससी,एसटी का दर्जा दिया जाए:भारती

**रिपोर्ट मोहम्मद शाहनवाज अता**



ताजपुर(समस्तीपुर)इदरीसिया दर्जी फेडरेशन के तत्वावधान में समस्तीपुर जिले के ताजपुर बाजार स्थित दर्जी मोहल्ला के मदरसा परिसर में इदरीसिया दर्जी अधिकार सम्मेलन आयोजित हुआ।यह सम्मेलन वैशाली जिले के हाजीपुर शहर से बीते जनवरी माह से शुरू होकर जिले के महनार,महुआ,रजासन,पटना जिले के मसौढ़ी,दरभंगा जिले के जाले के बाद समस्तीपुर जिले के ताजपुर में बहुत ही शानदार स्वागत के साथ शुरू हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता अकील इकबाल व संचालन मोहम्मद जमशेद आलम उर्फ प्यारे महुआ ने किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष अली इमाम भारती ने संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में इदरीसिया दर्जी बिरादरी आज भी सरकार की उपेक्षा की शिकार है।सरकार के द्वारा बिरादरी को सिर्फ घोषणाओं का आश्वासन देकर ठगने का काम किया।लेकिन किसी सरकार ने आज तक इस बिरादरी को वह नहीं दिया जिसका यह हकदार है।इस समाज का बेटा देश की खातिर कुबार्नी दे दिया था।आज भी इस समाज का कितना बेटा सीमा पर अपनी जान न्योछावर करने के लिए तैनात है।अब यह समाज एकजुट हो रहा है।अपने अधिकार के लिए आज भी संघर्ष कर रही है।इसी संघर्ष की कड़ी में 16 मार्च को पटना के रविन्द्र भवन में राज्य स्तरीय इदरीसिया दर्जी अधिकार सम्मेलन आयोजित किया गया है।जहां बड़ी संख्या में लोग पहुंच कर सरकार को अपनी एकजुटता की ताकत दिखाएंगे।ताजपुर के लोगों से अपील किया कि आप लोग एकजुट होकर पटना पहुंचें और सरकार को यह बता दें कि हम अपने अधिकार के लिए एक हैं।श्री भारती ने कहा कि 2010 में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी पसमांदा समाज के निचले पायदान से आने वाले धुनिया,रंगरेज,दर्जी बिरादरी को मिलाकर (धुरद) को ऑपरेटिव फेडरेशन का गठन किया।लेकिन अफसर शाही के कारण (धुरद) को धूल में मिला दिया गया।वर्ष 2019 में पुनः श्री नीतीश कुमार जी द्वारा धुनिया,रंगरेज,दर्जी आर्टीजन विकास समिती का गठन किया गया।लेकिन मुख्यमंत्री हाउस में बैठे सांप्रदायिक मानसिक ऑफिसरों द्वारा आज तक विकास की मुख्यधारा से धुनिया,रंगरेज,दर्जी समाज को कोंसो दूर रखा गया है जो खेद का विषय है। बिहार में अप्रैल महीने से जातीय जनगणना होने जा रही है।सरकार द्वारा छपे सर्वे फॉर्म में एक साजिश के तहत इदरीसिया दर्जी कि जगह सिर्फ इदरीसी छापा गया है जिसे सुधार करने की जरूरत है।विभिन्न विभागों में वर्दी सिलाई कर बिहार सरकार को अपूर्ती करने का ठेका जीविका दीदी के माध्यम से किया जा रहा है जो गलत है।मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी को चाहिए कि दर्जी आर्टिजन विकास समिती द्वारा कराया जाये ताकि बिहार के सदियों से उपेक्षित लाखों दर्जी समाज को रोजगार मिले जो अपनी परेशानियों पर रोजगार के लिए तार तार आंसू बहा रहे हैं।श्री अली इमाम भारती ने कहा कि इंसान को जन्म से लेकर मरते दम तक देवी से लेकर देवता तक,राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री तक,राजा से लेकर महाराजा तक,एक सफाई कर्मी तक को सजाने संवारने का काम करती है उसे नजरअंदाज करना घोर अन्याय है।हमारे देश की आन,बान,शान तिरंगा सिलकर परचम पर लहराने वाले अपने आपको गौरवान्वित समझते हैं।भारत-पाक जंग के अमर शहीद परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद ने तिरंगा के लिए अपने प्राणों की आहूति दे दी।जबकि एक तरफ मुसलमान गोली चला रहे थे तो दूसरी तरफ मुसलमान गोली खा रहे थे।लेकिन अब्दुल हमीद को अपना वतन भारत माँ प्यारा था मुसलमान नहीं।केंद्रीय सरकार को चाहिए कि वीर अब्दुल हमीद के तुफैल में दर्जी विकास वित्त निगम का गठन,दस्तकार दर्जी आयोग का गठन कर सदियों से उपेक्षित दर्जी समाज को सत्ता में भागीदारी दें ताकि दर्जी समाज अपनी परेशानियों से बाहर निकल कर देश व समाज के लिए काम करें।वहीं वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन के उत्तर बिहार के अध्यक्ष लाल मोहम्मद ने समाज के लोगों से बाबा भीमराव अंबेडकर की तरह सबसे पहले शिक्षित बनने पर जोर दिया।लोगों से कहा कि अपने समाज के लोगों की जरूर मदद करें।भीख मत मांगिए अपने अधिकार के लिए एक हो जाएं यही आपकी ताकत है और आपके इसी ताकत से सब डरेंगे।वहीं पूर्व एडीएम मोहम्मद मुनीर आलम मुजफ्फरपुर ने कहा कि आजादी से लेकर अब तक पसमांदा समाज को सभी सरकार ने सब्ज बाग दिखाया।वोट लिया,इस्तेमाल किया और समाज को कुछ भी नहीं दिया।सत्ता में भागीदारी के लिए आज भी यह समाज सबसे पीछे है।इन्होंने कहा कि अपने अधिकार के लिए यह समाज अब जग गया है।इसीलिए अपने अधिकार के लिए सब लोग एकजुट होकर पटना में आयोजित इदरीसिया दर्जी अधिकार सम्मेलन को सफल बनाएं।वहीं इदरीसिया दर्जी फेडरेशन के प्रदेश महासचिव राजू वारसी ने कहा कि किसी सरकार ने आज तक इदरीसी दर्जी समाज को सत्ता में हिस्सेदारी नहीं दिया।यह समाज पचास लाख की आबादी के बावजूद आज तक एक सांसद तो दूर एम एल ए,एम एल सी नहीं है।अब वक्त आ गया है सरकार को अपनी ताकत बताने का।

सभी लोग एकजुट होकर पटना पहुंच कर सरकार को यह ताकत दिखाएं।वहीं अकील इकबाल ने कहा कि हम सभी युवा अली इमाम भारती के आवाज पर पटना में आयोजित सम्मेलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।आने वाले समय में इदरीसिया दर्जी समाज का बेटा भी विधायक,सांसद,मंत्री बनेगा।अब इस समाज का हर युवा जागरूक हो रहा है।इन्होंने भी 16 मार्च को पटना में लोगों से पहुंचने की अपील की।

कार्यक्रम में अकील इकबाल की ओर से सभी अतिथियों को माला पहनाकर जोरदार स्वागत एवं चादर ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।जबकि कार्यक्रम को मोहम्मद जमशेद आलम उर्फ प्यारे महुआ,मोहम्मद सुल्तान इदरीसी कन्हौली महुआ,मोहम्मद आसिफ अता हाजीपुर,मोहम्मद शकील कन्हौली महुआ आदि ने संबोधित किया।

इस अवसर पर मोहम्मद इकबाल अहमद, वाहिद अली, दिलदार हुसैन, डॉक्टर एखलास,मोहम्मद नसीम गद्दोपुर, मास्टर मोहम्मद युनूस गद्दोपुर, प्रोफेसर वजीर हसन गद्दोपुर, मोहम्मद सदरूल,मुन्ना बाबू रहम गंज दरभंगा, मोहम्मद एखलाक अहमद, मोहम्मद मोबीन, मोहम्मद शहीद भेरोखरा, मोहम्मद शोएब धरम पुर समस्तीपुर, मोहम्मद महबूब साहिल समस्तीपुर, मोहम्मद आफताब आलम उर्फ मुन्ना ताजपुर, मोहम्मद बशीर ताजपुर, मोहम्मद महमूद आलम इदरीसी दरभंगा आदि समेत दर्जनों लोग उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।कार्यक्रम की समाप्ति अकील इकबाल के धन्यवाद ज्ञापन पर किया गया।

# पदाधिकारी ने शिक्षक संघ के लोगों से किया दुर्व्यवहार,विधायक,विधान पार्षद से संघ ने की शिकायत



हाजीपुर(वैशाली)परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ,जिला इकाई वैशाली का प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षा पदाधिकारी,वैशाली एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,स्थापना वैशाली से नियोजित शिक्षकों के समस्याओं के निराकरण हेतु वार्ता करने जाने पर दोनों पदाधिकारियों द्वारा अभद्र व्यवहार करते हुए मिलने से इन्कार कर दिया गया।इस पर प्रतिनिधिमंडल में शामिल जिला अध्यक्ष दिनेश पासवान,जिला वरीय सचिव नवनीत कुमार,जिला कोषाध्यक्ष इंद्रदेव महतो,अरविंद कुमार केजरीवाल,राजू रंजन चौधरी,प्रखंड अध्यक्ष हाजीपुर,जिला संरक्षक माधव सिंह पैक्स अध्यक्ष विकास रौशन, लालगंज,अमरेंद्र कुमार,पप्पू कुमार ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की इसके उपरांत 1 घंटे बाद दोनों पदाधिकारियों से मिले।जिला अध्यक्ष दिनेश पासवान एवं जिला कोषाध्यक्ष इंद्रदेव महतो,वरीय सचिव नवनीत कुमार ने शिक्षकों की समस्या बताते हुए कहा कि किस तरह से रिश्वतखोरी के लिए पूरा तंत्र विकसित किया गया है। 15% वेतन वृद्धि का अंतर भुगतान 1 अप्रैल 2021 से 31 दिसंबर 2021 तक का राशि राज्य सरकार द्वारा 20 दिन पहले जिला को उपलब्ध कराने के वावजूद होली जैसे महापर्व में भी भुगतान नहीं करना और सभी प्रखंडों में सेवा पुस्तिका संधारण के नाम पर उगाही करना,राज्य द्वारा दिए गए निदेर्शों का अवहेलना करते हुए डिजिटल फिक्सेशन स्लीप की जगह मैनुअल निर्धारण के लिए डीपीओ स्थापना द्वारा दो पत्र निर्गत कर भुगतान बाधित करना और शिक्षकों पर गलत तरीके से व्यवहार करना इनकी मनसा पर प्रश्न चिन्ह खड़ा होता है।इसको लेकर शिक्षकों में भारी उबाल है। शिक्षकों का कभी भी गुस्सा फूट सकता है एवं आंदोलन का रास्ता अपना सकते हैं।शिक्षकों का शिष्टमंडल इसके बाद अपनी समस्याओं को लेकर विधान पार्षद सदस्य, वैशाली, श्री भूषण कुमार राय एवं हाजीपुर विधायक श्री अवधेश सिंह के समक्ष रखा।इस पर विधान पार्षद महोदय ने गंभीरता से लेते हुए शिक्षकों को आश्वस्त किया कि भ्रष्टाचार को कभी भी पनपने नहीं देंगे।हम इसको सदन में प्रमुखता से रखेंगे।साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षकों को सम्मान मिलना चाहिए, वह राष्ट्र निमार्ता है।उनके साथ गलत व्यवहार को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। हाजीपुर विधायक श्री अवधेश सिंह ने कहा की होली जैसे महापर्व में भी शिक्षकों के वेतन को अवरुद्ध करना अनुचित है बिहार सरकार अपने पदाधिकारियों को मनमानी करने की छूट दे रखी है जो बिल्कुल न्यायसंगत नहीं है।उन्होंने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी,वैशाली से टेलिफोनिक बात करके अभिलंब एरियर भुगतान के लिए कहा और शिक्षक प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि अगर दो से तीन दिनों के अंदर भुगतान नहीं होता है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## किशनगंज संघ ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन



रंगों का त्योहार होली के उपलक्ष पर जिला शतरंज संघ ने रविवार को स्थानीय इंडोर स्टेडियम में नन्हे शतरंज खिलाड़ियों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें कई दर्जन बालक-बालिका खिलाड़ीगण सम्मिलित हुए। संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव कमल कर्मकार ने सूचित किया कि इस पावन मौके पर खिलाड़ियों ने उनके गुरु तथा मार्गदर्शक श्री दत्ता, श्री कर्मकार, सुधांशु सरकार ,रोहन कुमार सहित मौके पर उपस्थित सभी बड़ों के चरणों में गुलाल अर्पित कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुजनों ने उन्हें बताया कि रंग तो एक प्रतीक मात्र है। इसका असली मतलब होता है कि प्रत्येक मनुष्य का जीवन रंग, यानी खुशियों, आनंद, सफलता आदि से भर जाए। खिलाड़ियों ने भी आपस में रंग खेलकर पर्याप्त आनंद उठाया एवं आपसी सौहार्द बढ़ाया। इन खिलाड़ियों में अथर्व राज, मोहम्मद अमानुल्लाह, युवराज साह, ऋत्विक मजूमदार, श्रीजॉय पाल, मानव तामांग, सार्थक आनंद, आरव कुमार, रीतेश कुमार, पलचीन जैन, हिमांश जैन, आरुषि कश्यप झा, धान्वी कर्मकार ,आयुष कुमार, विशाल कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

## जिला पदाधिकारी डॉ० नवल किशोर चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात द्वारा परीक्षा केन्द्रों का किया गया निरीक्षण

**दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो शैलेश कुमार तिवारी की रिपोर्ट**



गोपालगंज बिहार जिला पदाधिकारी डॉ० नवल किशोर चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात द्वारा जिले में आयोजित तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया जिलाधिकारी द्वारा एम एम मेमोरियल उर्दू उच्च माध्यमिक विद्यालय,गोपालगंज,मुखीराम उच्च माध्यमिक विद्यालय,थावे,कमला राय महाविद्यलय ,गोपालगंज आदि परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के क्रम में केन्द्रों मे लगे जैमर,परीक्षा केन्द्रों पर परिक्षार्थियों ,वीक्षकों आदि का निरीक्षण किया गया ,संबंधित प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट से शान्तिपूर्ण ,नियमानुकूल संचालन की जानकारी ली गयी। ज्ञात हो कि उक्त परीक्षा का जिले में कुल आठ केंद्रों डीएवी उच्च माध्यमिक विद्यालय गोपालगंज ,एस एस बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गोपालगंज ,भी०एम० इंटर कॉलेज गोपालगंज ,महेंद्र महिला कॉलेज गोपालगंज ,कमला राय कॉलेज गोपालगंज ,ज्ञानदा इंटरनेशनल स्कूल छावहीं खास गोपालगंज ,एम एम मेमोरियल उर्दू उच्च माध्यमिक विद्यालय गोपालगंज ,मुखीराम उच्च माध्यमिक विद्यालय थावे ,गोपालगंज पर आयोजित हो रही है। जिसमें कुल 6426 परीक्षार्थियों को सम्मिलित होना था।

# जिला बाल संरक्षण ईकाई द्वारा बाल संरक्षण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

**दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो शैलेश कुमार तिवारी की रिपोर्ट**



गोपालगंज बिहार जिला बाल संरक्षण,ईकाई गोपालगंज द्वार बाल संरक्षण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला आज दिनांक 05मार्च को जे ० जे ० एक्ट/पॉक्सो एक्ट एवं अन्य बाल संरक्षण अधिनियमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन अम्बेडकर भवन गोपालगंज में किया गया। इस अवसर परसहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई प्रशांत कुमार द्वारा जिला पदाधिकारी को पुष्प पौधा देकर अभिवादन किया गया । वही पुलिस अधीक्षक गोपालगंज को डीएसपी हेड क्वार्टर श्रीमती ज्योति कुमारी एवं प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड ,गोपालगंज राकेश मणि त्रिपाठी को श्रीमती रूपा कुमारी एवं डीएसपी हेड क्वार्टर श्रीमती ज्योति कुमारी ,जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रंजीत कुमार और वरिष्ठ पत्रकार टाइम्स ऑफ इंडिया वरुण मिश्रा को सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई प्रशांत कुमार द्वारा पुष्प पौधा देकर अभिवादन किया गया। आयोजित कार्यशाला का जिला पदाधिकारी,गोपालगंज डॉ० नवल किशेर चौधरी,पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ,प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड,गोपालगंज राकेश मणि तिवारी,पुलिस उपाधीक्षक हेड क्वार्टर श्रीमती ज्योति कुमारी,वरिष्ठ पत्रकार टाईम्स ऑफ इण्डिया बरुण मिश्रा,सहायक निदेशक बाल संरक्षण ईकाई प्रशान्त कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंम्भ किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि उपेक्षा ,शोषण और दुर्व्यवहार से बच्चों को बचाने की आवश्यकता है ।आज देखने में आ रहा है कि समाज में कम उम्र के बच्चे अपराध में संलिप्त पाए जा रहे हैं ,उस पर किस प्रकार से अंकुश लगाएं हमें इस पर विचार करना होगा और यह तभी संभव होगा जब हम किसी केस में कम से कम समय में आरोपी को दंडित करें। जिससे समाज में यह मैसेज आएगा और लोगों का विश्वास भी हमारी कानून व्यवस्था पर बढ़ेगा इसके लिए उपस्थित प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय परिषद को कुछ सुझाव भी दिये गये ।वही पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बाल संरक्षण में विधि विरूद्ध बालक का उपस्थापन सही समय पर यदि नहीं होता तो यह एक्ट का उलंघन है ।शत प्रतिशत निस्तारण कर हमे प्रथम स्थान प्राप्त करने के लक्ष्य लेकर चलना होगा। प्रधान सदस्य किशोर न्यायालय परिषद ने अपने संबोधन में किशोर न्याय परिषद में उपस्थापन, एस बी आर व बाल कल्याण एवं पुलिस पदाधिकारियों के दायित्व से उन्हें अवगत कराया कार्यशाला में जिले के कार्यरत बाल संरक्षण के हित धारक जिसमें सभी थाने के बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी ,बाल कल्याण समिति ,विशेष किशोर पुलिस इकाई, किशोर न्याय परिषद ,जिला बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारी एवं कर्मी ,विशेष कार्य पदाधिकारी विनय कुमार एवं भी० सी० के माध्यम से जिले के सभी थानों के थानाध्यक्ष, बाल संरक्षण पदाधिकारी सुधीर कुमार ,सीपीओ सुरेश पासवान ,अध्यक्ष बाल कल्याण समिति अनीता देवी आदि उपस्थित रहे मंच का संचालन शारदा नंद तिवारी जिला बाल संरक्षण इकाई गोपालगंज द्वारा की गई।

# देवीपुर थाना परिसर में होली एवं शबे बरात को लेकर शांति समिति की बैठक की गई

**दैनिक सुभ भास्कर संवाददाता अरविन्द यादव देवीपुर**





देवीपुर - थाना परिसर में रविवार को होली व शबेबारात के अवसर पर सीओ सुनील कुमार की अध्यक्षता में व पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार, थाना प्रभारी धनंजय कुमार सिंह एवं पंचायत जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकताओं की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए सीओ सुनील कुमार ने कहा कि डीजे पर अश्लील गानों,तेज वोल्यूम में डीजे बजाने,शराब की बिक्री पर होली और सबे बारात के दिन 8 मार्च को प्रतिबंधित रहेगा।8 मार्च को होली के दिन अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस है।महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।पुलिस इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर कड़ी कार्रवाई होगी।देवीपुर की जागरूक जनता का पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय जिले भर में एक मिशाल है।थाना प्रभारी धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि डीजे पर तेज आवाज में अश्लील गीत बजाने पर डीजे जब्त कर लिया जायेगा। अवैध शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।20 सूत्री उपाध्यक्ष तेजनारायण वर्मा ने कहा होली और सबे बारात एक ही दिन है।प्रशासन को दो समुदाय वाले जगहों पर विशेष सतर्कता की जरूरत है।कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नरेश यादव ने कहा कि डीजे के तेज आवाज के कारण लोगों की मौतें हृदय गति रूक जाने के कारण हो रही है।डीजे पर पूर्ण पाबंदी लगाने की मांग की कार्यक्रम का संचालन दोआब क्षेत्र अध्यक्ष राजेंद्र झा उन्मुक्त ने की।मौके पर एसआई गौतम वर्मा, एएसआई अकील अहमद, सुधीर कुमार शर्मा, ब्रहमदेव प्रसाद, उषा कुमारी, तिलेश्वर यादव, प्रमुख प्रतिनिधि नीलम यादव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष तेजनारायण वर्मा, बीस सूत्री सदस्य संजय मिश्रा, चिकित्सा पदाधिकारी डाङ्क राजमंगल सिंह, एम्स के चिकित्सक डाक्टर प्रहर्ष अनुराग, डाक्टर चंदन, मुखिया नौशाद शेख, जयप्रकाश मंडल, रामफल तुरी, पूर्व मुखिया बबलू पासवान, संजय यादव, समाज सेवी लालजी प्रसाद यादव, राजेश चन्द्र बरनवाल, सत्यवान कुमार, चन्द्रमोहन कुमार, नरेश यादव, नीलम यादव, हैदर अली,अनुप कुमार सिन्हा,मंटू बरनवाल, शिवशंकर यादव, एहतराम अंसारी, विजय यादव, सीताराम यादव, राजेश राय, महावीर मंडल, किशोर झा, अजय दास, रंजीत मंडल, राजेश मंडल, आजाद शेख, डाङ्क चन्दन कुमार, नरेश यादव, रुद्र नारायण शाही, लक्ष्मी यादव, सतीश बरनवाल, टेंटू मंडल, अनूप सिन्हा, सलीम अंसारी,रंजीत मंडल, प्रमोद सिंह, विकास पांडेय, समेत दर्जनों लोग ,होम गार्ड व थाना के जवान मौजूद थे।

## बहादुरगंज को अनुमंडल बनाने को लेकर जनप्रतिनिधि संग ग्रामीणो ने की अहम बैठक



**किशनगंज प्रतिनिधि**

किशनगंज बहादुरगंज वर्षो से लंबित बहादुरगंज को अनुमंडल बनाने की कवायद अब तेज हो गई है, रसल हाई स्कूल के खेल मैदान परिसर में पूर्व प्राचार्य प्रो मस्सवीर आलम की अगुवाई में आज क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी ने "बहादुरगंज अनुमंडल संघर्ष समिति" के बैनर तले चरणबद्ध आंदोलन करने की सहमति जताई गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रो मस्सवीर आलम, समाजसेवी डॉ पीपी सिन्हा, नप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि वसीकुर्रहमान, उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुलाजिम हुसैन, पार्षद बन्टी सिन्हा, प्रिंस आजम, किशलय सिन्हा, कामरान मुव्वजम, आई अहमद बबलू, अलमास बदर, आजाद आलम, मो नईम, राजू हरिजन, इसराईल, मो पप्पू सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## पूर्व मुखिया जाकिर हुसैन के पोता के शादी समारोह में हुए शामिल राजद के प्रदेश महासचिव पूर्व प्रमुख मुस्ताक आलम किसी मौके पर ठाकुरगंज के विभिन्न समस्याओं से किशनगंज सांसद व विधायक और जदयू पूर्व मंत्री को कराया अवगत

**दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार**

दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत दल्लेंगांव पंचायत के तहत भवानीगंज भोगडावर पंचायत पूर्व मुखिया जाकीर हुसैन के पोता व कांग्रेस युवा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद मेराज आलम अशरफी के साहबजादे की शादी समारोह में किशनगंज सांसद समेत कई विधायक संग दर्जनों पॉलिटिकल एंड नॉन पॉलिटिकल लोग हुए शामिल।

वहीं इस मौके पर राजद के प्रदेश महासचिव पूर्व प्रमुख मुस्ताक आलम ने बताया कि साझा होकर देखा गया की मेची नदी के ऊपर बसे हुए दल्लेगांव पंचायत के भवानीगंज तेलीभीट्टा बेगनबाड़ी सहित इत्यादि गांव गुजर बसर कर अपनी जिंदगी को बरसात के दिनों में काफी कठिनाइयों का सामना अपना जीवन यापन करते चले आ रहे हैं उपरोक्त गांव में जाने के बाद ऐसा लगता है कि ठाकुरगंज प्रखंड में पंचायत का वजूद इंडिया वर्सेस नेपाल लगता है यह हालात है दल्लेगांव पंचायत का वहीं कुछ लोगों ने बताया कि यही नहीं बल्कि गांव की बेटियों का रिश्ता भी जल्दी नहीं होता है इसलिए की रास्ता घाट नहीं रहने के कारण और साथ ही साथ अगर अचानक किसी का तबीयत या बरसात का मौसम में किसी का मौत हो जाने से यहां के इलाके के लोगों के लिए कयामत आ जाते हैं वही राजद के प्रदेश महासचिव पूर्व प्रमुख मुस्ताक आलम ने बताया कि और दूसरी यह मेची नदी पर टूटा बासौ चरचरी पुल स्थानीय लोगों के द्वारा बांस का चचरी पुल बनाकर काफी मेहनत व मशक्कत से मोटरसाइकिल वाहन साइकिल 2 पहिया यहां तक कि आम लोगों को आजादी के बाद से आज तक ऐसे ही जीवन व्यापार कर गुजर बसर कर रहे हैं फिर भी हमारे



ठाकुरगंज विधानसभा के मंत्री विधायक बने लेकिन अब तक इस मेची नदी में इस वर्ष 2023 में गांव से लगभग 2,3 किलोमीटर की दूरी पर दो तीन पीलर का ब्रिज बनने से संबंध तीन पिलर का ढलाई हुआ है वही स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह पिलर सिर्फ दिखावा है इसलिए कि 2024 के लोकसभा चुनाव 2025 के विधानसभा चुनाव और 2026 के मुखिया इलेक्शन को यह तीन पिलर पर पार लगाना यहां के स्थानीय लोगों को बेवकूफ बना कर आ रहे हैं और आंखों में धूल झोंक कर यह तीनों इलेक्शन मैं वोट कलेक्ट करके फिर हरी झंडी दिखाकर लोगों को भुलाना है राजद के प्रदेश महासचिव पूर्व प्रमुख मुस्ताक आलम ने बताया कि शादी के मौके पर मेची नदी पर पुल पर माननीय पूर्व मंत्री नौशाद आलम से हुई मुलाकात के दौरान चरचरी पुल का जिक्र करते हुए सामने उन्हें दिखाते हुए इस मसले को हल करने के लिए की पहल वही पूर्व मंत्री नौशाद आलम ने बताया कि बहुत ही जल्द लोगों की समस्या दूर हो जाएगी और राजद के प्रदेश महासचिव पूर्व प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा कि मैं आशा करता हूं कि पूर्व मंत्री भाई नौशाद आलम का उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया था और आज मंत्री नौशाद आलम की मेहनत ने काफी रंग लाई है इसी मौके पर राजद के प्रदेश महासचिव पूर्व प्रमुख मुस्ताक आलम ने किशनगंज संसाद डॉक्टर मोहम्मद जावेद आजाद और पूर्व मंत्री नौशाद आलम को नदी कटाव सहित प्रखंड के विभिन्न समस्याओं से कराया अवगत राजद प्रदेश महासचिव पूर्व प्रमुख मुस्ताक आलम ने बताया कि देश आजाद होने का 75 साल गुजर गया लेकिन ठाकुरगंज की समस्या से लोगों को अभी तक नहीं मिली राहत अब देखना होगा कि देश आजाद है और ठाकुरगंज की जनता को कब तक आजाद होने का उम्मीद है राजद के प्रदेश महासचिव पूर्व प्रमुख मुस्ताक आलम ने बताया सीमांचल के जनताओ को कब तक सीमांचल के नेता अश्वासन दिखाकर अपनी कुर्सी चमकाते रहेंगे उन्होंने बताया कि मरहूम पूर्व मंत्री स्वर्ग तस्लीमुद्दीन साहब इस दुनिया से जाते ही सीमांचल के लोग बेसहारा हो गया है और ना ही अभी तक मरहूम पूर्व मंत्री स्वर्गीय तस्लीमुद्दीन सांप जैसा कोई रहनुमा नहीं मिला है

## शिविर में लोगों की हुई नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच



**दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज प्रतिनिधि–** किशनगंज कोचाधामन प्रखण्ड के मौधो में द मैसेज वेलफेयर फाउंडेशन संस्था के सहयोग से जांच शिविर लगाया! जिसमें डॉक्टर श्रीकांत गुप्ता ने रोगियों का स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ लोगों को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी भी दिया! ग्रामीणों में काफी खुशी देखने को मिली। ग्रामीणों ने उक्त कार्यक्रम आयोजन का आभार जताया। कहा कि यह संस्था और डॉक्टर का बेहतर पहल है। इस तरह के कार्यक्रम से गरीब व वंचितों को थोड़ी सहुलियत मिलती है !इस मौके पर डॉ .श्रीकांत गुप्ता ने कहा की समय इलाज नहीं होने से बीमारी नासूर बन जाती है नलोगों को समय समय पर स्वास्थ्य का जांच किया जाना चाहिए। जांच के दौरान लोगों को कई उचित सलाह भी दिया। लोगों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कहा कि लोगों को अपनी स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए। क्योंकि समय पर छोटी बीमारियों का भी इलाज नहीं होने पर बीमारी गंभीर हो जाती है। पैसे के अभाव में लोग समय पर छोटी बीमारियों का इलाज नहीं करा पाते हैं। जिसके कारण आगे चलकर काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं आर्थिक रूप से काफी नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए लोगों को पहले ही इलाज करा लेना चाहिए। इसके साथ-साथ डॉ. गुप्ता ने कहा कि इन कारणों को देखते हुए ही स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।इस मौके पर संस्था के कोडिनेटर अकमल यजदानी ने कहा कहा संस्था पिछले कई वर्षों से स्वस्थ्य के छेत्र में जिले के अलग अलग प्रखंड में काम कर रहा है !शिविर के माध्यम से अब ग्रामीण छेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता पर कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिससे यहाँ के लोगों के लिये वर्दान साबित हो रहा है !

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया



**जयनगर /मधुबनी दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**

जयनगर युवा कांग्रेस के द्वारा रेलवे स्टेशन चौक पर बढ़ते गैस सिलेंडर के दाम के विरोध में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन विधानसभा अध्यक्ष नेहाल शेख नगर अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ के अध्यक्षता में किया इस मौके पर युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अनुरंजन सिंह ने कहा की कांग्रेस की जब सरकार थी तब गैस सिलेंडर ₹450 रुपए में मिलती थी लेकिन आज वही सिलेंडर 1250 रुपए में मिलती है मोदी जी अपने पूंजीपति दोस्तों को मदद करने के चक्कर में आमजन गरीब पर महंगाई का बोझ डाल दी है अच्छे दिन के वादा करने वाले आज लोगों को गैस सिलेंडर लेने के सोचना पड़ रहा है महंगाई चरम पर है मध्यम वर्गीय परिवार इस महंगाई का मार झेल रहे हैं नहीं चाहिए अच्छे दिन मोदी जी आम जनता को बकस दीजिए पुराने ही दिन लौटा दीजिए पुरानी सिलेंडर के दाम पर ला दीजिए इस मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र शाह अफताब गुड्डू विनोद परवेज अवधेश सिंह धनुष लाल महतो विक्रम रंजीत अन्य युवा कांग्रेस के साथी उपस्थित थे

## होली एवं सब ए बारात को लेकर गलगलिया थाना परिसर मैं शांति समिति की बैठक हुई आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर प्रतिनिधि गलगलिया**

होली पर्व एवं सब ए बारात को लेकर रविवार को गलगलिया थाना परिसर में थानाध्यक्ष खुशबू कुमारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थानाध्यक्ष खुशबू कुमारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक में उपस्थित सीमावर्ती क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों ने आगामी होली पर्व एवं सब ए बारात को ले अपने अपने विचारों को रख शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की बात कहीं। होली पर्व एवं सब ए बारात सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने को लेकर बैठक में चर्चा की गई। थानाध्यक्ष ने सभी आम लोगों को पर्व से संबंधित गाइडलाइन की जानकारी विस्तार से दिया। इस दौरान थानाध्यक्ष ने बताया कि आगामी होली पर्व में डीजे बजाने पर पूर्णत रोक है अगर कहीं भी डीजे बजाते पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी अतः आप सभी आगामी त्यौहारों को आपसी सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मनाए अगर कोई भी व्यक्ति नशे की हालत में पाया जाएगा तो उसपर विधिसम्मत कारवाई की जायेगी। इस मौके पर गणेश प्रसाद राय, अनुपम ठाकुर, अजय सिंह, भगत पहान, रामबाबू गुप्ता, मनोज गिरी, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि बुद्धिजीवी लोग उपस्थित थे।

## जैव चिकित्सा अपशिष्ट के उचित प्रबंधन को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**पूर्णिया।** जैव चिकित्सा अपशिष्ट के उचित प्रबंधन को लेकर जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल परिसर स्थित पारा मेडिकल शैक्षणिक भवन के सभागार में किया गया। इसमें जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक, बीएचएम, स्टाफ नर्स, एएनएम, प्रसव कक्ष की प्रभारी को यूनिसेफ के क्षेत्रीय सलाहकार शिव शेखर आनंद के द्वारा प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम सोरेंद्र कुमार दास, जिला सलाहकार, गुणवत्ता यकीन पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार शर्मा, शहरी स्वास्थ्य केंद्र के सलाहकार दिलनवाज, केयर इंडिया के सनत गुहा, यूनिसेफ के नंदन कुमार झा, सी फार के धर्मेंद्र कुमार रस्तोगी, डीएचएस के शेख मोजिम सहित कई अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। संक्रमण को रोकने के लिए अस्पताल में नियमित रूप से सफाई अनिवार्यः सिविल सर्जन सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने कहा कि जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के तहत कार्य करने को लेकर विभागीय स्तर पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। जिसके आलोक में सभी एमओआईसी, एचएम, बीएचएम, स्टाफ नर्स, एएनएम, एलटी एवं फार्मासिस्ट के द्वारा अस्पताल परिसर से सभी तरह की गंदगियों को दूर करने के लिए समय-समय पर सफाई कराई जाती है। ताकि किसी भी प्रकार के संक्रमण फैलने से रोका जा सके। क्योंकि जब तक अस्पताल परिसर को गंदगी मुक्त नहीं रखेंगे तब तक वहां रहने वाले मरीज, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सहित कर्मी खुद भी इसके शिकार हो सकते हैं। रोगी एवं पर्यावरण के लिए जैव चिकित्सा अपशिष्ट का उचित प्रबंधन स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए काफी महत्वपूर्णः डीसीक्यूए जिला सलाहकार, गुणवत्ता यकीन पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि बिहार सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग ने जैव चिकित्सा अपशिष्ट के पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण को प्रोत्साहित करने के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया है। वहीं जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली की स्थापना के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। रोगी एवं पर्यावरण के लिए जैव चिकित्सा अपशिष्ट का उचित प्रबंधन स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

स्वास्थ्य और पर्यावरण से संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में उचित प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे, उपकरणों और प्रशिक्षित कर्मचारियों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है। क्योंकि बायोमेडिकल वेस्ट का स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बेहतर तरीके से प्रबंधन करना चाहिए। प्रसव कक्ष, बेड एवं हाथों की सफाई के अलावा ओटी या अन्य कार्यो के बाद अपशिष्ट को निस्तारण को लेकर जागरूक रहने की आवश्यकता होती है। स्वास्थ्य कर्मियों को अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करने से संबंधित दी गई जानकारियांः यूनिसेफ के क्षेत्रीय सलाहकार शिव शेखर आनंद ने कहा कि बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को बिहार में जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन को विनियमित करने की जिम्मेदारी है। क्योंकि बायोमेडिकल कचरे के उचित पृथक्करण, भंडारण, परिवहन और निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। बायोमेडिकल वेस्ट में मानव शारीरिक अपशिष्ट, नैदानिक अपशिष्ट, शार्प अपशिष्ट, रासायनिक अपशिष्ट और स्वास्थ्य सुविधाओं द्वारा उत्पन्न रेडियोधर्मी अपशिष्ट शामिल हैं। इस ट्रेनिंग में प्रसव कक्ष के अंदर एवं बाहरी परिसर की सफाई, संक्रमण एवं बचाव करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों के कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन से संबंधित जानकारियां दी गई है। इसमें अस्पताल के अंदर के अलावा परिसर की सफाई पर नियमित तौर पर ध्यान देने की जरूरत बताई गयी। अस्पताल में साफ-सफाई होने से परामर्श या उपचार के लिए आने वाले मरीजों का स्वच्छ माहौल बनता है।

## पूर्व उप मुख्यमंत्री के पिता के श्राद्धकर्म में पहुंचे मुख्यमंत्री



**कटिहार।** बिहार विधानसभा में लोक लेखा समिति के सभापति, पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सदर विधायक तार किशोर प्रसाद के पिता स्वर्गीय गंगा प्रसाद के श्राद्धकर्म में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कटिहार पहुंचे' उन्होंने स्वर्गीय प्रसाद के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी व आत्मा की चिर शांति हेतू ईश्वर से प्रार्थना किया' तत्पश्चात मुख्यमंत्री ने पूर्व उपमुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद के परिजनों के साथ साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रमुख कार्यकताओं से भी मुलाकात की' उन्होंने कटिहार के अपने पूर्व के दौरे पर पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद के आवास पर आगमन तथा गंगा बाबू से हुई मुलाकात और उनके परस्पर बातचीत को स्मरण कर परिजनों के साथ साझा किया' मुख्यमंत्री श्री प्रसाद के साथ वित्त, वाणिज्य कर मंत्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री संजय झा, अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, पूर्णिया सांसद संतोष कुशवाहा कटिहार सांसद दुलाल चंद्र गोस्वामी विधान पार्षद देवेश चंद्र ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री निखिल कुमार चौधरी, पूर्व मंत्री राणा रणधीर सिंह, विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल, विधायक कविता पासवान एवं विजय सिंह ,पूर्व विधायक नीरज यादव, पूर्व राज्यसभा सांसद नरेश यादव, विधान पार्षद निवेदिता सिंह, कटिहार भाजपा जिला अध्यक्ष लक्खी प्रसाद महतो, जदयू जिलाध्यक्ष शमीम इकबाल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रेम राय ,राजद जिला अध्यक्ष मोहम्मद गनी, भाजपा नेता वीरेंद्र यादव, बबन कुमार झा, राजकुमार गुप्ता, शिव प्रकाश गाड़ोदिया, सुनील कुमार सुमन सहित बड़ी संख्या में सभी राजनीतिक दलों के एवं सामाजिक कार्यकर्ताओ ने भी इस अवसर पर स्वर्गीय गंगा प्रसाद के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया'

## निक्षय मित्र योजना के तहत टीबी के 4 मरीजों को बुजुर्ग महिला ने ली गोद



**पूर्णिया।** जिले में यक्ष्मा उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा विभिन्न स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। यक्ष्मा उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरे देश में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की गई है। शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निक्षय मित्र कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। निक्षय मित्र योजना के तहत समाज के सक्षम व्यक्ति और जनप्रतिनिधि टीबी के मरीजों को गोद लेकर उनके इलाज तथा पोषण में सहयोग कर सकते हैं। इसी कड़ी में एआरटी के चिकित्सक डॉ सौरभ की माता जी ने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर चार मरीजों को गोद ली है। इस अवसर पर एआरटी के चिकित्सा प्रभारी डॉ सौरभ कुमार, जिला यक्ष्मा केन्द्र के डीपीएस राजेश कुमार शर्मा, लिपिक तपन कुमार मिश्रा, एसटीएलएस प्रिया कुमारी, परामर्शी श्वेता कुमारी, राजनाथ झा, जयदेव कुमार, सुनील कुमार शास्त्री, टीबी चैंपियन साक्षी गुप्ता सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित थे। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ मिहिरकान्त झा ने बताया कि राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 2025 तक जिले से टीबी को पूरी तरह से उन्मूलन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके लिए सरकार और विभाग अपने स्तर से पूरी तरह प्रयासरत है। लेकिन अब जरूरत है। लोगों के जागरूक होने की। ताकि टीबी के खिलाफ लड़ाई जीती जा सके। जिले के सभी सरकारों अस्पतालों में इसके इलाज को लेकर सभी तरह के जांच की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। इसके बावजूद देखा जा रहा है कि कुछ लोग इलाज कराने के लिए बड़े-बड़े निजी अस्पताल या फिर शहरों की ओर जाते हैं। फिर वहां से निराश होकर जिले के सरकारी अस्पतालों का चक्कर काटना पड़ता है। लेकिन ऐसा करने की कोई आवश्यकता नहीं है। टीबी बीमारी के बारे में जानकारी मिलते ही सबसे पहले नजदीकी सरकारी अस्पताल ही जाएं। क्योंकि जिले में अब टीबी के इलाज के साथ मुकम्मल निगरानी और अनुश्रवण की व्यवस्था उपलब्ध है। एआरटी केंद्र के प्रभारी डॉ सौरभ कुमार ने बताया कि मेरी माता मंजू सिंह द्वारा टीबी के चार रोगियों को गोद लेने पर निक्षय मित्र बनाया गया है। वह रानीपतरा के बिंदा राय, खुश्की बाग की सुगनी खातून, हरदा बहादुरपुर की मीरा कुमारी एवं गिरजा चौक की सीमा कुमारी को लगातार छः महीने तक पौष्टिक आहार के लिए अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन पूरा करने को लेकर आगे बढ़ी हैं। इसी तरह जिलेवासियों से भी अपील की जाती है कि आप सभी टीबी मरीजों को गोद लेकर जिला ही नही बल्कि राज्य एवं देश से टीबी मुक्त अभियान में शामिल होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। यक्ष्मा केंद्र के डीपीएस राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि निक्षय मित्र बनने के लिए अपने जिला यक्ष्मा केंद्र से संपर्क स्थापित किया जा सकता है। निक्षय मित्र बनने के लिए communitysupport.nikshay.in पर लॉगिन करने के बाद प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान पर क्लिक करना होगा। उसके बाद निक्षय मित्र रजिस्ट्रेशन फॉर्म पर क्लिक कर अपनी पूरी जानकारी देना होता है। इसके बाद ही इस अभियान से जुड़ा जा सकता है। इसके अलावा इस निक्षय हेल्प लाइन नंबर-1800116666 पर कॉल कर के विस्तृत जानकारी ली जा सकती है। वहीं निक्षय मित्र बनने के लिए टीबी से ग्रसित मरीजों की सहमति लेकर पौष्टिक आहार के लिए उन्हें सहायता उपलब्ध करानी होगी।

## तमिलनाडु में बिहारी पर हो रहे अत्याचार को लेकर जाप ने डीएम को स्मार पत्र



**कटिहार।** तमिलनाडु में उत्तर भारतीय खासकर बिहार के मजदूरों पर हो रहे अत्याचार हत्या मारपीट के रोकथाम करने तथा सभी को उचित सुरक्षा देने की मांग को लेकर जन अधिकार पार्टी (लोक) द्वारा जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने डीएम उदयन मिश्रा के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को मांग पत्र सौंपा हैं। पत्र में जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने तमिलनाडु से लेकर अन्य जगहों पर उत्तर भारतीय खासकर बिहारी मजदूरों द्वारा वहां के स्थानीय लोगों द्वारा मारपीट,हत्या जैसे जघन्य अपराध किया जा रहा हैं। जिला अध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि इस दौरान बिहार के 3 दर्जन से अधिक मजदूरों की हत्या हो चुकी हैं। साथ ही 3 दर्जन से अधिक मजदूर बुरी तरह से घायल हैं। उन्होंने कहा कि किसी तरह बिहारी मजदूर जान बचाकर भागने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि महामहिम राष्ट्रपति महोदय इस मामले को संज्ञान में लेते हुए बिहारी मजदूरों पर हो रहे अत्याचार पर रोक लगाएं साथ ही उनकी सुरक्षा की व्यवस्था कराएं। जन अधिकार पार्टी के प्रदेश महासचिव नैयर मसूद खान ने कहा कि तमिलनाडु में बिहारियों के साथ जो मारपीट और हत्या की घटना को अंजाम दिया जा रहा हैं इस पर अभिलंब हम मांग करते हैं कि राष्ट्रपति महोदय इसे संज्ञान में लेते हुए जल्द से जल्द इस पर रोक लगाए और सभी बिहारियों की सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम करें। इसी को लेकर आज जिलाधिकारी उदयन मिश्रा के माध्यम से राष्ट्रपति को पत्र भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में इस तरह से बिहारी मजदूर के साथ घटना काफी दुखद हैं। उन्होंने कहा कि अगर जल्द इस तरह की घटना पर रोक नहीं लगा तो पार्टी आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव भी इस मामले को लेकर काफी गंभीर हैं और लगातार बिहारी मजदूर की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। मौके पर महिला जिला अध्यक्ष सोनी कुमारी, छात्र जिला अध्यक्ष चंदन यादव, रवि यादव, इम्तियाज हक, पप्पू दास सहित पार्टी से जुड़े कई नेता मौजूद रहे।

# थाना परिसर में होली पर्व को लेकर भीमपुर में हुई शांति समिति की बैठक



**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**

जिले के छातापुर प्रखंड अंतर्गत भीमपुर थाना परिसर में होली पर्व को लेकर रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। आयोजित शांति समिति बैठक की अध्यक्षता छातापुर सीओ उपेंद्र कुमार ने किया।इस बैठक में थाना क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि समेत गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।बैठक में सीओ ने कहा होली रंगों का त्योहार है। इसे आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाएं।साथ ही मौके पर उपस्थित पंचायतों में किसी प्रकार का अवरोध नहीं हो, इसके लिए पंचायत प्रतिनिधि को गंभीर बने रहने का अपील किया। वहीं मौके पर थानाध्यक्ष अमरनाथ कुमार ने बैठक में मौजूद सभी लोगों से शांति और सौहार्द पूर्वक होली मनाने का अपील किया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जगहों पर डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा।साथ ही शराब कारोबारी व शराबी पर विशेष नजर रखी जायेगी। इसमें लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों से अपील किया कि उनके इलाके में अगर कोई शराब की तस्करी कर रहा हो या फिर शराब पीकर हुड़दंग मचा रहा हो तो इसकी सूचना जरूर पुलिस को दें। ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके और होली का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। होली पर्व को लेकर पुलिस चौकस है, इस दौरान किसी भी प्रकार के भ्रामक पोस्ट नही करें और ना हीं शेयर करें। वहीं गांव घर में किसी प्रकार का मामला आता है तो थाना को सूचित करें। माहौल खराब करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। मौके पर भीमपुर मुखिया रंजन भारती, ठूठी मुखिया प्रतिनिधि मनोज राय, सरपंच ललित दास, सुरेश मुखिया, पप्पू सिंह, दिवाकर कुमार, योगानंद यादव, अशोक कुमार मेहता, संजय कुमार मेहता समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# मानगंज में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के प्रतिमा पर उपेंद्र कुशवाहा ने किया माल्यार्पण

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**



जिले के छातापुर प्रखंड में विरासत बचाओ नमन यात्रा के दौरान राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा अंबेडकर चौक स्थित मानगंज में बोधिसत्व विश्वरत्न सिंबल ऑफ नॉलेज बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। मौके पर राष्ट्रीय युवा महासंघ के कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ उपेंद्र कुशवाहा का फूल माला के साथ अभिनंदन किया। राष्ट्रीय युवा महासंघ के अध्यक्ष इंजीनियर एलके निराला ने उपेंद्र कुशवाहा से आग्रह करते हुए कहा कि आप विरासत बचाओ नमन यात्रा पर निकले हैं। इसके लिए धन्यवाद के पात्र है।कहा हमारी विरासत तथागत गौतम बुद्ध, सम्राट अशोक,संत कबीर, संत शिरोमणि रविदास, संत गाडगे जी महाराज, ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, रामास्वामी पेरियार ,संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर, मान्यवर कांशी राम, जगदेव कुशवाहा ,पेरियार ललई सिंह यादव, बीपी मंडल, शहीद उदम सिंह, बाबा चोहरमल, फूलन देवी ,कपूर्री ठाकुर ,फातिमा शेख, अब्दुल कलाम सहित तमाम बहूजन महापुरुषों का है। कहा हमारा गौरवशाली इतिहास रहा है । इस मिशन और विरासत को बचाने के लिए हमें अथक प्रयास करना होगा बहूजन महापुरुषों ने सदियों के गुलामी अंधविश्वास पाखंड वाद के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़कर हमें मान सम्मान दिलाया है। इस विरासत को हमें बचाना होगा और अपने महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलकर ही "बहुजन सुखाय बहुजन हिताय " के भावना को मूर्त रूप देते हुए सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन से अपने महान पुरखा पूर्वज के इतिहास और विरासत को बचाना है। इस विरासत बचाओ में बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर को माल्यार्पण करते हुए नमन करते हुए उपेंद्र कुशवाहा ने बहुजन विचारकों को आश्वासन दिया है कि हम लोग अपने महापुरुषों के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए ही प्रयास कर हैं आपलोगों बहूजन महापुरुष के अधूरे मिशन को आगे बढ़ाने के लिए अच्छा कदम उठा रहे हैं।

इसके लिए राष्ट्रीय युवा महासंघ के सामाजिक आंदोलन की तारीफ भी किया। उपेन्द्र कुशवाहा ने राष्ट्रीय युवा महासंघ के सदस्यों से कहा आप लोग अच्छे दिशा में काम कर रहे हैं करते रहिए ।राष्ट्रीय युवा महासंघ के मीडिया प्रभारी सह युवा समाजसेवी कृष्णा राज ने बताया हमलोग मजबूती के साथ महापुरुषों के विरासत को बचाने के लिए तथा अपने हक अधिकार के लड़ाई के लिए हमेशा संघर्षरत हैं जिंदगी के अंतिम दम तक अपने बहुजन महापुरुषों के बताए रास्ते पर चलकर उनके अधूरे मिशन को पूरा करने के लिए हम लोग आवाज बुलंद करते रहेंगे और सामाजिक परिवर्तन किए बगैर राजनीतिक परिवर्तन संभव नहीं है इसलिए हम लोगों को सामाजिक परिवर्तन की दिशा में सकारात्मक कदम उठाना होगा।

उपेन्द्र कुशवाहा को क्रांति का प्रतीक नीला गमछा और फूल देकर राष्ट्रीय युवा महासंघ अध्यक्ष श्री निराला सहित युवा समाजसेवी कृष्णा राज, मार्गदर्शक दिलीप कुमार यादव राष्ट्रीय महासंघ के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश जिला सचिव सिंटू कुमार मेहता, गजेंद्र मेहता, पंकज ऋषिदेव, संजय यादव, मुकेश साह, मंटू शर्मा, शिवेन्द्र महतो, सुभाष यादव, मिथुन कुमार, जयनारायण ऋषिदेव, बादल राज यादव, पिंकू कुमार यादव, अजीत वर्मा, सुधीर कुमार आदि ने अभिवादन किया ।

# मदरसा में झारफुक के नाम पर की गई अश्लील हरकत

**रीना कुमारी/दैनिक सुभ भास्कर, निर्मली,सुपौल**



जिले में निर्मली नगर के वार्ड 9 स्थित मदरसा सईदिया के प्रधान मौलाना शाददुल्लाह कासमी द्वारा झाड़फूंक के नाम पर मदरसा में पढ़ने वाले छात्राओं एवम मुहल्ले के महिलाओ के साथ अश्लील हरकत किये जाने का एक मामला प्रकाश में आया है । मामले का उजागर तब हुआ जब मदरसा साइडिया कमिटी के सदस्यों एवम अन्य नागरिकों ने रविवार को मदरसा परिसर में प्रधान मौलबी के विरोध में हंगामा किया ।हंगामा कर रहे मदरसा कमिटी के सदस्य निजाम नैयर, वार्ड पार्षद मनोज राम, मो.मुन्ना, अब्दुल अहद, मो.वसीम अकरम, मो.सिकंदर ने बताया कि मदरसे की आड़ में हेड मदर्रीस महिलाएं एवं नाबालिग लड़कियों के साथ झाड़-फूंक के नाम पर छेड़-छाड़ करता है।इतना ही नहीं उसके साथ गलत काम भी किया जाता है।कई बार सामाजिक स्तर से पंचायत कर मामले का निपटारा भी किया गया बावजूद हैवान के रूप में यह मौलाना साहब अपने हरकत से बाज नही आ रहे है। जबकि नगर स्थित मदरसा इस्लामिया बिहार मदरसा बोर्ड से रजिस्टर्ड है। प्रधान मौलबी लगातार झाड़-फूंक करने के कारण मदरसे से बाहर भी रहते हैं लेकिन प्रतिदिन अपनी हाजिरी रजिस्टर में बनाते हैं। मदरसे में कुल 7 मौलवी की नियुक्ति है। जिसमें विज्ञान के शिक्षक अब्दुल रहमान जोइनिंग के बाद मदरसा में उपस्थित नही होते है। बावजूद उसकी हाजरी प्रतिदिन बनती है। इसके अलावे कई मौलवियों का हाजरी घर पर रहने के बाद भी बन जाता है। मदरसे में लगभग 450 बच्चे तालीम ले रहे है ।कमिटी के सदस्यों ने मदरसे के इस प्रधान शिक्षक की शिकायत जिला पदाधिकारी सुपौल को आवेदन देकर किया है । इस सम्बंध में पूछने पर प्रधान मौलबी ने बताया कि कमिटी के सदस्य साजिस के तहत झूठा आरोप लगाकर मेरी विरुद्ध हो हंगामा किया जा रहा है।

लोगो ने बताया कि अगस्त 2021 में स्थानीय एक महिला के साथ मदरसा के हेड मदर्रीस ने बंद कमरे में ले जाकर गलत काम किया था। जिसमें मामले को लेकर पीड़ित द्वारा तत्कालीन एसडीएम को आवेदन भी दी गई थी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुआ। लोगों ने बताया कि मामले को लेकर समाजिक स्तर से पंचायत कर मौलाना को मस्जिद में इमामती करने पर रोक लगा दी गई। उसके बाद भी वह नही सुधरा और लगातार इस तरह के घटना को अंजाम देता रहा है।

# बिजली विभाग ने चलाई सर्च अभियान अवैध रूप से बिजली जलाते दो लोग धाराएं

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, सुपौल**



जिले में प्रतापगंज प्रखंड के बिजली विभाग के जेई अजय यादव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया ।जिसके द्वारा प्रखंड क्षेत्र में बिजली चोरी व अवैध कनेक्शन पर अंकुश लगाने हेतू सर्च अभियान चलाया गया। जिस दौरान प्रखंड के श्रीपुर वार्ड नंबर 1 स्थित सितूहर गांव में दो व्यक्ति को टीम ने अवैध रूप से कनेक्शन कर बिजली की चोरी करते हुए पकड़ लिए।जिसकी जानकारी देते हुए सर्च टीम ने बताया कि जिस व्यक्ति को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया है।उक्त व्यक्ति पूर्व में बिजली उपभोक्ता थे। जिसपर बिजली बिल 41हजार बकाया था। बकाया भुगतान नही करने की स्थिति में उनका विद्युत साल 2022 में काट दिया गया था।जिसके बाद अवैध रूप से बिजली जोड़कर बिजली का उपयोग करते हुए सर्च टीम ने उन्हें पकड़ लिया।टीम ने बताया की स्थानीय पितांबर झा तथा मुन्ना झा दोनों व्यक्ति पर अवैध रूप से बिजली चोरी कर जलाने और पुराने भुगतान लंबित रखने को लेकर कार्रवाई की है। जेई ने बताया की दोनो आरोपियों पर बिजली चोरी को लेकर प्रतापगंज थाने में केस दर्ज करवाया गया है।सर्च टीम में जेई अजय यादव के साथ मानव बल मिथिलेश यादव मानव, शोभा मंडल, सुपरवाइजर पुलकित राज चंदन यादव आदि थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चे द्वारा निकली गई साइकल रैली



**अमरेश कुमार/दैनिक सुभ भास्कर, पीपरा, सुपौल**

जिले में पिपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सीएचसी पिपरा में रविवार को चिकित्सा पधाधिकारी एसके चंद्रा की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चे द्वारा निकली गई साइकल रैली। जानकारी देते हुए चिकित्सा पधाधिकारी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज सभी एएनएम और आशा कार्यकर्ता सहित स्कूली बच्चे भी शामिल थे कार्यक्रम का डॉ एसके चंद्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया वहीं इस दौरान डॉक्टर बीबी सिंह,दिनेश कुमार, रतन कुमार झा,अरुण यादव,, ए एन एम नूतन प्रभा,सिंकू कुमारी,रंजना भारती,चांदनी कुमारी,आशा कार्यकर्ता अनीता कुमारी,मंजू देवी ,नीलम देवी,सुलोचना कुमाराई,सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# मौजहा पंचायत में लगभग आठ लाख की लागत से हो रहे नाला निर्माण में किया जा रहा है घटिया सामग्री का प्रयोग

**सरोज कुमार/दैनिक सुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल**



जिले में किसनपुर प्रखंड के मौजहा सहित अन्य पंचायतों में अधिकारियों की मिली भगत से सरकारी राशि की लूट मचाई जा रही है। ताजा मामला मौजहा पंचायत के वार्ड नंबर 05 का हे जहां लगभग आठ लाख की लागत से 410 फीट लम्बा नाला निर्माण में जमकर धांधली बरती जा रही है। नाला निर्माण में सोन बालू के जगह लोकल बालू का निर्माण किया जा रहा है। हालांकि दिखावटी हेतु सोन बालू कार्य स्थल पर रखा गया है। स्थानीय ग्रामीण जब इसका विरोध भी करता है तो बनाने वाला कहता है स्टीमेट भी यही है इसलिए दोनो बालू मिलाकर कार्य किया जाता है। नाली का मतलब होता है की पानी का निकासी खुले मैदान में हो लेकिन यहां तो पानी निकासी का कोई मार्ग ही नहीं है।वहीं कुछ ग्रामीण का कहना है की यह नाली निर्माण घटिया सामग्री से हो रहा है। जिसकी शिकायत हमलोग जिला प्रशासन से भी किया लेकिन कार्य बंद नहीं हुआ है ।इससे तो स्पष्ट होता है की निचली स्तर से ऊपरी स्तर तक कमीशन बंधा हुआ है। कार्य हो रहा है लेकिन अभी तक बोर्ड नही लगाया गया है। जबकि बोर्ड पहले लगाया जाना चाहिए। जेई के अनुपस्थिति में लोकल बालू घटिया स्टोन और कम सीमेंट की मिलावट कर निम्न स्तरीय नाला का निर्माण कराया जा रहा है। सबसे खास बात यह की पानी निकासी का कोई प्रबंध ही नही किया गया है। ऐसी स्थिति में नाला के औचित्य पर भी सवाल उठने लगे है। ग्रामीणों की माने तो यदि नाले की निकासी नहीं होती है तो यह नाला मौत का नाला साबित होगा । आने वाले समय में इसमें जमा गंदगी वाली पानी से बदबू और मच्छर का प्रकोप बढ़ जाएगा और लोग बीमारी की चपेट में आ जाएंगे। वहीं पंचायत के मुखिया अमर कुमार चौधरी ने बताया की प्राकलन के अनुसार कार्य हो रहा है नाली निर्माण में जो भी आरोप लग रहा है वह गलत है ।इस बाबत प्रखंड विकास पदाधिकारी राजकुमार चौधरी ने बताया की इस बात की मुझे जानकारी नहीं मिला हे अगर ऐसा है तो जांच करा लेते है जो परेशानी होगा उसको दूर किया जाएगा।

# अखंड राम धूनी संकीर्तन का किया गया आयोजन



**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, सुपौल**

जिले में श्री श्री 108 नगर परिषद भेलाही स्थित बाबा तारेश्वर नाथ मंदिर के वार्षिकोत्सव के अवसर पर अखंड राम धुनी संकीर्तन का आयोजन किया गया ।जिसमें वार्ड नंबर 19 भेलाही के साथ-साथ नगर के कई लोगों ने हिस्सा लिया ।अन्य वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया ।जिसमें स्थानीय निवासी भाजपा किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष ने कहा कई पिछले कई वर्षों से अखंड हरिकीर्तन होते आ रहा है समापन के बाद स्थानीय लोग सहित कीर्तन मंडली ने महा प्रसाद ग्रहण किया। समापन के मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष नलिन जायसवाल,ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अशोक सम्राट,भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष दीपक दुबे,रामप्रसाद कामत,अभय नाथ ठाकुर,अशर्फी यादव,योगेश्वर मंडल,रंजीत कामत,राजा कामत,बबलू यादव,उमेश मंडल सहित अन्य कई लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# महिचंदा में संदिग्ध अवस्था में महिला की हुई मौत, मृतिका के पिता लगा रहे हत्या का आरोप

**अमरेश कुमार/दैनिक सुभ भास्कर, पीपरा, सुपौल**



जिले में पिपरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत तुलापट्टी पंचायत के महिचंदा में शनिवार की रात एक 20 वर्षीय महिला की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सुपौल भेज दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मधेपुरा जिला के शंकरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कजरा वार्ड नंबर 10 निवासी मोहम्मद नईम एक वर्ष पहले अपनी 19 वर्षीय बेटी सकीना खातुन की शादी सुपौल जिला के पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तुलापट्टी पंचायत स्थित महिचंदा वार्ड नंबर 7 निवासी मोहम्मद अल्लादीन के बेटे शाहनवाज से किए थे।मृतिका के पिता नईम ने बताया कि शादी के कुछ दिन बाद से ही मेरी बेटी के साथ ससुराल वाले गाली गलौज और मार पीट करने लगे थे इस बात को लेकर कई बार में अपनी बेटी को अपने घर भी ले गया था तीन महीना पहले ससुराल वाले मेरी बेटी को बिदागरी करके लाया और दहेज में बाकी रकम की मांग करने लगे। कहते थे बाकी रुपए नहीं दोगे तो तुम्हारे बेटी को जान से मार देंगे इसके डर से मेने तीन महीना पहले 40 हजार रुपए दहेज में बाकी रकम भी दे दिया फिर भी दरिंदों ने मेरी बेटी को चाप चढाकर मार डाला। मृतिका सकीना खातुन की माता बुचनी खातुन अपनी बेटी से लिपटी हुई चीख रही थी। घटना के संबंध में मृतिका के ससुर मोहम्मद अलाउद्दीन ने बताया रविवार सुबह जब मुझे पता चला की मेरी पुतोह फासी लगा लिया है तो घर में जाकर देखें की वह कपड़े के फंदे से लटका हुआ था तब फंदे को कचिया से काटकर शव को नीचे उतार सकीना के मायके वालों को इसकी जानकारी दिया। इधर मृतिका के पति मोहम्मद शाहनवाज 20 और देवर शाहवाज 12 घटना के बाद घर छोड़कर फरार हो गया है। घटनास्थल पर सदर डीएसपी कुमार इंद्र प्रकाश भी पहुंचे और दोनों पक्षों से पूछताछ कर थानाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह को कारवाई करने की बात कही। थानाध्यक्ष मृतिका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सुपौल भेज दिया और महिला के ससुर अल्ला उद्दीन को अपने साथ थाना ले गए और घटना की छानबीन में जुट गई।

# कुर्लिकोट थाना परिसर में सबे ए बरात व होली को लेकर थाना अध्यक्ष इकबाल अहमद खान की अध्यक्षता में शांति समिति की हुई बैठक

**दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार**



दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज कुर्लिकोट थाना परिसर में होली पर्व एवं सब ए बारात को लेकर थानाध्यक्ष इकबाल अहमद खान की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। उपस्थित सीमावर्ती क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों ने आगामी होली पर्व एवं सब ए बारात को ले अपने अपने विचारों को रख शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की बात कहीं। होली पर्व एवं सब ए बारात सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने को लेकर बैठक में चर्चा की गई। कुर्लिकोट थाना थानाध्यक्ष इकबाल अहमद खान ने सभी आम लोगों को पर्व से संबंधित गाइडलाइन की जानकारी विस्तार से दिया। इस दौरान थानाध्यक्ष ने बताया कि आगामी होली पर्व में डीजे बजाने पर पूर्णत रोक है अगर कहीं भी डीजे बजाते पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी अतः आप सभी आगामी त्यौहारों को आपसी सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मनाए अगर कोई भी व्यक्ति नशे की हालत में पाया जाएगा तो उसपर विधिसम्मत कारवाई की जायेगी।इस मौके पर थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी गण रहे उपस्थित सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि बुद्धिजीवी लोग उपस्थित थे।

# तीन दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट फाइनल मैच में मां मरियम क्लब हुई विजयी



**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**

पाकुड़ जिले के शहर कोल पंचायत के चोपो टोला मैदान में चोपोटोला क्लब की ओर से तीन दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया था जिसके फाइनल मैच मां मरियम क्लब बनाम रामनाथपुर के बीच खेला गया जिसमें मां मरियम क्लब 1-0 से विजयी हुए कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व फुटबॉलर वीरेंन किस्कु एवं शहर कोल पंचायत के मुखिया विकास गोंड का स्वागत कमेटी के द्वारा आदिवासी नृत्य एवं गाना के साथ किया वीरेन किस्कू और विकास गोंड संयुक्त रूप एवं फुटबॉल को किक मारकर किया।मौके मुख्य अतिथि विकास गोंड वीरेंन किस्को रायमन टू डू कमेटी के लोग खिलाड़ी और दर्शक उपस्थित थे

# थाना परिसर में शांति समिति की हुई अहम बैठक



**एक संवाददाता/दैनिक सुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल**

जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाईन थाना परिसर में होली व शब ए बारत पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष राघव शरण की अध्यक्षता में की गई।थानाध्यक्ष राघव शरण ने कहा कि होली एवं शब ए बारात के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। साथ ही डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी । साथ ही क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में होली व शब ए बारात पर्व मनाने की अपील की। इसके लिए सभी लोग पुलिस-प्रशासन को सहयोग करें। खासकर उपद्रवी एवं असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखें।कहीं भी अप्रिय घटना की शंका हो तो तुरंत पुलिस-प्रशासन को जानकारी उपलब्ध कराएं।इस मौके पर डॉ. राजेंद्र यादव, पैक्स अध्यक्ष विंदेश्वर मरीक, पूर्व अजमुल हसन, मोतीपुर मुखिया रामचंद्र राम, राजकुमार सिंह, दिलीफ कुमार झा, अब्दुल मोतलीव उर्फ बैचन, ललित मिश्र, रमेश यादव, बीरेंद्र यादव, पंसस मो० आलम मुखिया मो० अकलाक , समाजसेवी मनोज यादव सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं थानकर्मी उपस्थित थे।

# पुलिस ने 8 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक कारोबारी महिला को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**सोनू आलम/दैनिक सुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**

जिले के भीमपुर थाना क्षेत्र में बीती रात गुप्त सूचना के आधार पर वार्ड 07 से छापेमारी के क्रम पुलिस ने 8 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक शराब कारोबारी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया जा रहा है कि भीमपुर वार्ड 07 निवासी मांगन उरांव की पत्नी मुन्नी देवी लंबे समय से शराब कारोबारी के धंधे से जुड़ी हुई थी। लेकिन पुलिस द्वारा छापेमारी के दौरान हर बार पुलिस की नजर से बच जाती थी। इधर, गुप्त सूचना के आधार पर भीमपुर पुलिस ने कार्रवाई किया है। जानकारी में भीमपुर थानाध्यक्ष अमरनाथ कुमार ने बताया कि शनिवार की रात गुप्त सूचना मिली थी। जिसके आधार पर उक्त कारोबारी के घर छापेमारी की गई। जहां से 8 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ कारोबारी महिला को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि उक्त महिला कारोबारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत सुपौल भेज दिया गया है।

## छतौनी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित



**शुभ भास्कर कार्यालय प्रभारी प्रमोद कुमार मोतिहारी,पू०च०।** होली एवं स्वेबरात को लेकर छतौनी थाना परिसर में शांति समिति कि बैठक आयोजित किया गया।शांति समिति की बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध जन , प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। वही थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर विजय कुमार चौधरी ने बताया कि होली एवं स्वेबरात को लेकर शांति समिति का बैठक आयोजित किया गया। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशनी कुमारी ने बताया कि शराबियों पर नजर रखने के लिए थाना को विशेष हिदायत दी गई है किसी भी शराबी या हुदन करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। जिसमें बिहार सरकार का एक आदेश जारी हुआ है। जिसमें कोई अस्लील गाना नहीं बजाना है। जिससे जाती, धार्मिक,देश, भवना पर ठेस नही पहुंचे। अश्लील गाने बजाने वाले व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। शराब बिक्री पर प्रतिबंध है। मौके पर अंचलाधिकारी उमा कुमारी प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशनी कुमारी एसआई राजेश कुमार, संजीव कुमार सिंह, प्रभुनाथ सिंह विनोद सिंह लाल बाबू यादव डॉ बी के पाठक वार्ड 44 के पार्षद पति भोला पासवान विनय सिंह हरकित बैठा प्रमोद महतो सुनील कुमार साह हरि सिंह, ब्रह्मा श्रीवास्तव मोहम्मद तमन्ना धीरज जायसवाल सत्यदेव राम जहांगीर अंसारी आदि मौजूद थे।

## भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ डेढुआ वार्ड 4 का महाअष्टयाम



**सिकटी।** जिले के सिकटी प्रखंड के डेढुआ पंचायत वार्ड संख्या 4 में हो रहे महाअष्टयाम कार्यक्रम भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। कीर्तन मंडली के द्वारा हरे राम हरे राम हरे कृष्ण हरे हरे संकीर्तन लगातार सात दिनों तक चलता रहा।मुखिया संतोष झा ने समापन के दौरान वहा उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओ और कमेटी के सदस्यों के साथ उपस्थित थे। वहीं पटना से अपने गांव पहुंचे चर्चित समाजसेवी ई. मनोज झा के आगमन से स्थानीय लोगों और कमिटी के सदस्यों का हौसला बढ़ा।इंजियर मनोज झा एवं मुखिया संतोष झा ने कमिटी सदस्यों सहित सामाजिक कार्यकर्ताओ को सम्मानित किया साथ ही ग्राम रक्षा दल के सदस्यों और कार्यक्रम के दौरान नृत्य करने वाली बच्चियों को भी नगद पारितोषिक देकर हौसला बढ़ाया। सरपंच श्री रंजीत पासवान जी, तारानन्द करदार, सहित पूरे युवा कमिटी सदस्यों का कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाया।

## होली में पनोरमा का तोहफा दुबई से जैसा मकान अब पूर्णियां में: संजीव मिश्रा





**पूर्णियां।** बिहार के बड़े बिल्डर संजीव मिश्रा जो कभी तीन महीने में कमाए थे आठ हजार रूपए जिन्हें रहने का नहीं था आशियाना वो अब मुहैया करा रहे सस्ता और। बड़े लोगों के लिए महंगा 'आशियाना'। पूर्णियां को बिल्डिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ाने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य को अमलीजामा देने में लगे हैं वो हैं रियल एस्टेट के क्षेत्र में बिहार टॉपर, पनोरमा समूह के प्रबंध निदेशक वरीय समाजसेवी संजीव मिश्रा। जिस शख्स के सिर पर छत नहीं था वो आज दूसरों को घर दे रहे हैं। हम बात कर रहे हैं पैनोरमा ग्रुप के निदेशक संजीव मिश्रा की। छोटी उम्र में जब बरसात में बिस्तर पर पानी गिरता था तभी सोच लिया था कि न सिर्फ अपने लिये बल्कि दूसरे लोगों को भी घर मुहैया कराना है. बचपन के उस सपने को पूरा करने के लिए संजीव मिश्रा ने 2016 से काम शुरू किया। कोसी- सीमांचल क्षेत्र के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील सक्रिय रहने वाले पनोरमा ग्रुप के एमडी श्री मिश्रा लगातार गरीब-गुरबों की मदद करते हैं। शुरूआत में यह अंदाजा नहीं था कि आज वो 14 प्रोजेक्ट के माध्यम से लोगों को आशियाना मुहैया करायेंगे। लोगों को घर मुहैया कराने का यह कारवां बढ़ते-बढ़ते ई-होम्स तक आ पहुंचा है। इस प्रीमियम प्रोजेक्ट की काफी मांग थी। कई ग्राहक लगातार यह मांग कर रहे थे कि दूसरे राज्यों की तरह बिहार खासकर सीमांचल में प्रीमियम प्रोजक्ट लाइए। उन्होंने बताया कि दूसरे राज्यों जैसे बंगलोर,गुडगांव में हमने इस प्रोजेक्ट को नजदीक से देखा। फिर हम पूर्णिया में भी ई-होम्स प्रोजक्ट लॉन्च किया है। इलेक्ट्रॉनिक डिजिटल भवन दुबई जैसा घर अब पूर्णियां के ई होम्स होली में पनोरमा का तोहफा देने का निर्णय श्री मिश्रा ने लिया है। उन्होंने बताया कि 2016 में पूर्णिया में पैनोरमा सिटी की शुरूआत की थी। पहले 1-2 प्रोजेक्ट शुरू किया। आज चौदह प्रोजेक्ट हैं, जिनमें कॉमर्शियल,आवासीय व अन्य प्रोजेक्ट हैं। जितने ग्राहक आ रहे उतने लोगों को हम घर नहीं दे पा रहें हैं।

## अनुमंडल शाखा फारबिसगंज पेंसनर समाज का होली मिलन समारोह



**फारबिसगंज।** बिहार राज्य पेंसनर समाज अनुमंडल शाखा फारबिसगंज की मासिक बैठक सह रंगों का त्योहार होली मिलन समारोह दिनांक 6 मार्च को 11 बजे से होना निश्चिंत किया गया है । बैठक व होली मिलन समारोह की तयारी पूरी कर ली गई है। इसकी जानकारी देते हुए पेंसनर समाज के नेता विद्यानंद पासवान ने दी। उन्होंने इस समारोह में सभी पत्रकार बंधु को भी सादर आमंत्रित किया है।

## शांतिपूर्ण होली व शबे बारात मनाने का निर्णय असामाजिक तत्वों पर होगी पुलिस की नजर



**जयनगर /मधुबनी दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)** जयनगर में रविवार को थाना परिसर में होली एवं शब-ए-बारात पर्व को लेकर शांति पूर्ण मनाने को लेकर एसडीओ बेबी कुमारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। जिसमे प्रखंड प्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी के अलावे दोनों समुदाय के लोग बैठक में शामिल हुए। बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों तथा गणमान्य लोगो से सुझाव लिए गए।सभी लोगो ने सर्व सम्मति से प्रखंड में सौहार्द पूर्ण वातावरण में उक्त दोनों पर्व को मानने का निर्णय लिया। वही लोगो ने एक स्वर में कहा प्रखंड में आजतक सभी त्योहार को दोनों समुदाय के लोग मिलजुलकर मानते आए है। प्रखंड वासी किसी त्यौहार या पर्व में आपसी सौहार्द को बिगड़ने नहीं दिया है। एसडीओ बेबी कुमारी ने कहा होली रंगों का त्योहार है। प्रखंडवासी मिलजुलकर इस त्योहार को मनाए। दोनों त्योहार पर थाना प्रभारी ग्रामीणों के साथ समन्वयक बनाकर कार्य करें। वहीं उपस्थित लोगो से इस त्योहार में प्रशासन की सहयोग करने की अपील किया। आपके सहयोग से ही दोनों त्यौहार पर प्रशासन शांति बहाल कर सकती है।वहीं थाना प्रभारी अमित कुमार ने कहा प्रशासन दोनों त्योहार पर अतिरिक्त गस्ती निकालकर शांति बहाल करने की काम करेगी। पर्व में किसी भी प्रकार का अप्रिय घटना घटित नही हो। उसके लिए क्षेत्र वासी भी शरारती तत्व के लोगो पर नजर बनाए रखेंगे। किसी अप्रिय घटना घटित होने की संभावना को देखकर आप तत्काल थाना को सूचित करे ताकि उसपर अंकुश लगाया जा सके। बैठक के अंत में प्रशासन, जनप्रतिनिधियों तथा समाजसेवी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की अग्रिम बधाई दिया। इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विपल्व कुमार,राजद के प्रखंड अध्यक्ष उमेश यादव,चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पवन यादव,बेल्ही पश्चिमी पंचायत के मुखिया राम दास हजरा,सरपंच मोहम्मद जहांगीर हाशमी,इदरीश मन्शुरी,जिलानी आजाद,वार्ड पार्षद हनुमान मोर,भाकपा माले के प्रखंड सचिव भूषण सिंह,नौशाद अहमद,मोहम्मद अकील,मोहम्मद रहमतुल्लाह, शिवजी पासवान, जदूय प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार सिंह,महिला विकास मंच के अध्यक्ष दीपशिखा सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## मैथिल ग्राम घरवारी में ग्राम देवता स्थान पर महा अष्टयाम संकीर्तन सम्पन्न



**अररिया ।** मैथिल ग्राम घरवारी में ग्राम देवता स्थान पर महा अष्टयाम संकीर्तन का आयोजन किया गया।इसी कड़ी में ग्राम पंचायत राज जमुआ क्षेत्र सं0-3 के समिति सदस्य सूर्यकांत पाठक ने बताया कि हमारे पूर्वज जबसे ग्राम देवता को स्थापित किए ,कभी भी इस तरह का आयोजन नहीं हुआ,पहली दफा युवा साथियों एवं बुजुर्गो के दिशा निर्देश पर इस तरह का आयोजन किया गया।हम सभी युवा समिति को पंचायत समिति सदस्य के नाते आभार व्यक्त करते हैं। वार्ड सदस्य मुकेश झा ने बताया इस तरह के कार्यक्रम से युवाओं में आध्यात्मिक चेतना का विकास होता है। हमारी कोशिश रहेगी कि हर वर्ष इस तरह का कार्यक्रम होता रहे।अष्ट्याम महाकिर्तन समापन के दौरान गौरीकान्त झा, अर्जुन पाठक, दीनानाथ पाठक, आदित्यनाथ भा संजय झा, हरिनाथ पाठक, राजेश्वर का अजय पाठक, चन्द्रकांत पाठक, अमोद झा का उदेश नाथ झा गोरखनाथ पाठक काली कांत पाठक इत्यादि मौजूद थे।

## पूर्णियां में जल्द हो एयरपोर्ट निर्माण ,संजीव मिश्रा ने सरकार से किया अपील




**पूर्णियां।** पूर्णियां में एयरपोर्ट निर्माण की मांग को लेकर पूर्णियां में दिन प्रतिदिन लोगो का कांरवा बढ़ता ही जा रहा हैं जिसको लेकर पिछले कई दिनों से लोग सड़क से लेकर हर जगह एयरपोर्ट निर्माण करवाने को लेकर आवाज बुलंद कर रहे हैं।इसी कड़ी में रविवार को एकबार फिर पूर्णियां प्रमंडल के लोगो ने सोशल मीडिया के जरिये ट्रविटर ट्रेंडिंग कर सरकार तक आवाज उठाने का बेहतर प्रयास किया है। इसी को लेकर पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक सह समाजसेवी श्री संजीव मिश्रा ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि पूर्णियां से हवाई यात्रा शुरू होने से यहां के आम-आवामो के साथ-साथ हर वर्ग के लोगो को भारत की राजधानी नई दिल्ली एवं उद्योग के राजधानी मायानगरी मुबंई समेत अन्य जगहो का सफर करने में काफी सहूलियत होगी. श्री मिश्रा ने कहा की एशिया महादेश का सबसे बड़ी अनाज मंडी गुलाबबाग का भी उद्योग के क्षेत्र में इतिहास रहा हैं भोगोलिक दृष्टिकोण से भी उद्योग व मेडिकल हब के क्षेत्र में पूर्णियां शहर अव्वल है। उन्होने सरकार से अपील करते हुए कहा की सीमांचल जोन का पूर्णियां जिला क्षेत्रफल में भी सबसे बड़ा हैं और सबसे खास बात की पूर्णिया के जीरोमाईल टी प्वाइंट हैं जहां पड़ोसी देश नेपाल-बंगलादेश एवं बिहार-बंगाल झारखण्ड के सीमा को जोड़ती हैं साथ ही यहां पर चारो तरफ से आने जाने वाले लोग अपनी दिनचर्या में काम आने वाले जरूरत के मुताबिक हर पर्व त्योहार के मौके पर पूर्णियां में सामान की खरीददारी करने आते हैं.

इसलिए पूर्णियां में एयरपोर्ट का निर्माण होने से बाहर के भी व्यापारी वर्ग के लोग एवं यहां आकर अपना कारोबार कर सकेंगे।

संजीव मिश्रा ने युवाओ से सोशल मिडिया पर एक्टिव होकर सही दिशा में इस्तेमाल करने का भी अपील किया श्री मिश्रा ने सभी से सोशल मीडिया पर एयरपोर्ट निर्माण के लिए टूविटर पर हेशटेग देकर एयरपोर्ट फॉर पूर्णियां लिखकर ट्रेडिंग करने के लिए भी आग्रह किया।

## विधान परिषद सदस्य डा. दिलीप जायसवाल ने मंत्री आलोक मेहता को दिखाया आईना



**पटना/ किशनगंज।** बिना पैसा लिए दाखिल खारिज या रजिस्ट्रेशन तो होता ही नहीं है। लेकिन दिल से अगर सब लोग अपने अंतरात्मा को पुकार करके पूछें, तो बिना पैसा लिए मोटेशन दाखिल खारिज और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं होता है और जो पंचायत सरकार भवन माननीय मंत्री महोदय बन चुका है, उसमें भी ताला लगा रहता है। पंचायत सरकार भवन सही मायने में कागज में सिर्फ चल रहा है। मोटेशन का और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का, दाखिल खारिज का पूरे बिहार में खुलेआम बिना पैसा लिए दाखिल खारिज या रजिस्ट्रेशन तो होता ही नहीं है। या अलग बात है कि, जिधर विपक्ष है उधर पक्ष है। लेकिन दिल से अगर आप लोग अपने अंतरात्मा को पुकार करके पूछें , तो बिना पैसा लिए मोटेशन, दाखिल खारिज और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं होता है। उक्त बात सदन में सूबे के काबीना मंत्री आलोक मेहता को जमीनी हकीकत बताते हुए भाजपा नेता एम एल सी डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि हुजूर! पिछले बार हीं सरकार ने फैसला लिया था, कि जब रजिस्ट्री कराने के लिए लोग जाएंगे तो उसी वक्त साथ साथ मोटेशन उनका हो जाएगा। मैं माननीय मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि सरकार का जो फैसला था कि आप रजिस्ट्री के साथ जैसे बगल में बंगाल में चले जाइए, बगल में उत्तर प्रदेश में चले जाइए, आपको रजिस्ट्री के साथ-साथ ही ऑनलाइन मोटेशन और रजिस्ट्रेशन हो जाता है और कोई भी आदमी सिर्फ अपना नाम और पता खेसरा बता दे तो उसका पूरा टिप्पणी टीका जितना है सब वह निकल जाता है, कंप्यूटर से। हुजूर, दो तीन बातें मुझे कहनी है पहला, तो यह कि जो पंचायत सरकार भवन बना है, एक तो बहुत कम बना है पंचायत सरकार भवन सभी पंचायत में उसे बन जाना चाहिए था। क्योंकि पंचायती राज का सपना हीं जो है प्रजातंत्र का असली और मजबूत स्तंभ हो सकता है। लेकिन पंचायती राज व्यवस्था को कमजोर करने के लिए ही पंचायत सरकार भवन जो स्थानीय प्रशासन है उसमें इंटरेस्ट नहीं लेती है वह नहीं बनाना चाहती है। और जो पंचायत सरकार भवन माननीय मंत्री महोदय बन चुका है उसमें भी ताला लगा लगा रहता है। पंचायत सरकार भवन सही मायने में कागज में सिर्फ चल रहा है। तो जब तक आपका पंचायत सरकार भवन नहीं बनेगा तब तक आप पंचायती राज व्यवस्था से इस काम को नहीं जोड़ सकते हैं। और दूसरा यह कि जो ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन जमीन के रजिस्ट्री के साथ होना था, मंत्री महोदय आज करीब करीब 6 वर्ष हो गया सरकार का नियम बनाए हुए इसको लेकिन आज भी रजिस्ट्री के साथ आपका मोटेशन नहीं हो रहा है। और रजिस्ट्री के साथ मोटेशन नहीं होने के कारण ही दाखिल खारिज करने में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने में राजस्व कर्मचारी और सीओ नजराना लेता है। इसीलिए अगर आप खुद भी चाहिएगा कि इसमें ट्रांसपेरेंसी आए तो इसी के लिए मैं आपसे इसका जवाब चाहूंगा। डा जायसवाल के प्रश्न का उत्तर देते हुए मंत्री श्री मेहता ने कहा कि महोदय माननीय सदस्य का यह प्रश्न मूल प्रश्न से बिल्कुल भिन्न है, लेकिन फिर भी माननीय सदस्य ने यह उठाया है मैं इन तमाम चीजों के सुधार की दिशा में कदम उठा रहा हूं। और हमें मालूम है हमने सारी चीजों का दो तीन महीने में हमने जो अध्ययन किया है, उस अध्ययन के आधार पर जो भी कदम हो सकते हैं मैं इतना आश्वस्त कर सकता हूं ।एक आम आदमी को राजस्व विभाग के कार्यों में परेशानी मिनिमाइज किया जा सके उस दिशा में, सारे कदम उठाया जा सके चाहे इसके लिए हमें ऑटोमेशन की जरूरत पड़ रही हो या फिर यह प्रशासनिक सुधार की जरूरत पर रही हो। सारे डायरेक्शन जा रहे हैं अभी-अभी आज कल हमने फैसला किया इसके पहले हमने पायलट प्रोजेक्ट चलाया कि दाखिल खारिज के केसेज सीओ अब नहीं करेंगे। और उसके लिए हमने पांच पंच लो में पायलट प्रोजेक्ट चलाया। और आज से वह लागू है की सभी अंचल में अंचलाधिकारी और रेवेन्यू ऑफिसर है राजस्व अधिकारी यह दोनों मिलकर अलग-अलग उनका जो दाखिल खारिज के केसेज होंगे उसको टेकअप करेंगे और त्वरित निष्पादन के उपाय किए जा रहे 3 महीने के अंदर हमारी कोशिश होगी कि पूरे बिहार में जितनी पेंडिंग है, दाखिल खारिज कर उसे समाप्त किया जाए और जनता के लिए फिर से चालू किया जाए और हम बस इतना ही नहीं हम आगे टाइमलाइन को बहुत दृढ़ता के साथ फॉलो करना चाहते इतने समय में दाखिल खारिज परिवार जन के केसेस मैक्सिमम केसेज जहां पर इलिटिगेशन नहीं हो उसको संपादित किया जाए तो इस तरह के कार्य किए जा रहे हैं। और मैं अपेक्षा करता हूं कि आप सब लोग का सहयोग इन चीजों में होगा किसी भी पदाधिकारी को किसी भी व्यक्ति को साक्ष्य के बिना यदि आरोपित नहीं किया जा सकता या फिर उसे दंडित नहीं किया जा सकता। इस सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए यदि कोई हमारे पास शिकायत आती, और कोई जांच होती है, तो कतई उसे बख्शा नहीं जाएगा

## जीवछपुर में हुई पैक्स अध्यक्षों की समीक्षात्कम बैठक व होली मिलन समारोह



**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**

जिले में छातापुर प्रखंड क्षेत्र के जीवछपुर पंचायत स्थित पूर्व मुखिया रमेश कुमार के राइस मिल पर जिला सहकारिता पदाधिकारी अनिल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में पैक्स अध्यक्षों के बीच बैठक व होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर छातापुर प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अरुण कुमार, प्रदीप कुमार झा एवं बसंतपुर प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सियाराम मौजूद थे। कार्यक्रम में जिला सहकारिता पदाधिकारी को पाग और माला पहनाने के बाद कार्यक्रम की शुरूआत की गई। बैठक के दौरान पैक्स से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। उसके बाद जिला सहकारिता पदाधिकारी ने उपस्थित सभी पैक्स अध्यक्षों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी श्री अनिल कुमार गुप्ता ने मौके पर उपस्थित पैक्स अध्यक्षों से बैंक में ज्यादा से ज्यादा खाता खुलवाने के लिए अपील किया।

## जेसीस ने किया अर्ध शतक पूरा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित, रिले बिराटनगर में भाग लिया 461 युवा




**माला मिश्रा बिराटनगर नेपाल ।**

बिराटनगर जेसीस अपना 50 वर्ष पूरा होने के शुभ अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर स्वर्ण जयंती मनाया । जेसीस सप्ताह अंतर्गत दौड़ प्रतियोगिता बिराटनगर के तिनपैनी से शुरू होकर गोलछा चौक पहुच पुनः तिनपैनी चौक पहुचा । दौड़ प्रतियोगिता में 461 यूवक युवतियां भाग लिया । प्रतियोगिता में प्रथम ओसामा राई , अमर यादव द्वितीय , राहुल रोय तृतीय और महिला तरफ से अंशु मंडल प्रथम , अमृता राजवंशी द्वितीय , समीक्षा डंगोल तृतीय स्थान प्राप्त की । कार्यक्रम में सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया । इससे पूर्व कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संघीय मामला तथा सामान्य प्रशासन मंत्री अमनलाल मोदी ने शुभकामना मंतब्य दिया । इस मौके पर प्रदेश सांसद अमृत अर्याल , नेपाल जेसीस का पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष फूल कुमार लालवानी , स्वर्ण जयंती समारोह समिति के संयोजक गोपाल गुप्ता , जेसीस सप्ताह मुख्य कार्यक्रम संयोजक तुलसी निरौला , जेसीस बिराटनगर का अध्यक्ष अभिनाश थापा व अन्य मंचासीन थे ।

## मारवाड़ी युवा मंच के निवर्तमान अध्यक्ष सह एक पहल के संस्थापक ई आयुष अग्रवाल ने थामा राजद का दामन




**पटना/ फारबिसगंज।** बिहार प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के मार्गदर्शन में अररिया ज़िला के फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता, मारवाड़ी युवा मंच के निवर्तमान अध्यक्ष सह एक पहल के संस्थापक ई. आयुष अग्रवाल को राजद व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व मोरवा विधानसभा से विधायक रणविजय साहू ने पटना राजद प्रदेश कार्यालय में योगदान करवाया। इस मौके पर योगदान के उपरांत पार्टी कार्यालय में बड़ी संख्या में उपस्थित वैश्य समाज के लोगों के द्वारा जमकर नारेबाजी की गई एवं लालू यादव ज़िंदाबाद-तेजस्वी यादव ज़िंदाबाद-जगदानंद सिंह ज़िंदाबाद-रणविजय साहू ज़िंदाबाद-आयुष अग्रवाल ज़िंदाबाद के नारों से पार्टी कार्यालय परिसर गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक श्री साहू ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि माननीय तेजस्वी यादव के मार्गदर्शन में आयुष अग्रवाल को पार्टी में योगदान कराया गया है। उन्होंने कहा कि राजद सभी जाति एवं सभी धर्मों की पार्टी है। श्री अग्रवाल के पार्टी में जुड़ने से पार्टी को भी मजबूती मिलेगी। विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा अनुभव रखने वाले श्री अग्रवाल का पार्टी में हृदय से स्वागत है। इस मौके पर आयुष अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि लम्बे समय से राजद के शीर्ष के नेताओं से बातचीत चल रही थी जिसको अमलीजामा पहनाने का वक्त आ गया था। श्री अग्रवाल ने सर्वप्रथम राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को धन्यवाद देते हुए कहा कि समाज की मजबूती को ध्यान में रखते हुए पार्टी में उन्होंने योगदान किया है।निरंतर समाज के लिए कार्य करना उनकी प्राथमिकताओं में अव्वल स्थान पर रहा है और आगे भी रहेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के द्वारा जो भी जिम्मेदारियाँ दी जाएगी उसको बखूबी पूरा करने की पुरजोर कोशिश करते हुए मंज़िल तक पहुँचाने की दिशा में पहल करना मेरा सबसे पहला कदम होगा। इस मौके पर राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रेम यादव ने कहा कि राजद के दरवाजे उन तमाम लोगों के लिए हमेशा के लिए खुले हैं जो पूरी निष्ठा के साथ समाजहित में कार्य करना चाहते हैं। श्री यादव ने कहा कि आयुष अग्रवाल के पार्टी में जुड़ने से प्रदेश स्तर के साथ साथ सीमांचल व कोशी क्षेत्र में काफी मजबूती मिलेगी।योगदान के उपरांत श्री अग्रवाल के द्वारा उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से उनके आवास पर आशीर्वाद लिया गया एवं श्री यादव के द्वारा श्री अग्रवाल को आगे की राजनीतिक भविष्य के उज्ज्वल होने की शुभकामनाएँ दी गई।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर मस्करा बीवी को किया गया सम्मानित

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**




पाकुड़ जिले के सिविल सर्जन कार्यालय में रविवार को प्लान इंडिया के सौजन्य से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष पर पाकुड़ जिला में कार्यरथ कोविड टीकाकरण हेतु बेहतर कार्य करने के लिए जागरूकता एवं करने को लेकर वंडर वूमेन के रूप में मस्करा बीवी स्वास्थ्य सहिया को सिविल सर्जन मंटू टेकरीवाल के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्लान इंडिया के राज्य परियोजना प्रबंधक सरीब जुलकर नैन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ शांति प्रिया सहित धनंजय द्विवेदी, नवल किशोर, डीपीसी चंद्रशेखर उपाध्याय सहित सभी टीकाकरण कर्मी मौजूद थे।

# आठ लीटर बंगाल निर्मित अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार



**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**

पाकुड़ जिले के महेशपुर अंचलाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी एवं महेशपुर थाना के संयुक्त रूप से छापामारी कर अवैध शराब की बिक्री करते रंगे हाथों पकड़ा पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी बंगाल निर्मित विदेशी शराब अपने नाश्ते की दुकान में बेच रहा है पदाधिकारी मौका ना गवाते हुए छापेमारी की गई आरोपी रंगे हाथों हुआ गिरफ्तार अभियुक्त रघु भगत पिता विश्वनाथ भगत उम्र 50 वर्ष महेशपुर निवासी की गिरफ्तारी की गई साथ ही नाश्ते की दुकान से बंगाल निर्मित विदेशी शराब एवं बीयर जोकुल साथ 7.155 लीटर आंकी गई है को भी जब किया गया अभियुक्त एवं जप्त शराब को उत्पाद विभाग के हवाले करते हुए न्यायालय प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया गया।।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया होली मिलन समारोह



**शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड़ में होली पर्व के मद्देनजर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला इकाई पाकुर द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन स्थानीय हरीनडंगा उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित किया गया ।जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला एवं स्थानीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता के साथ-साथ स्वयंसेवक तथा गणमान्य लोग उपस्थित रहे। होली मिलन समारोह के अवसर पर संगीत की धुन में स्वयंसेवको ने भरपूर आनंद उठाया एवं एक दूसरे को तिलक लगाकर गले मिले एवं बधाई दी तथा सुख समृद्धि की कामना की ।

# जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा का लिया जायजा

**शुभ भास्कर क्राइम रिपोर्टर शशांक त्रिपाठी मोतिहारी,पू०च०।**



जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक एवं पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा द्वारा बिहार कर्मचारी चयन आयोग, बिहार, पटना द्वारा आयोजित तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा 2022 के प्रथम चरण की पुनर्परीक्षा के सफल, पारदर्शी, स्वच्छ, निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराने हेतु परीक्षा केंद्र, जिला स्कूल, मंगल सिमेनरी, एलएनडी कॉलेज एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज, मोतिहारी का किया गया निरीक्षण किया। विदित हो कि बिहार कर्मचारी आयोग, बिहार पटना के द्वारा तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त ( प्रारंभिक ) प्रतियोगिता परीक्षा 2022( प्रथम पाली की पुनर्परीक्षा ) 5 मार्च 2023 को प्रथम पाली में सामान्य ज्ञान विषय हेतु 12 अपराहन से 2:15 अपराह्न तक 15 परीक्षा केंद्रों शांति पूर्ण हुआ परीक्षा ।उक्त परीक्षा को कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रतिनियुक्ति अधिकारियों एवं कर्मियों से की बातचीत ।उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को अलर्ट मोड पर रहने को लेकर दिया आवश्यक दिशा निर्देश ।इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

# धार्मिक एकता ट्रस्ट के मुकेश कूमार भारतीय के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया



**दैनिक शुभ भास्कर/भागलपुर निबराज**

धार्मिक एकता ट्रस्ट के जिला प्रभारी भागलपुर के नेतृत्व में कहलगांव प्रखंड क्षेत्र के एनटीपीसी प्लांट रोड कहलगांव त्रिभुवन पैलेस के निकट होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया धार्मिक एकता ट्रस्ट के मुकेश कूमार भारतीय जिला प्रभारी भागलपुर के नेतृत्व मे किया गया यह समारोह में क्षेत्र के कई गण्यमान्य एंव जनप्रतिनिधि लोग पहुंच कर एक दूसरे को अबीर लगा कर खुशी बांटा वहीं पंचानंद पंचम पासवान के 6 सदस्ये टीम ने फगुवा गाए

# ब्रदीकुण्ड प्रिमियम लिग क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया

**शुभ भास्कर रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**



पाकुड़/पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत चौकीशाल क्रिकेट मैदान मे ब्रदीकुण्ड प्रिमियम लिग क्रिकेट टूनार्मेंट का उदघाटन रविवार की भाजपा जिला उपाध्यक्ष तपन मंडल और समाज सेवी उमेश साह ने संयुक्तरूप से फिता कटकर किया ।क्रिकेट टूरनामेन्ट मे कुल 08 प्रतिभागी दल ने हिस्सा लिया ।खेल 12-12 ओभार का खेला जायेगा। खेल का शुभारंभ एलबीएसके और व्हाइट एगल टीम के बीच हुआ । कलब के अध्यक्ष उत्तम मंडल और सचिव मलय घोष ने जनकारी देते हूये कहा कि ये प्रतियोगिता 05 मार्च 2023से 13 मार्च 2023 तक चलेगा ।खेल मे विजेता टीम को 15000/- और उप विजेता टीम को 10000/-रुपए नगद के रूप मे पुरष्कृत किया जाएगा । ।दिनांक 13 मार्च 2023 को अप० 02:00 बजे फाईनल खेल खेला जायेगा ।मौके पर संयोजक सुमन मंडल,जयेन्ट सेक्रेटरी संजीत मंडल ,रिजु घोष,पमित घोष,सागर मंडल,सौरभ साह,प्रकाश यादव,मिठून लोहार कोषाध्यक्ष सुनित मंडल उपस्थित थे।

# वाहन चेकिंग के दौरान रसलपूर ओ पी थाना ने 55 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया



**दैनिक शुभ भास्कर /भागलपुर निबराज आलम**

भागलपुर जिला के रसलपुर ओ पी थाना क्षेत्र मे चॉयटोला फोरलेन सड़क के समीप मे वाहन चेकिंग के दौरान शराब मोटरसाइकिल पर लेकर जा रहा था मोटरसाइकिल झारखंड की तरफ से आ रही थी जो मोटरसाइकिल एंव एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया युवक की पहचान घोघा थाना क्षेत्र के साहपुर घोघा निवासी बिदरुह मंडल के रूप मे पहचान हुई रसलपुर ओ पी थानाध्यक्ष कन्हैया कूमार ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल पर शराब लेकर झारखंड की तरफ आ रहा था युवक के पास से 55 लीटर देशी महुआ शराब बरामद हुआ है

# होली पर्व व शब-ए- बरात को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**शुभ भास्कर प्रखंड रिपोर्टर सुरेन्द्र यादव चकिया:-पू०च०।**

थाना परिसर में रविवार को होली पर्व व शब-ए- बरात शांतिपूर्ण व सौहार्द के माहौल में मनाए जाने को लेकर थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर धनंजय कुमार के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान थाना अध्यक्ष ने कहा कि होली रंगो का त्यौहार है। इसलिए पूर्व की भांति पर्व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाना है । आगे कहा कि डीजे आदि नहीं बजाने व बीना अनुमति के जुलूस आदि निकालने तथा अशांति फैलाने वालों को चिन्हित कर उसपर कानूनी कारवाई की जाएगी। बैठक के अंत में होली मिलन समारोह भी आयोजित की गई। जिसमें जमकर रंग बिरंगी अबीर गुलाल की खुब बारिश हुई। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर धनंजय कुमार समेत अन्य मौजूद पुलिस पदाधिकारी व आये सभी आगंतुक एवं जनप्रतिनिधी अबीर गुलाल से सराबोर हो गए। मौके पर जय प्रकाश यादव,श्रीकांत सिंह,बख्तियार अली, संजय कुमार,राम लखन साह, बलिंदर महतो, चलीतर महतो, अच्छेलाल कुमार,गायत्री देवी,सनी कुमार,सरिता कुमारी,सीता कुमारी, मुख्तार राय,धनी पासवान,रूपलाल राम, नगीना पासवान, नीरज कुमार, गोपाल राय,परखी देवी, रूपलाल राय सहित अन्य मौजूद थे।

# इल्म जिंदगी की अनमोल दौलत कारी सुहैब

**शुभ भास्कर प्रखंड रिपोर्टर सुरेन्द्र यादव चकिया:-पू०च०।**



नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत गांव कुअवां स्थित मदरसा जेयाउल उलूम दारूल यतामा परिसर में रविवार को जलस -ए - दस्तार बंदी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पवित्र ग्रंथ कलाम पाक के तिलावत से मौलाना मो नासिर ने की। वहीं अध्यक्षता मौलाना रेयाज शम्सी जबकि संचालन तारिक नदवी ने की। इस दौरान कलाम पाक का तीस पारा कंठस्थ याद करने के उपलक्ष्य में जिला पुर्णिया के गांव ढउआ बारी के रहने वाले शाहकार आलम को दस्तारबंदी के साथ हाफिज की उपाधि से नवाजा गया। वहीं कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि राजद एमएलसी सह युवा राजद के प्रदेशध्यक्ष कारी सुहैब ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा एक अनमोल दौलत है इसके बिना जीवन अधूरी रह जाती है ।शिक्षा से विकास मार्ग भी खुलता है।इस लिए अभिभावक हर परेशानी झेल बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल सहित अन्य दर्शगाह भेजने की अपील की। वहीं मदरसा जेयाउल उलूम दारूल यतामा के शिक्षा व्यवस्था तथा शिक्षकों की सराहना की। साथ ही छात्रा हबीबा जामी तथा तरन्नुम खातुन,शगुफ्ता बानो व छात्र समीर राजा ने नाते रसुल पढ़कर मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा खुब तालियां बटोरी वहीं शिक्षा विषय पर नाजरा तबस्सुम ने स्पीच दिया। जिसपर श्रोता व दर्शकों ने ताली बजा कर हौसला अफजाई की। सभापति पवन सर्राफ व उप सभापति व सुभाष कुमार व राजद प्रखंडध्यक्ष माधव मधुकर, अधिवक्ता मोईनुल हक तथा श्री बाबू यादव एवं फरोग जामी व मो ईश्तेयाक आदि ने अपना अपना विचार व्यक्त किया। साथ ही मदरसा संचालन समिति के सचिव ने बताया कि दसतार बंदी का प्रथम आयोजन था। मदरसा मे दीनी तालीम के साथ साथ रोजगार मुखी शिक्षा की व्यवस्था है। मौके पर साजिद हुसैन जफर रशीदी, मो शम्स तबरेज,मो अली, अशोक गुप्ता, भीखारी गिरी, जय प्रकाश यादव प्रो मो रिजवान सहित मदरसा के शिक्षक व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# दो दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**शुभ भास्कर कार्यालय प्रभारी प्रमोद कुमार मोतिहारी,पू०च०।**



नेहरू युवा केन्द्र पूर्वी चंपारण भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवम खेल मंत्रालय के तत्वधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन नेहरू स्टेडियम में किया गया। इस 2 दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता में नेहरू युवा केन्द्र पूर्वी चंपारण द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय खेलों में से विजेता कबड्डी टीम, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, 200, 400 मीटर दौड़ लॉन्ग जंप में विजेता खिलाड़ी भाग लेंगे। इस खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपमहापौर जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र पूर्वी चंपारण स्वरूप देशभ्रतार ,पूर्व विधायक प्रत्याशी एवम प्रोफेसर एल एन डी कॉलेज मुन्ना कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फीता कटकर किया गया ।इसके बाद अतिथियों को शॉल एवम पौधा देकर सम्मानित किया गया ।इसके बाद विशेष अतिथि मुन्ना कुमार द्वारा युवाओं को खेल भावना के साथ खेलने को कहा। उन्होंने कहा हार जीत तो खेल का हिस्सा है जरूरी है कि खेल को ईमानदारी से खेलने को कहा ।इसके बाद सिसवा और तुरकौलिया के बीच कबड्डी मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉक्टर लाल बाबु प्रसाद द्वारा किया गया उन्होंने दोनो टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उन्हें शुभकामनाएं दी और टॉस कराकर मैच का शुरूआत किया ।इसके बाद पताही और सुगौली के टीम के बीच वॉलीबॉल टीम का शुरूआत विशेष अतिथि प्रो मुन्ना कुमार एल एन डी कॉलेज द्वारा टॉस कराकर किया गया ।पहले दिन के सत्र में कबड्डी और वॉलीबाल के मैच कराए गए इसके बाद दूसरे दिन के खेल में बैडमिंटन, एथलेटिक्स के अंतर्गत 200 मीटर ,400 मीटर दौड़,लॉन्ग जंप का खेल किया जाएगा ।इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रदीप कुमार,रंजीत कुमार,गोल्डन कुमार मिश्र ,भूषण कुमार, जय गुप्ता, सुनीता कुमारी, विकास चंद्र झा आदि उपस्थित थे।

# होली मिलन समारोह में खुब उड़ा अबीर गुलाल

**शुभ भास्कर प्रखंड रिपोर्टर सुरेन्द्र यादव चकिया :-पू०च०।**



शहर के मधुबन रोड स्थित चकिया विवाह भवन में रविवार को बीजेपी की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना तथा संचालन रोहित सिंह ने की ।इस दौरान फाग गीत की धुन पर खूब अबीर गुलाल भी उड़ा तथा मिठा पकवान एक दुसरे को खिला होली की बधाई दी गई। वहीं कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सह क्षेत्रीय सांसद राधामोहन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि होली पर्व पूर्व के सारा गिला शिकवा भुला आपसी एकता व प्रेम तथा भाईचारा का संदेश देता है। दुसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास तथा सबका विश्वास के संकल्प के साथ देश को तरक्की की ओर लेकर जा रहे हैं। देश का सभी क्षेत्रों में आमूलचूल विकास हुआ है । शिक्षा को बेहतर करने के लिए विद्यालय तथा विश्वविद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है वही राम जानकी पथ निर्माण के साथ साथ देश में सड़कों की जाल बिछाई गई है तथा रेलवे स्टेशनों का सौंदर्यीकरण के अलावा जल तथा थल एवं वायु मार्ग भी विकसित हुआ है। किसान एवं महिलाओं के उत्थान तथा गरीबों की सहायता के लिए बहुत सारी कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिले का जिक्र करते हुए कहा कि मोतिहारी के सिंघिया रेलवे ढाला व चकिया के सुभाष चौक स्थित रेलवे समपार संख्या 137 ए पर रेल ओवर ब्रिज का काम अविलंब शुरू हो जायेगा। जिस पर मौजूद लोगों ने ताली बजा कर स्वागत किया। वही राष्ट्रपति का अभिभाषण भी पढ़ कर सुनाया गया ।

क्षेत्रिय विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि होली पर्व का एक विशेष महत्व है। पर्व आपसी सद्भाव तथा भाईचारा के माहौल में मनाने की अपील की। मौके पर रविंद्र सहनी,सभापति पवन सर्राफ, उपसभापति सुभाष कुमार समेत पार्टी नेता राधेश्याम प्रसाद यादव, शंभू सिंह,कृष्ण कुमार शर्मा,राजीव कुमार उर्फ बुल्लू सिंह,मथुरा प्रसाद,राजेंद्र सिंह,सुधीर मिश्रा,नीरज यादव,मनीष कुमार गुप्ता,अजय सिंह,पूर्व जिला पार्षद अफजल आलम,पूर्व मुखिया कपिल मुनि सहनी,अरशद आलम, आदिल रजा,साहिल कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## नगर पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा मे किया शराब बरामद

**दैनिक शुभ भास्कर शेखर कुमार क्राइम रिपोर्टर**



देवघर। नगर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा मे शराब बरामद किया हैं। जानकारी के अनुसार नगर थाना प्रभारी विक्रम प्रताप सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि स्टेशन रोड स्थित होटल इम्पीरियल हाईट के समीप एक घर मे अवैध तरिके से भारी मात्रा मे शराब रखा हुआ हैं। सूचना पर नगर पुलिस ने पुलिस बल के साथ छापेमारी किया तो अनीता घोष नामक एक महिला के घर से इम्पीरियल ब्लु के 180 एमएल के 13 बोतल, मेक डोवेल्स नंबर 1 के 21 बोतल, गॉड फादर बियर का 16 केन बोतल बरामद किया। हालांकि पुलिस के आने की भनक लगते ही सभी आरोपी फरार हो गये। पुलिस इस सन्दर्भ नगर थाना कांड संख्या 99/2023 दर्ज कर आवश्यक कारवाही मे जुटी हुई हैं।

## हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति के कमिटी का विस्तार



देवघर हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति के अध्यक्ष कन्हैया झा ने अपनी कार्यकारिणी घोषित कर दी है। बाबा बैद्यनाथ को मुख्य संरक्षक बनाया गया। साथ ही संरक्षक डॉ राजीव पांडे, युधिष्ठिर प्रसाद राय, रीता चौरसिया, दिनेशानंद झा, डॉ अमित प्रसाद प्रतीक कुमार सिन्हा, अजय नारायण मिश्र, दिवाकर गुप्ता को बनाया गया है। साथ ही अध्यक्ष कन्हैया झा,कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष रवि केसरी, सुरेश शाह, विजय प्रताप सनातन, शैलजा देवी, चंद्रशेखर खवाड़े,अतुल सिंह, विनीता पासवान, पवन टमकोरीया, विक्रम सिंह और प्रेम सिंह को बनाया गया है। वही समिति में महामंत्री का पद महेश प्रसाद राय,विजया सिंह, सूरज झा को दिया गया है। समिति में सतीश दास, बाबू सोना श्रृंगारी, मिथिलेश पासवान, रोज सिंह, अभिषेक मिश्रा, पूनम प्रकाश सिंह,धनंजय तिवारी, राजेंद्र साव, सौरभ पाठक, अरुण चटर्जी को मंत्री बनाया गया है। साथ ही कार्यक्रम प्रमुख मनोज सिंह,सह प्रमुख शिवचंद्र सिंह (टुन्ना),धनंजय खवाड़े, दीपक केसरी, दीपक झा, दिनेश यादव एवं व्यवस्था प्रमुख आशीष झा, डॉ राजीव रंजन सिंह, प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी प्रभाकर शांडिल्य,मुकेश पांडे सचिन सुलतानिया एवं प्रचार प्रमुख सोनाधारी झा, प्रमेश राव,बम बम दुबे, सिंटू उपाध्याय तथा झंडा प्रमुख रूबी द्वारी, राजीव झा, रूपा केसरी, साज सज्जा लक्ष्मण राउत, सागर झा, कुंदन झा तथा संपर्क प्रमुख संजय मिश्रा, शुभम राय एवं कोषाध्यक्ष पंकज भदोरिया, रितेश केसरी तथा सोशल मीडिया प्रभारी अमृत मिश्रा (भोलू),मल्लिका झा, विकास चौधरी को बनाया गया है।

## बकरी पालन बना आय का मुख्य जरिया

**शुभ भास्कर रिपोर्ट सुस्मित तिवारी**



पाकुड़ जिले के हीरणपुर प्रखंड की छमी किस्कू जिनकी पहचान कभी शराब बेचने वाली के रूप थी। आज सफल पशुपालक बन गई है। हिरणपुर पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखंड की छामी किस्कू जिनकी पहचान कभी शराब निमार्ता तो कभी हाट-बाजार में हड़िया बेचने वाली के रूप में थी। अब उसकी पहचान अपने गांव के सफल पशुपालक के रूप में बन गया है। हीरणपुर प्रखंड के मुगाडांगा पंचायत अंतर्गत मुगाडांगा गांव की छामि किस्कू कभी साधारण गृहणी का जीवन व्यतीत कर रही थीं। परिवार का भरण-पोषण के लिए हड़िया व शराब बनाती और हाट-बाजार में बेचती थी। और महिला की तरह छमि झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा संचालित बहा सखी मंडल से जुड़कर बचत करना सीखी, तथा सरकार की और से झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा चलाई जा रही फूलो झानो आशीर्वाद योजना से जुड़ी। योजना के तहत उन्हें दस हजार रुपये का ब्याज रहित ऋण मिला। इस ऋण के सहयोग व कुछ कर दिखाने की हिम्मत के साथ छमीं किस्कू अपने नए रोजगार के साधन अपनाएं। योजना से जुड़ने के बाद छमि ने हड़िया बनाना छोड़कर अपना बकरी पालन की वयावसाय शुरू की। इसके साथ ही आजीविका के कई वैकल्पिक साधनों में सब्जी बिक्री के साथ मुगीर्पालन, बतख पालन शुरू किया। पहले छामी किस्कू हडिया-दारु से की गई कमाई ही इनका का रोजगार था। छमी बताती हैं कि जब वे शराब बनाती थी, तो उनके पति भी उसका सेवन किया करते थे। घर का माहौल खराब होने के साथ-साथ लड़ाई-झगड़ा आम बात हो गया था। अब अपने रोजगार का साधन बदला और अपने और अपने परिवार का सम्मान बढ़ा रही हैं। किया कहती है, प्रखंड प्रमुख रानी सोरेन प्रखंड प्रमुख ने कहीं काफी महिलाएं जो पहले हड़िया दारू बेचती थी उस काम को छोड़ कर अब फूलो झानो आशीर्वाद योजना से जुड़कर सम्मान जनक व्यवसाय की और कदम बढ़ा रही है, जिसमे जीविकापार्जन के लिए बकरी पालन महिलाओं के लिए कारगर साबित हो रही है। और सम्मान के साथ अपने परिवार का भरण पोषण कर रही है।

## पाकुड़ में प्रांतीय यादव महासभा की बैठक हुई सम्पन्न

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**



पाकुड़ःरविवार को प्रांतीय यादव महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई यह बैठक सिंधीपाड़ा स्थित प्रांतीय यादव महासभा के युवा जिला महासचिव वंशराज गोप के आवास में की गई। उक्त बैठक की अगुवाई युवा जिला कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा यादव द्वारा की गई।बैठक में मुख्य रूप से संगठन को मजबूत बनाने को लेकर रणनीति तैयार की गई। जिसमे जिले में एक हजार लोगो को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। यह कार्यक्रम दिनांक 15/3/23 से संचालित किया जाएगा। इसके साथ ही होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित करने पर विचार करते हुए निर्णय लिया गया की,दिनांक 7/3/23 दिन मंगलवार को संध्या 3 बजे पाकुड़ नगर स्थित राजापाड़ा के कालीतल्ला समुदियक भवन में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जहां ज्यादा से ज्यादा संख्या में यादव समाज के लोगो को एकत्रित कर एकजुटता का संदेश दिया जाएगा। मौके पर अजय यादव,शंभू यादव,कालीचरण घोष,शिवनारायण यादव,अमित यादव,राजेश यादव,पियूष घोष,नकुल यादव, पारसनाथ घोष,बैधनाथ यादव मौजूद थे।

## कौशल विकास केंद्र में छह दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण का हुआ समापन



**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**

नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड स्थित कौशल विकास केंद्र में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन डी ए वाई-एन यू एल एम के समूह की महिलाओं का छह दिवसीय उधमिता विकास प्रशिक्षण का हुआ समापन ' जिसमें नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने समूह के 18 दीदी को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना डी ए वाई-एन यू एल एम के नगर मिशन प्रबंधक मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि समूह के महिलाओं का उधमिता विकास हो इसके लिए प्रशिक्षक वापी दास के द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमी बनने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा था जिसका आज प्रशिक्षण समापन हो गया इस प्रशिक्षण से महिलाएं स्वावलंबी एवं आत्मविश्वास बनेगी' इस कार्यक्रम में योजना के सी ओ खुशीलाल हेंब्रम एवं सामुदायिक संसाधन सेविका डॉली खातून ,सुनीता कुमारी, खुशबू रजक, मंटू रजक, बसंती एवं समूह की महिलाओं आदि उपस्थित थे

## मोहनपुर जाने के क्रम में सांसद सुनील सोरेन नाला में कार्यकताओं से मिले

**दैनिक शुभ भास्कर सुष्मिता कुमारी नाला (जामताड़ा)**



मोहनपुर जाने के क्रम में दुमका सांसद सुनील सोरेन नाला में कार्यकताओं से मिले।इस क्रम में मुकुंडी मोड़ के समीप भाजपा मंडल कार्यालय में नाला मंडल अध्यक्ष जितेंद्र राउत के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने सांसद सुनील सोरेन तथा पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंद झा को फूल माला एवं बुके देकर उनका हार्दिक अभिनंदन किया।इस अवसर पर सांसद श्री सोरेन ने कुछ क्षण बैठकर कार्यकताओं से हाल-चाल लिया और पार्टी संगठन तथा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुए। इस क्रम में सांसद सुनील सोरेन ने वर्तमान राज्य सरकार की कार्यशैली पर चर्चा की। कहा कि राज्य के हेमंत सरकार केवल केंद्र सरकार द्वारा संचालित हर घर नल जल योजना, किसान सम्मान निधि योजना सभी योजनाओं को शिथिल करने का काम कर रही है। कहा कि राज्य में हेमंत सरकार के शासनकाल में चारों ओर भ्रष्टाचार अफसरशाही का बोलबाला हो गया है। यह भ्रष्ट सरकार है नैतिकता के आधार पर इसे इस्तीफा दे देनी चाहिए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जितेन राउत,महामंत्री कार्तिक गोराई ,परेश मोदी कोड़ा ,युवा मोर्चा अध्यक्ष कमल पैतंडी, सांसद प्रतिनिधि देवेन माजी, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष संतोष भोक्ता, एसटी मोर्चा अध्यक्ष रंजीत मरांडी ,एसटी मोर्चा अध्यक्ष मिनिसर मुर्मू ,पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक बाउरी, कोषाध्यक्ष बकुल मंडल ,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष जगतपति पाल ,महिला मोर्चा अध्यक्ष चिंता माजी ,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष गोरा चांद मंडल प्रदीप मंडल ,मंटू गोराई, प्रभारी अर्जुन मंडल, पालन दास, विजय दास, प्रभारी सुबोध मंडल, अनूप बाउरी ,गौतम घोष, जग बंधु पातर, राजू माजी , एससी मोर्चा अध्यक्ष सुजीत बाउरी, गोरा चंद बाउरी ,सुशील राउत सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## सांसद विजय हांसदा अपने झूठे वादों के साथ क्षेत्र में अब नजर आने लगे है :पूर्व विधायक अकील अख्तर

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**




आजसू पार्टी का बैठक कोटालपोखर राजबाड़ी में रविवार को पूर्व विधायक-सह-आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष अकील अख्तर के नेतृत्व में बैठक सम्पन्न हुआ। पूर्व विधायक अकील अख्तर ने साहेबगंज एवं पाकुड़ जिला में आजसू पार्टी का संगठन को मजबूत करने एवं विस्तार करने का सुझाव कार्यकताओं को दिया ताकि आने वाले चुनाव में पार्टी के प्रार्थी को विजयी कर जनता को सुविधाएं उपलब्ध कराया जा सकें। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में निर्वाचित सांसद जीत जाने के बाद लापता हो जाते है, भोली भाली जनता की समस्याओं के प्रति पूरी तरह से उदासीन हो जाते है। पूर्व विधायक अकील अख्तर ने कहा चुनाव नजदीक आ रहा है राजमहल सांसद विजय हांसदा अपने झूठे वादों के साथ क्षेत्र में अब नजर आने लगे है, उनके साथ चलने वाले वीर कार्यकताओं को भी ध्यान से देखें यह चुनाव के बाद कभी नजर नहीं आएंगे। उक्त बैठक को संबोधित करते हुए आजसू जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम ने कहा की राजमहल सांसद विजय हांसदा बताये इस क्षेत्र में बंद पड़े खदानों से संबंधित व्यवसायियों, कर्मचारियों एवं मजदूरों के लिए आप ने क्या किया आपकी उदासीनता ने इस व्यपार जगत को बबार्दी के कगार पर लाकर खड़ा किया है, आपको पता होना चाहिए कि यह पत्थर उद्योग यहां की लाइफ लाइन है। इसके स्थान पर अपने समृद्ध मित्र मंडली (मित्र ठेकेदार) के आर्थिक उथान के लिए अपने सक्रियता दिखाई, रेलवे के हावड़ा एवं मालदा डिवीजन में जो कार्य चल रही है आपने अपने मित्र ठेकेदार को ऊँचाई में पहुंचाने का काम किया आपके मित्र ठेकेदार करोडों में नहीं अरबों रुपया में खेल रहें हैं। सांसद विजय हांसदा आप बताये हमारे सपनों के सुंदर झारखंड राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में झारखंड में अल्पसंख्यकों पर जो जुर्म हुआ मॉब लिंचिंग में हत्या हुई इसके फल स्वरुप क्षेत्र में एक भय और दहशत का माहौल बना, क्या आपने इससे संबंधित लोकसभा के पटल पर इन बातों को उठाया आजसू जिलाध्यक्ष आलम ने कहा कि अभी चुनाव नजदीक दिख रहा है सांसद महोदय फुटबॉल खेल, मदरसा, जलसा एवं दरगाह में हाजरी देकर केवल फर्जी भावनात्मक रूप से जुड़ कर केवल वोट हासील करना चाहते है। क्षेत्र के जनता का कहना है सांसद विजय हांसदा के विरुद्ध इस बार उल्टा गिनती सुरु हो चुका है।उक्त मौके पर पूर्व विधायक सह केंद्रीय उपाध्यक्ष अकील अख्तर, युवा नेता अफिफ अमसल, पाकुड़ जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम, साहिबगंज जिला अध्यक्ष चतुर आनंद पाण्डेय, बरहरवा प्रखंड प्रभारी मोसब्बर, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष रफीक अहमद, बरहरवा कार्यकारिणी अध्यक्ष नवीन दुबे, पाकुड़ जिला प्रवक्ता शेकसादी रहमातुल्ला आलय, पाकुड़ जिला प्रधान सचिव मिथिलेश ठाकुर, साहिबगंज प्रधान सचिव सायेबान साहब, जिला मीडिया प्रभारी अहमदुल्ला, पाकुड़ प्रखंड प्रभारी सानू मुखिया, जिला कोषाध्क्ष सदाकस अली, अफजल, कदम रसूल, मोसा सहित अन्य मौजूद थे।

## महाकाल आदिवासी सांस्कृतिक कला भवन का हुआ शिलान्यास

**शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत**



पाकुड़/पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार महाकाल शक्तिपीठ मंदिर तलवाड़ा पाकुड़ के प्रांगण में मंदिर महालय द्वार पर पूर्व जिला परिषद के अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू द्वारा सिद्धू कान्हू चांद भैरव एवं फूलों झालो की स्मृति में महाकाल आदिवासी सांस्कृतिक कला भवन का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर दुर्गा मरांडी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष, सुलेमान मुर्मू प्रदेश सह संयोजक धर्म रक्षा मंच ,मुखिया नीपू सरदार ,पूर्व मुखिया निमाई सोरेन, मरांग मुर्मू ,श्रीमती शबरी पाल महिला मोर्चा जिला मंत्री भाजपा , भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय, विवेकानंद तिवारी, महाकाल शक्तिपीठ के संरक्षक अनुग्रहित प्रसाद साह तथा संयोजक मंडल के सभी स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा आदिवासी पारंपरिक संस्कृति से संबंधित उनके महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा आदिवासी पारंपरिक सांस्कृतिक वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम के समापन में सामाजिक सांस्कृतिक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सर्व धर्म मिलन एवं सामूहिक भोज का का आयोजन कर एकता का संदेश दिया गया।

## नगर थाना में होली एवं शब ए बारात त्योहार को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**



पाकुड़ शहर के पुलिस थाना परिसर में रविवार शाम 4 बजे शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में आगामी त्योहार होली, रंगपंचमी, शब ए बारात महोत्सव को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि एसडीओ हरिवंश पंडित। प्रखंड विकास पदाधिकारी सफीक आलम कार्यपालक पदाधिकारी कौशलेश यादव नगर थाना प्रभारी सह निरीक्षक मनोज कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों को आगामी त्योहार आपसी शांति और सद्भाव के साथ मनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को जबरदस्ती रंग न लगाएं एसडीओ हरिवंश पंडित ने कहा आपसी सौहार्द पूर्ण माहौल में होली एवं शब ए बारात मनाने की अपील होली में हुड़दंग एवं फूहड़ होली करने की कोशिश करने वाले को शक्ति से निपटा जाएगा खुशियों के साथ होली मनाने की तैयारी करें परिस्थिति से निपटने के लिए प्रशासन तैयार है बैठक में डीजे पर अश्लील गाने बजाने पर प्रतिबंध लगाने, मदिरा सेवन न करने, ट्रिपल राइडिंग न करने अपील की साथ ही सोशल मीडिया आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी अफवाह ना फैलाएं होली शब ए बारात भाईचारे का पर्व है सभी खुशी खुशी मनाए मौके पर उपस्थित एसडीओ हरिवंश पंडित प्रखंड विकास पदाधिकारी सफीक आलम कार्यपालक पदाधिकारी कौशलेश यादव नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार एसआई अभिषेक सिंह और शहरवासी मौजूद थे

## प्रांतीय यादव महासभा की बैठक हुई सम्पन्न



**शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड़/रविवार को प्रांतीय यादव महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक सिंधीपाड़ा स्थित प्रांतीय यादव महासभा के युवा जिला महासचिव वंशराज गोप के आवास में की गई। उक्त बैठक की अगुवाई युवा जिला कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा यादव द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से संगठन को मजबूत बनाने को लेकर रणनीति तैयार की गई।जिसमे जिले में एक हजार लोगो को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। जिसका श्रीगणेश 15 मार्च से किया जाएगा 7 मार्च को राजापाड़ा के कालीतल्ला समुदियक भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। मौके पर अजय यादव,शंभू यादव,कालीचरण घोष,शिवनारायण यादव,अमित यादव,राजेश यादव,पियूष घोष,नकुल यादव, पारसनाथ घोष,बैधनाथ यादव मौजूद थे।

## बैद्यनाथ ने रक्तदान कर बचाया महिला की जान

**शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत**




पाकुड/सत्य सनातन संस्था के सदस्य बैधनाथ चटर्जी उर्फ तापस चटर्जी जी ने रविवार को रक्त अधिकोष में रक्तदान कर 30 वर्षीय महिला की बचाई जान, संस्था के सयुक्त सचिव अजय भगत ने बताया कि हिरणपुर प्रखंड के ग्राम तारापुर निवासी बीरेंद्र साहा की पत्नी गंगामुनि देवी खून की सख्त आवश्यकता थी, जिस कारण उनको इलाज के लिए पाकुड़ के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सको ने रक्त की कमी बताई, मरीज के पति बीरेंद्र साहा ने रक्त के लिए संस्था से संपर्क किया, परंतु रक्त समूह अति दुर्लभ रहने बावजूद रक्त की महत्व और जीवन सुरक्षा के लिए संस्था के सदस्य बैजनाथ चटर्जी जी ने पुराना सदर अस्पताल के निकट अधिकोष पहुंचकर अपना रक्तदान किया। रक्त प्राप्ति के बाद मरीज के पति बीरेंद्र साहा उनके परिजनों ने संस्था के सदस्यों को हृदय से धन्यवाद दिया है। रक्तदाता ने कहा कि रक्त की कमी के कारण किसी का जीवन नही जाना चाहिए। रक्तदाता ने कहा कि उनका रक्त बहुत दुर्लभ होने के कारण उन्हें रक्तदान करने का ज्यादा मौका नहीं मिल पाता है। लेकिन उन्हें जब भी मौका मिलता है वो इसके लिए सदैव तैयार रहते हैं और आगे भी संस्था के आह्वान पर रक्तदान करते रहेंगे।इस मौके पर संस्था सक्रिय सदस्य सत्यम कृष्णा के साथ साथ कर्मचारी नवीन कुमार एवम अन्य मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में शामिल वाहनों पर प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक शुभ भास्कर माँझी/मनीष पाण्डेय मिन्टू**

दाउदपुर बाजार स्थित मुख्य मार्ग 531 के बस स्टैंड में कल हुए सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद दूसरे दिन मृतक के परिजनों ने दाउदपुर थाना में हाइवा और ट्रैक्टर के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार तीनो मृतकों के परिजन रविवार को दाउदपुर थाना पहुच कर संयुक्त रूप से हाइवा ट्रक, ट्रैक्टर व चालको पर प्राथमिकी दर्ज कराई।बताया जाता है क शनिवार की दोपहर छपरा-सिवान मुख्य मार्ग के दाउदपुर बस स्टैंड में हाइवा ट्रक ने ट्रैक्टर जोरदार टक्कर मारने के दौरान तीन युवक की मौत हो गई। मृतक दाउदपुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव के दो युवक में एक हर्षपूरा गांव के शिक्षक सुनील कुमार राम का 19 वर्षीय पुत्र कुमार अनिकेत तथा लेजुआर गांव के राज किशोर राम के 33 वर्षीय पुत्र सुशील कुमार राम है जबकि तीसरा युवक रिविलगंज थाना क्षेत्र के कुरई छपरा गांव के चन्देध्वर महतो का 25 वर्षीय पुत्र मुन्ना महतो शामिल थे। वही दाउदपुर थानाध्यक्ष बीरेंद्र राम ने वाहनों व चालकों पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## कुंडहित थाना गेट के पास वाहन जांच के दौरान वाहनों का कटा चालान




**दैनिक शुभ भास्कर मोहन मंडल कुंडहित(जामताड़ा)**

रविवार को पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियरी के निर्देश पर कुंडहित थाना गेट के सामने एसआई सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में वाहन जांच चला गया। इस दौरान दोपहिया वाहनों में चालक के हेलमेट, गाड़ी के कागजात, ट्रिपल लोडिंग आदि की जांच किया गया। वही चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट की जांच की गई। जांच के दौरान कई वाहनों का चालान काट कर छोड़ दिया गया। विदित हो कि सड़क सुरक्षा को लेकर कुंडहित पुलिस द्वारा लगातार वाहन जांच जारी है। लेकिन लोगों मे इस बाबत जागरूकता देखने को नहीं मिल रही है।बार-बार नसीहत देने के बाद भी वाहन चालक हेलमेट पहनकर वाहन नहीं चला रहे हैं। रविवार को विभागीय निदेर्शानुसार कुंडहित थाना द्वारा वाहन चालकों को जागरूक करने के उद्देश्य से मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में माईकिंग कर प्रचार प्रसार किया गया। बता दें कि आए दिन सड़क दुर्घटना के आंकड़ों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है । वाहन चालकों को जागरूकता करने को लेकर प्रशासन की ओर से यह पहल की गई है। इस दौरान वाहन चालकों और उनके परिवार से निवेदन करते हुए कहा गया कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें दुपहिया वाहन चालक हेलमेट लगाएं और चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगाएं। इस बाबत जानकारी देते हुए थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि यातायात नियमों को लेकर लोगों में कम जागरूकता दिखती है लेकिन हम इसका प्रचार करें तो निश्चित ही सड़क दुर्घटना के आंकड़े में कमी आएगी। उन्होंने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि वाहन तलाशी के दौरान पुलिस का सहयोग करें वही हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग आवश्यक रूप से करें।

## वाहन चालकों को जागरूक करने के उद्देश्य से कुंडहित पुलिस द्वारा मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में किया गया मायकिंग

**दैनिक शुभ भास्कर मोहन मंडल कुंडहित (जामताड़ा)**

रविवार को विभागीय निदेर्शानुसार कुंडहित थाना द्वारा वाहन चालकों को जागरूक करने के उद्देश्य से मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मायकिंग कर प्रचार प्रसार किया गया। विदित हो कि आए दिन सड़क दुर्घटना के आंकड़ों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसके रोकथाम के उद्देश्य से वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए प्रशासन की ओर से यह पहल की गई है। इस दौरान वाहन चालकों और उनके परिवार से निवेदन किया गया कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। दुपहिया वाहन चालक हेलमेट लगाएं और चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगाएं। इस बाबत जानकारी देते हुए थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि यातायात नियमों को लेकर लोगों में कम जागरूकता दिखती है लेकिन हम इसका प्रचार करें तो निश्चित ही सड़क दुर्घटना के आंकड़े में कमी आएगी। उन्होंने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि वाहन तलाशी के दौरान पुलिस का सहयोग करें वही हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग आवश्यक रूप से करें।

## अच्छी पहल- पुलिसकर्मियों की मुस्तैदी पर नजर रखने के लिए रक्षक नामक ई-बीट सिस्टम चौक चौराहों पर चिपकाया गया

**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा**

मिहिजाम नगर में पुलिसकर्मियों की मुस्तैदी पर नजर रखने के लिए रक्षक नामक ई-बीट सिस्टम तैयार किया गया है। गश्ती दल इलाके का भ्रमण कर रहे है या नहीं या एक ही स्थान पर खड़े रह कर अपनी ड्यूटी बजा रहे हैं। इस पर नियंत्रण करने के लिए ई-बीट सिस्टम लागू किया गया है। इसके तहत अलग-अलग स्थानों पर पुलिस स्कैनर पोस्टर लगा रही है। जब गश्ती दल के पदाधिकारी उक्त इलाके में पहुचेंगे तो अपने मोबाइल से पोस्टर पर स्कैन करेंगे। ऐसा करते ही थाना प्रभारी व एसपी कार्यालय को इसकी जानकारी मिल जायेगी कि गश्ती दल अभी किस स्थान पर है। इससे गश्ती दल अपने बीट के अनुसार इलाके में भ्रमण करते हैं या नहीं यह पता चलेगा। साथ ही इलाके में किसी प्रकार की घटना होने पर दल को उक्त स्थान पर जल्द रवाना होने की सूचना भी उपलब्ध करा दी जायेगी। थाना प्रभारी प्रणय सत्यम ने इस बारे में बताया कि नगर इलाके को चार भाग में विभाजित किया गया है। इन चार भागों में नगर क्षेत्र के विभिन्न मुहल्ले शामिल रहेंगे। लोगों को पुलिस की सहायता अविलंब प्राप्त हो, इस उद्देश्य को ध्यान में रखकर यह प्रयोग किया जा रहा है.। बता दें कि प्रथम बीट में अमोई के तहत अरविंद कालोनी, आमबगान, पालबगान, बादुलीगढ, मस्जिद रोड, कालीतल्ला, हिलरोड रामुखटाल, कुमीर्पाड़ा शामिल हैं. दूसरे बीट में रामनगर, कानगोई, विश्वकर्मा मंदिर, हांसीपहाडी, हलुदकनाली है. तीसरे बीट में सालबगान, कोड़ापाड़ा, कृष्णानगर, हटिया, हांडीपाड़ा, पीबी रोड, छाताडंगाल, राजबाड़ी, हाईस्कूल पूर्वी भाग शामिल हैं. चौथे बीट में हाईस्कूल पश्चिम भाग, मालपाड़ा, पोखरतल्ला, न्यू कालोनी पोखरतल्ला, डोमदहा श्मशान घाट, गांधीनगर, अम्बेदकरनगर, कानगोई, बुटबेरिया को शामिल किया गया है. इन इलाकों के अलग-अलग स्थानों पर पुलिस के द्वारा स्कैनर पोस्टर चिपकाया जायेगा, ताकि गश्ती दल के पदाधिकारी अपने मोबाइल से स्कैन से दल की मौजुदगी का परिचय दे सके.

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर 72 वाहनों पर कारवाई, वसुली गई 77000 रुपए जुमार्ने की राशि

**दैनिक शुभ भास्कर शेखर कुमार क्राइम रिपोर्टर**

देवघर। यातायात पुलिस ट्राफिक के नियमों को पालन कराने के लिए सड़क पर उतरी।विशेष अभियान चलाकर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले विभिन्न वाहनों के खिलाफ करवाई की गई। साथ ही करीब 77000 रुपए का जुमार्ना भी वसुला गया। जानकारी के अनुसार एसपी सुभाष चंद्र जाट के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। साथ ही विभिन्न वाहनों से ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर कारवाई भी किया गया। जिसमें डीटीओ ऑफिस के समीप से 19 वाहन से 18500 रुपए, मीना बाजार के समीप से 17 वाहन से 13500 रुपये जुमार्ने की राशि वसूली गई। सत्संग चौक से 10 वाहन से 16000 रुपये जुमार्ने की राशि वसूली गई। इसके अतिरिक्त कांग्रेस मोड़ से रॉंग साइड आने वाले कुल 19 मोटरसाइकिल एवं एक टोटो को पकड़ कर थाना लाया गया। जिसमें कुल 20 चालान काटा गया एवं 29000 रुपए जुमार्ने की राशि वसूल की गई।

## होली मिलन में बिहार विभूति अवार्ड संपन्न



**पटना** - स्थानीय डॉक्टर कॉलोनी स्थित एमएनपी एकेडमी सभागार में बिहार स्वास्थ्य शिक्षा परिषद,पटना की ओर से 38 वर्ष होली मिलन समारोह के साथ-साथ "बिहार विभूति अवार्ड" कई प्रतिभावान को दिया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के जेडीयू युवा नेताअरविंद कुमार उर्फ छोटू सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही प्रख्यात समाजसेवी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ दिवाकर तेजस्वी, विधान पार्षद व राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा के डॉ संजय मयूख, प्रदेश प्रवक्ता डॉ विनोद शर्मा, राजीव रंजन शर्मा,एमएनपी प्रोडक्शन के निदेशक नीरज सिन्हा एवं जयंती सिन्हा, प्रख्यात लोक गायक उमेश सिंह सुशील ने होली के अवसर पर अपने विचार भी व्यक्त किए और सभी को शुभकामनाएं दी। आरंभ में उमेश सिंह सुशील ने आगंतुक अतिथियों कलाकारों को अपने लोक गायन से सभी का स्वागत किया जो अति सराहनीय रहा। अतिथियों के द्वारा डॉक्टर एस के मिश्रा, डॉ राजेश कुमार,मंजर सुलेमान, प्रांगण संस्था के सचिव अभय सिन्हा,वादन विधा में सतीश उपाध्याय, कला में महेश स्वर्णकार को बिहार विभूति से नवाजा गया। सम्मान स्वरूप आकर्षक प्रतीक चिन्ह अंगवस्त्रम एवं सम्मान पत्र अतिथियों के द्वारा प्रदान किया गया। समारोह की अध्यक्षता बिहार स्वास्थ्य शिक्षा परिषद के अध्यक्ष विश्व मोहन चौधरी संत ने किया उन्होंने कहा किया कार्यक्रम विगत 38 मी वर्ष आज संपन्न हो रहा है जब तक मेरी सांस चलती रहेगी इस तरह का आयोजन को सफल ही भूत करते रहेंगे उन्होंने आगे कहा के कलाकार और पत्रकार का सेवा करना मेरा परम कर्तव्य है मैं कभी भी इसमें पीछे नहीं हटूंगा। रंग अबीर और सुरुचिपूर्ण व्यंजन से सभी को परोसा गया और कई कलाकारों ने अपनी होली के गीत नृत्य सभी आगंतुक लोगों का मनोरंजन किया। जैसा कि हम जानते हैं की होली के इस त्यौहार में सभी एकजुट होकर के होली के रंग में सरोवर होते हैं और सभी को शुभकामनाएं देते हैं संगत कलाकारों के साथ कई कलाकारों ने अपने संगीत नेट से सभी का मनोरंजन किया जिसमें रिचा वर्मा अनुष्का जयसवाल सनी गुप्ता आकाश कुमार राज रंजन सिंह दिव्य मोहन सौरभ सिंह उमेश सिंह सुशील जयंती सिन्हा सतीश उपाध्याय अरुण कुमार गौतम वंदना कुमारी आदी प्रमुख थी।

## बरणवाल सेवा समिति जामताड़ा ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा**

बरनवाल सेवा समिति ने रविवार को अपने गठन के प्रथम वर्ष अहिबरन होली मिलन समारोह का आयोजन किया। विदित हो कि अहिबरण होली मिलन समारोह का आयोजन बरनवाल सेवा समिति जामताड़ा के अध्यक्ष दीनदयाल बरणवाल के कायस्थपाड़ा स्थित आवास पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बरणवाल समाज के लोगों द्वारा अहिबरण महाराज के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर किया गया। समिति के वरिष्ठ सदस्य किशन लाल बरणवाल ने बताया कि होली प्रेम, हर्ष, उल्लास के प्रकटीकरण का मौका होता है।आपस में हम सभी होली मिलकर मनाएं। मौके पर लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। होली के गीतों पर पुरुष-महिला और बच्चे



जमकर झूमे। समारोह में लजीज व्यंजन का भी लुत्फ उठाया गया। समारोह को सफल बनाने में संतोष बरणवाल, निरंजन बरणवाल, अनील बरणवाल,मुकेश बरणवाल, अभय बरणवाल, रमेश बरणवाल सहित समाज के अन्य महिला पुरुष सदस्यों का सराहनीय भूमिका रही।

## शार्ट सर्किट से लगी आग में घर का सारा सामान जलकर खाक



**दैनिक शुभ भास्कर मोहन मंडल कुंडहित(जामताड़ा)**

शनिवार की देर शाम सियारसुली गांव के एक घर में आग लग गई। आग इतनी जबरदस्त थी कि घर का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से घर में आग लगी है।लेकिन इसकी अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सियारसुली निवासी विधवा मोनिका घोष के घर में शनिवार की देर शाम को अचानक शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। आग की लपटें इतनी जबरदस्त थी कि घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया। इधर आग लगते ही मोनी घोष द्वारा हो हंगामा कर ग्रामीणों को इकट्ठा किया गया। वही ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया था। अगलगी की इस घटना को लेकर पीड़िता मोनिका घोष का रो-रो कर बुरा हाल है। इधर पीड़ित द्वारा स्थानीय प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## मां चंचला पूजानोत्सव ,बाबा भोले महारुद्राभिषेक, महा मृत्युंजयजाप और महाआरती कार्यक्रम सम्पन्न

**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा**

रविवार को मां चंचला वार्षिक महोत्सव समिति की ओर से मां चंचला मंदिर में एकदिवसीय मां चंचला पूजानोत्सव ,बाबा भोले महारुद्राभिषेक, महा मृत्युंजयजाप और महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस एकदिवसीय पूजनोत्सव कार्यक्रम में मुख्य यजमान पुर्व नप अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल थे।मां चंचला देवी की प्रातकालीन भव्य पूजा अर्चना की गई।उसके बाद बाबाधाम देवघर से आए हुए ब्रह्मणों के द्वारा मां चंचला मंदिर प्रांगण में स्थित महादेव मंदिर में बाबा भोलेनाथ का वैदिक मंत्रोंचार के द्वारा पूरे विधिविधान के साथ महारुद्राभिषेक तथा साथ ही 11 ब्राह्मणों के द्वारा महा मृत्युंजयजाप का भव्य आयोजन किया गया। पंडितों के द्वारा पूरे गाजे बाजे ,वैदिक मंत्रोचार और भजन के साथ भव्य महाआरती का भी आयोजन हुआ। पूजनोत्सव



के दौरान पूरा जामताड़ा शहर वैदिक मंत्रोंचार के साथ गूंज उठा।पूजनोत्सव उपरांत मुख्य यजमान वीरेंद्र मंडल ने अपने हाथों से पूजा कार्यक्रम में सम्मिलित होने आए सभी ब्राह्मणों को भोजन कराया और दान दक्षिणा प्रदान किया।मां चंचला मंदिर प्रांगण में एकदिवसीय पूजनोत्सव कार्यक्रम के तहत संध्या में मशहूर बांग्ला पाला कीर्तन का भी आयोजन किया गया।मुख्य यजमान वीरेंद्र मंडल ने कहा की मां चंचला वार्षिक महोत्सव समिति की और जामताड़ावासियों के सुख समृद्धि के लिए यह अनुष्ठान किया गया है। मां चंचला वार्षिक महोत्सव समिति के वरीय सदस्य मोहनलाल वर्मन ने कहा की पिछले दिनों हमारे समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल पर एक साजिश के तहत जानलेवा हमला करने की कोशिश की गई थी , जो मां चंचला की कृपा से नाकाम रही और उनकी जीवन रक्षा तथा समस्त जामताड़ावासी सुख शांति समृद्धि हेतु मां की पूजा अर्चना, बाबा भोलेनाथ महा रुद्राभिषेक और महामृत्युंजय जाप का आयोजन भव्य रूप से सुसंपन्न हुआ।

मौके पर मुख्य रूप से राजा अजीत सिंह, मनोज सिंह, सतीश सिंह, बाबू मुखर्जी, प्रकाश दुबे, त्रिलोचन पांडे, व्रजेन गण, तारिणी पाल, रविंद्र सिंह, राजकुमार सिंह, कपिल देव प्रसाद, ध्रुवदास मिश्रा, गौतम मिश्रा, सागर मिश्रा, कामाख्या मिश्रा, पिंटू गुप्ता,लखींद्र सिंह,जीत दुबे ,गौरी शंकर मंडल, विकास मंडल,प्रेम भंडारी, अशोक मंडल,सुकुमार सरखेल, ब्रजेश रावत परेश महतो मनोज भंडारी शंकर यादव सहित सैकड़ों की संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## गिरी वनवासी के सदस्यों ने आदिवासी भाइयों के बीच मनाया होली मिलन समारोह

**दैनिक शुभ भास्कर मुरारी मंडल देवघर प्रखंड संवाददाता**

गिरी वनवासी कल्याण परिषद देवघर नगर शाखा के द्वारा घोरमारा के बांझी गांव में बहुत ही धूमधाम के साथ आदिवासी भाई बहनों के बीच होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम फुलो के साथ साथ रंग गुलाल की बोछार के साथ आदिवासी परम्परागत नृत्य संगीत तरीके से बहुत ही सादगी के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम भारत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित की गई। उसके बाद ढोलक ,डफली, झांझ,मंजीरा के के साथ होली मिलन समारोह कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस कार्यक्रम में तरह-तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ ठंडाई का लुफ्त आदिवासी भाइयों के साथ उठाया गया। शाखा अध्यक्ष प्रदीप बाजेला ने कहा कि यह कार्यक्रम हम लोग हर वर्ष बांझी गांव में सदस्यों के साथ मनाते आये हैं। साथ ही देवघर शाखा वनवासी कल्याण परिषद आदिवासियों के लिए लगातार कुछ



ना कुछ कार्य करती रहती है। कार्यक्रम संयोजक विजया सिंह ने कहा कि होली मिलन समारोह हम सभी के लिए एक प्रेम का संदेश है। इस कार्यक्रम में हम लोग सब कुछ भूल कर एकता का परिचय देते हैं। आदिवासी भाई बहनों के साथ होली मनाने में हमें काफी खुशी होती है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित गिरी वनवासी कल्याण परिषद के अध्यक्ष प्रदीप बाजला, सचिव जगमोहन टिबडेवाल, संजीव जजवाडे, रीता चौरसिया, अभय सराफ, बबलू सिंह, राजीव, सचिन सुल्तानिया, विजया सिंह, अनिल टेकरीवाल, पवन टमकोरिया, शंकर सिंघानिया, अशोक पाल, शशांक शेखर अग्रवाल, दीपक बजाज, अशोक मोदी, बुधन हेम्बरम सहित कई महिला सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थी।

## पतंजलि परिवार ने हवन यज्ञ के साथ होली मिलन समारोह का किया आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर मुरारी मंडल देवघर प्रखंड संवाददाता**

पतंजलि परिवार के द्वारा जलसार योग कक्षा में भारत स्वाभिमान न्यास के प्रांतीय सदस्य सह जिला प्रभारी अनुज कुमार त्यागी के नेतृत्व में सामुहिक रूप से हवन यज्ञ के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया। इस अवसर पर समाजसेवी, पार्षद सह बीजेपी प्रदेश नेत्री रीता चौरसिया, बीजेपी महिला जिला अध्यक्ष विजया सिंह विशेष रूप से उपस्थित थी। मौके पर कुमुद देवी, नीलम देवी ने अंग वस्त्र पहना कर अतिथियों को सम्मानित किया। होली मिलन समारोह में एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। मौके पर रीता चौरसिया ने कहा कि होली पर्व आपसी प्रेम को बढ़ाता है। जिला संयोजक अनुज कुमार त्यागी ने बताया कि पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के निर्देश में 8 मार्च को नंदन पहाड़ तलाब में प्राकृतिक चिकित्सा विधि से किचड़ स्नान, मिट्टी लेप होली खेली जाएगी। इसमें अनेकों प्रकार के औषधि मिलाया जाएगा। इस समारोह



में काफी संख्या में लोग जुटेंगे। आज के होली मिलन समारोह में युवा प्रभारी मनोज कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी सुमित सौरभ, मुख्य योग शिक्षक शंभू कुमार बरनवाल, समाजसेवी चंदन वर्णवाल, शिव ओतार बरनवाल, प्रमोद कुमार, कुशेश्वर चौधरी, रामेश्वर मोदी, वीर बहादुर ठाकुर, विजय बरनवाल, अशोक सरावगी, पंकज बरनवाल, गुड्डू बरनवाल, शंकरी मिश्रा, बालवीर पंडित,तारा देवी, रीता बरनवाल मीरा देवी, अनिता देवी, शिप्रा केसरी ज्योति बरनवाल, पुष्पा सिंह, इधर नंदन पहाड़ गोलंबर योग शिविर में भी होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि जिला संयोजक अनुज कुमार त्यागी समेत योग शिक्षक संजीव कुमार सिंह, बबलू बरनवाल, राकेश कुमार, धीरेंद्र मंडल, शिबू कुमार मुकेश सिंह अनंत कुमार अनिल कुमार, सुनील केसरी, अशोक सिंह, मनीष कुमार, विक्रम कुमार, कौशल किशोर समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाजयुमो ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर मुरारी मंडल देवघर प्रखंड संवाददाता**

भाजयुमो नगर कार्यालय में नगर अध्यक्ष दिलीप वर्णवाल के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक सह जिला अध्यक्ष नारायण दास भी शामिल रहे। साथ ही फगुवा के गीतों पर सभी कार्यकताओं के साथ रंग अबीर गुलाल एक दुसरे को लगा कर खुशी जाहिर किया। मौके पर उपस्थित दिलीप वर्णवाल,राजु कैशरी, शुभम् भारद्वाज, आइसी दुबे, मुरारी मंडल,विशु राय, नेहा सिन्हा, बबीता सिंह, बबिता आर्य, खुशबू झा,सोनी भारती, रेणु देवी, शांता देवी, अर्चना देवी,आशा देवी,सिन्टु उपाध्याय, शुभम् कुमार, अनिता हेम्बर आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस के केंद्रीय महासचिव ने जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी सहित तीनों विधायकों का निलंबन वापस करने के दिये संकेत

**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा**

शुक्रवार को कैश कांड में कांग्रेस के जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली थी। जस्टिस एस चंद्रशेखर की अदालत ने अरगोड़ा थाना में दर्ज जीरो एफ आई आर और कोलकाता में दर्ज मामला को क्वैश कर दिया था। बता दें कि 24 फरवरी को बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शुक्रवार को अदालत ने विधायकों को पक्ष में फैसला सुनाया था। अब यह मामला ही खत्म हो गया। तीनों विधायक पर लगा आरोप नहीं टिक पाया। इस खबर के दो दिन बाद फिर तीनों विधायकों के लिए बड़ी राहत की खबर मिल रही है। दरअसल तीनों विधायकों का निलंबन वापस करने के संकेत मिले हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस के केंद्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल



की ओर से इस संबंध में पत्र जारी भी हो सकता है। मतलब अब एक बार फिर से कांग्रेस की बैठकों व कार्यक्रम में तीनों विधायकों नजर आने लगेंगे। बताते चलें कि शनिवार को विधानसभा में ही कांग्रेस के विधायकों के बीच की दूरियां मिटती नजर आ रही थी। कांग्रेस विधायक अनूप सिंह और डॉ इरफान अंसारी ने एक दूसरे को गले लगाया। इसके साथ ही दोनों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई। इस दौरान अनुप सिंह ने इरफान अंसारी को बड़ा भाई तो इरफान ने अनूप सिंह को छोटा भाई कहा। वहीं, इरफान अंसारी ने कहा कि भाई से गलती हो जाती है तो क्या वह अधिक दिनों तक एक दूसरे से नाराज रह सकते हैं।मालूम हो की कैश कांड में डॉ इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाडी के खिलाफ विधायक अनूप सिंह ने अरगोड़ा थाने में जीरो एफआईआर दर्ज कराया था। हालांकि कैश कांड में फंसे तीनों विधायकों को हाईकोर्ट से राहत मिल चुकी है। जिसके बाद विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह के दौरान दोनों विधायकों ने पुरानी नाराजगी को छोड़ कर एक-दूसरे को गले लगाया। विदित हो कि सरकार को गिराने के लिए तीनों विधायकों पर पैसे लेने का आरोप लगा था। यह भी कहा गया था कि सूचक को ऐसी उम्मीद है कि सभी सरकार गिराने के लिए प्रयास कर रहे थे और उनसे भी इसमें शामिल होने को कहा गया था। लेकिन इसके समर्थन में कोई केस नहीं किया गया। तीनों कांग्रेसी विधायकों को कोलकाता पुलिस ने 30 जुलाई 22 को हावड़ा के पांचला में 49.37 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया था। तीनों के खिलाफ कोलकाता पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है और यह मामला फिलहाल कोलकाता के न्यायालय में लंबित है। तीनों विधायकों को कोलकाता हाईकोर्ट ने जमानत प्रदान की थी।

## कंडेर में मनाया गया विश्व महिला दिवस




रामगढ़। केजीवीके एवं एचडीएफसी बैंक द्वारा समग्र ग्राम विकास परियोजना के अंतर्गत ग्राम कंडेर में विश्व महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अथिति कंडेर पंचायत के मुखिया रविन्द्र करमाली एवं विशिष्ट अथिति पंचायत समिति सदस्य पुनिता देवी व सरिता देवी के द्वारा विधिवत दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। सर्वप्रथम जागरूकता रैली का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए मुख्य व विशिष्ट अथितियों के द्वारा महिलाओ के सम्मान में उनके अधिकार व कर्तव्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई. उसके साथ ही उत्कृष्ट खेल, उद्यम, शिक्षा, कृषि में प्रदर्शन करने वाले महिलाओ, किशोरियो को बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओ के द्वारा महिला जागरूकता गीत और संगीत की प्रस्तुति की गई. कार्यक्रम का संचालन सरिता कुमारी व धन्यवाद ज्ञापन किरण देवी ने किया. मौके पर केजीवीके की ओर से प्रबंधक सोमेन महतो, उपप्रबंधक अनुप उपाध्याय, कार्तिक कुमार, सुनिल बेदिया, बेबी देवी, गुड़िया देवी, अनिमा कुमारी, सुषमा कुमारी, संगीता देवी, अनीता देवी, क्रांति देवी, मनोज करमाली के साथ साथ सैकड़ो ग्रामीण महिलाएं एवं किशोरी उपस्थित थे।

## श्री विश्वकर्मा स्वाभिमान जागरण अभियान के तहत विश्वकर्मा न्यास समिति का होली मिलन समारोह संपन्न

**दैनिक शुभ भास्कर भुरकुंडा (रामगढ़)।**

श्री विश्वकर्मा न्यास समिति के तत्वावधान में रविवार को पतरातू डैम में श्री विश्वकर्मा स्वाभिमान जागरण अभियान के तहत पारिवारिक मिलन सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा की वंदना, जयकारा, विश्वकर्मा चालीसा, आरती का आयोजन आदि धार्मिक अनुष्ठान हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि समिति के अध्यक्ष शिवनाथ विश्वकर्मा, विशिष्ट अतिथि बैजनाथ आनन्द, राजेंद्र प्रसाद राणा, लक्खी राणा, संजय शर्मा, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, राममनी विश्वकर्मा, सरोज राणा, प्रह्लाद शर्मा, बबलू शर्मा, गोविंद शर्मा, रविंद्र शर्मा,



रामप्रवेश मिस्त्री, बाल मुकुंद शर्मा, ललन शर्मा, महिला समिति अध्यक्ष मंजू शर्मा, उपाध्यक्ष अनूपा विश्वकर्मा, सचिव रीना कुमारी, कमला देवी, रेणु देवी, शिल्पा देवी, वंदना शर्मा, खुशबू कुमारी, लक्ष्मी शर्मा, नन्दनी कुमारी उपस्थित थी। समारोह में एक दूसरे का परिचय हुआ। इसके बाद सृष्टि के रचयिता, महान शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा के जीवनी और उनके कर्मों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि विश्वकर्मा समाज के विकास और उत्थान के लिए हमें एकजुट होना होगा। समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना होगा। दहेज जैसी बुराईयों को मिटाना होगां समाज के बच्चों को शिक्षित करना होगा। राजनीतिक रूप से मजबूत होना होगा तभी हम समाज का उत्थान और विकास कर सकते हैं। मुख्य अतिथि शिवनाथ विश्वकर्मा कहा कि समाज के लोग एक दूसरे के साथ सम्बन्ध को बढ़ाएं। सम्बंध ही हमें वैवाहिक संबंधों को जोड़ने में मददगार साबित होगा। उन्होंने कहा कि सृष्टि के रचयिता भगवान विश्वकर्मा के हम वंशज हैं। इसलिए विश्वकर्मा समाज को जागृत करने का काम करें। कार्यक्रम के अंत में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें समाज के लोगो ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। समारोह में रांची, रामगढ़, पतरातू, भुरकुंडा, भदानीनगर, सौंदा डी, रीवर साइड, पटेलनगर, सहित दर्जनों क्षेत्र के विश्वकर्मा समाज के सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

## स्पीड ब्रेकर के पास सड़क दुर्घटना में महिला गिरकर हुयी जख्मी



**बांका/कटोरिया से संवाददाता श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**

बांका/कटोरिया-सुइया मुख्य मार्ग पर तरपतिया के पास स्पीड ब्रेकर पर शनिवार को सड़क दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। जख्मी महिला गिरिडीह जिला के जमुआ थाना क्षेत्र के सोहागड़ा गांव के भूदेव चौधरी की पत्नी पोदीना देवी शामिल है। जानकारी के अनुसार जख्मी महिला अपने रिश्तेदार के साथ बाइक द्वारा सुल्तानगंज गंगास्नान करने जा रही थी। इसी दौरान तरपतिया के पास सड़क पर स्पीड ब्रेकर की वजह से बाइक का असंतुलित होकर पीछे बैठी महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर एम्बुलेंस द्वारा जख्मी महिला को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया। जहां डा. बिनोद कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया।

## लोकल सेल संचालन समिति को ले 4 राजस्व गांव के ग्रामीणों की कुरसे पंचायत भवन में हुई बैठक, विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा

**भुरकुंडा (रामगढ़)-** कुरसे पंचायत भवन में लोकल सेल संचालन समिति को लेकर 4 राजस्व गांव का बैठक हुई। जिसमें राजस्व गांव कुरसे, बलकुदरा, देवरिया, दुंदुवा गांव के ग्रामीण शामिल हुए। बैठक की अध्यछता मुखिया संदीप उरांव ने को। बैठक में संगठन के अगुवा दस्ता द्वारा अपनी अपनी बातें रखी गई। जिसमें सभी ने मिलाकर एक लोकल सेल संचालन समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। कहा गया की लोकल सेल संचालन समिति का गठन कर अंचलाधिकारी, भुरकुंडा पीओ, एसडीओ को पत्र दिया जाएगा। मौके पर मुखिया विजय मुंडा, पूर्व जिला परिषद झरी मुंडा, राजेंद्र मुंडा, रामदास बेदिया, विजय साहू, राणा सिंह, प्रदीप मांझी, संतोष मांझी, कार्तिक मुंडा, राजू मुंडा, योगेंद्र यादय, राजराम प्रसाद, अजय साहू, देवानंद प्रसाद, बीरेंद्र



मांझी, बीरेंद्र यादव, खुसबू देवी, सन्नी बेसरा,फुलेस्वर राम,संकर मांझी, कैलाश साहू, अजय साहू, बिहारी मांझी, महेश सिंह, जयलाल सिंह, संजय यादय, रोहित मुंडा,उकेश यादव, मनोज मुंडा, रबिन्द्र यादव, जीतेन्द्र मुंडा, संतोष यादव, जनार्दन मुंडा, प्रिंस बेदिया, अनिल खाखा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजुद थे।

## एनटीपीसी एवं एल एंड टी द्वारा दर्ज मुकदमे में जेल भेजे गए 6 लोगों को मिली बेल, निकले जेल से बाहर

**दैनिक भास्कर हजारीबाग/ केरेडारीः-** चट्टी बारियातू कोल खनन परियोजना व एल एंड टी कंपनी प्रबंधन द्वारा केरेडारी थाने में दर्ज किए गए थाना कांड के तहत कुल 6 विस्थापित आंदोलनकारियों को विगत दिनों न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। दिन शनिवार को न्यायालय के द्वारा उक्त सभी विस्थापितों को बेल मिल गई जिसके बाद जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा जेल में बंद उमेश साव, राजा मियां, मोहम्मद मुतुर्जा, मोहम्मद मकसूद, मोहम्मद कलाम एवं मोहम्मद इमरोज को कागजी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद रविवार को बेल दिया गया। उक्त सभी लोगों का स्वागत करने पहुंची स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद खुद जेपी कारागार हजारीबाग पहुंचकर



फुल माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाया। जेल से निकलने पर विस्थापितों एवं उनके परिजनों ने विधायक अंबा प्रसाद के प्रति आभार व्यक्त किया एवं अपने हक एवं अधिकार के लिए फिर से आवाज उठाने हेतु हौसला बुलंद किया। जेल से निकलने पर विस्थापितों ने कहा कि पुलिस प्रबंधन एवं कंपनी प्रबंधन के सहयोग से देर रात्रि बगैर किसी प्रकार का नोटिस प्रदान किए हमें जेल भेज दिया गया एवं अपराधियों की तरह व्यवहार किया गया जबकि हम सिर्फ और सिर्फ शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे थे। कई लोगों ने बताया कि पुलिस प्रशासन के द्वारा उन्हें एकाएक देर रात्रि घर से उठा लिया गया। जेल से बाहर निकले लोगों ने यह भी कहा कि क्षेत्र के कई लोग कंपनी के दलाल बन गए हैं जिसमें कई पंचायत प्रतिनिधि व स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल है परंतु हम रैयतों के हक एवं अधिकार के लिए जिन्होंने आवाज उठाया है वह सिर्फ और सिर्फ हमारी स्थानीय विधायक सुश्री अंबा प्रसाद एवं उनके परिजनों ने उठाई है, और अभी हम लोग जेल से बाहर निकले हैं तो इसमें भी माननीय विधायक जी की ही देन है। मौजूद मीडिया कर्मियों को विधायक अंबा प्रसाद में संबोधित करते हुए कहा कि मेरा पूरा परिवार बड़कागांव विधानसभा वासियों के लिए समर्पित है। शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों पर कंपनी प्रबंधन के द्वारा फर्जी मुकदमे दर्ज किए गए एवं आनन-फानन में जेल भेजने का कार्य किया गया है। कंपनी प्रबंधन की शुरू से ही झूठे फर्जी मुकदमे दर्ज कर रैयतों की आवाज को कुचलने की नीति रही है, कंपनी प्रबंधन बगैर मुआवजा एवं अन्य सुविधाएं दिए सिर्फ और सिर्फ जमीन लेकर अपना हित को साधने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि मैंने अपना शत प्रतिशत विधानसभा क्षेत्र वासियों के लिए दिया है, झूठे मुकदमे में फंसा कर लोगों को जेल भेजा गया और माननीय न्यायालय ने भी तुरंत बेल दे दिया जिससे यह सिद्ध होता है कि कंपनी प्रबंधन के द्वारा सिर्फ और सिर्फ झूठे एवं बेबुनियाद मामले शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे लोगों के ऊपर दर्ज किए थे।

## थाना परिसर में जानता दरबार का आयोजन

**बांका/कटोरिया से संवाददाता श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**

बांका/कटोरिया थाना परिसर में शनिवार को जानता दरवार लगाया गया। कटोरिया थाना के सअनि राजस्व कर्मचारी राजेंद्र चौधरी, प्रवीण कुमार द्वारा जमीन संबंधी एक सात आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें पिछले जनता दरबार में दिये गये नए आवेदन का निष्पादन किया गया । दोनों पक्षों द्वारा आवेदक नहीं आने पर पुराने आवेदन का निष्पादन नही हो सका ।जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित जमीन के मामले में नोटिस जारी कर अगले जनता दरबार में हाजिर होने के लिए कहा गया है।

## मनरेगा बना लूट का सबसे बड़ी योजना

**दैनिक शुभ भास्कर दरियापुर/ सारण/ब्यूरो शुभ भास्कर**

प्रखण्ड क्षेत्र के 22 पँचायत अंतर्गत सभी पँचायत में मनरेगा कार्य हो रहा है इस मनरेगा कार्य मे वही योजना का नाम के हेरफेर करके बार बार वही कार्य संपादित किया गया है कुछ पँचायत ऐसा भी है जहां उसी कार्य को पांच साल के अंदर पुनः करके पैसा का उठाव किया गया है जनप्रतिनिधि तो पैसा कमाने के लिए ऐसा कर देते है लेकिन मनरेगा के पीआरएस और पीओ भी कमीशन और जनप्रतिनिधियों के दबाब में गलत कर रहें है सारण के डीएम प्रत्येक पँचायत में करीब पिछले पांच साल के कार्य का निष्पक्ष जांच टीम से धरातल पर जांच कराती है तो कितने ऑफिसर से लेकर जनप्रतिनिधि जेल के पीछे होंगे

## मालवथान मे 3 दिवसीय क्रिकेट टुनार्मेंट शुरू



**बांका/कटोरिया से संवाददाता श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**

बांका/कटोरिया क्षेत्र के बसमत्ता पंचायत अंतर्गत मालवथान के झुमरियाबरन मैदान मे क्रिकेट टुनार्मेंट ट.ढ.छ खेल का आयोजन किया गया है ।जिसमे मुख्य अतिथि बसमत्ता पंचायत के मुखिया पती टीचर श्री देवनंदन यादव साथ मे जमदहा पंचायत के मुखिया पती श्री अमित यादव एवं समाजसेवी चन्दन कुमार यादव सभी ने मिलकर फिता काट कर खेल का शुभारंभ किया ।जिसमे उपस्थित खिलाड़ी हरेंद्र कुमार,निरंजन कुमार,भरत कुमार,चुनचुन कुमार संजय कुमार ओर भी बहुत सारे खिलाड़ी मौजूद थे ।खेल का शुभारंभ डुल्लीडीह श/र दर्वेपट्टी के बीच खेला गया ।जिसमे डुल्लीडीह के खिलाड़ीयो ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया ।जिन्होने 10 ओवर मे 4 विकेट खोकर 57 रन बनाए ।जबाव मे दर्वेपट्टी टीम ने 3.3 ओवर मे ही 10 विकेट से जीत हासिल की ।जिनका मेंन आफ द मैच राजा सिंह को दिया ।दुसरा राउंड मेंच दौनिहार श/र पलनियॉ के बीच खेला गया ।जिसमे दौनिहार ने 10 ओवर में 97 रन बनाए ।जबाव मे पलनियॉ के टीम ने बल्लेबाजी कर 7.4 ओवर में 4 विकेट खोकर जीत हासिल की मेन आफ द मैच पलनिया के रंजीत रंजन ने 19 बोल पर 52* रन बनाकर नवाद पारी खेला।

## झारखण्ड पार्टी गलत बयान की कड़ी निंदा करता है-संतोष महतो

**दैनिक शुभ भास्कर- रामगढ़।** झारखण्ड पार्टी के संतोष महतो ने प्रेस बयान जारी करके कहा है कि- गिरीडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी द्वारा प्रेस कोंफ्रेंस कर रामगढ़ पुलिस प्रशासन से टकराने के लिए आजसु पार्टी तैयार है जैसे बयान देने और रामगढ़ डीएसपी किशोर रजक के साथ आजसु पार्टी के कार्यकताओं द्वारा बदतमीजी किए जाने की घटना की निंदा की है और इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है ।उन्होंने कहा कि एक सांसद द्वारा अमर्यादित बयान देना और पुलिस प्रशासन के साथ साथ न्याय व्यवस्था को चुनौती देना बेहद चिंताजनक है ।चुनाव में जीते हुए कुछेक दिन भी नहीं हुए और इस तरीके की घटनाओं से क्षेत्र में भय का माहौल है और क्षेत्र अशांत हुआ है ।डीएसपी किशोर रजक से मेरी बात हुई है और उन्होंने बताया कि- गोला में आजसु पार्टी के विजय जुलूस के दौरान महिला से छेड़खानी और बदतमीजी के खिलाफ पुलिस ने




सागर गोस्वामी को गिरफ़्तार किया है जो कि बिलकुल पुलिसया जाँच और आरोपी के स्वीकारोक्ति के बाद लिया गया निर्णय है ।और इसके खिलाफ सांसद का प्रेस कोंफ्रेंस करना और पूरे तंत्र को धमकाना बिलकुल गलत है ।संतोष महतो ने आगे कहा कि- झारखण्ड पार्टी ऐसे गलत बयानी की कड़ी निंदा करता है साथ ही साथ एक संवैधानिक पद पर बैठे सांसद से अपेक्षा करता है कि भविष्य में प्रशासन के खिलाफ इस तरीके की सीधी चुनौती पूर्ण बयान बाजी से बचेंगे और पद की मयार्दा कायम रखेंगे ।पूर्व में भी रामगढ़ कॉलेज में इंटर की पढ़ाई से सम्बंधित विवाद के बाद चंद्र प्रकाश चौधरी लोगों को खुले तौर पर धमकाते दिखे थे ।चुनाव में जीत हार लगी रहती है लेकिन जिन उम्मीदों के साथ रामगढ़ की जनता ने सुनीता चौधरी जी को चुना है वो उसपर खरा उतरने की कोशिश करें साथ ही साथ अपने कार्यकताओं और नेताओं को नियंत्रित रखे ताकि क्षेत्र में भय का माहौल न स्थापित हो पाए ।आम जनता भयमुक्त परिवेश में जीवन यापन कर सकें।

## होलिका दहन के समय अग्नि से रहे सुरक्षित

**दैनिक शुभ भास्कर सारण/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**



जिला पदाधिकारी सारण, श्री राजेश मीणा के द्वारा जिलावासियों से अपील की गयी है कि आप सभी लोग होलिका दहन के समय अग्नि से अपने आप को सुरक्षित एवं दुर रखें। ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सकें आओर हमसब त्योहार को सद्भावपूर्वक मना सकें ।होलिका दहन के समय बचाव के उपाय पर विस्तृत जानकारी देते हुए जिला जिला अग्नि शमन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि होलिका दहन हमेशा खुली जगह एवं सुरक्षित स्थान पर ही करें ताकि आग की उड़ती चिंगारी किसी घर, मकान में न पकड़े। होलिका दहन के आस-पास कम से कम एक हजार लीटर पानी भर कर अवश्य रखें। होलिका दहन करते समय ढ़ीले एवं सिंथेटिक कपड़े न पहने, यथासंभव सूती के बने कपड़े का प्रयोग करें। होलिका दहन स्थान पर बच्चों को न ले जाएँ अथवा सुरक्षित दूरी बनाकर रखें। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका दहन के नजदीक पम्प सेट तैयार हालत में रखा जा सकता है ताकि किसी भी आगजनी की घटना से निपटा जा सके ।होलिका दहन के जले हुए अवशेष, राख को यत्र-तत्र न फेंके। सुनिश्चित करें कि उसमें आग तो नहीं है, यदि है तो पूरी तरह पानी डालकर बुझा दें। आग लगने पर स्थानीय अग्निशमन केन्द्र, पुलिस थानों को सूचित करें। जिला जिला अग्नि शमन पदाधिकारी सारण के द्वारा बताया गया कि होलिका दहन घनी आबादी के बीच न करें। होलिका दहन झुग्गी-झोपड़ी, गेहूँ की खेत तथा खलिहान के पास न करें। अपशिष्ट पदार्थों, वनस्पतियों, वन क्षेत्र, मुख्य सड़क मार्गो के आस-पास जलता हुआ लुकारी न फेंके। होलिका दहन की ऊँचाई 10 फीट से ज्यादा नहीं रखा जाए।

होलिका दहन में आतिशबाजी का प्रयोग न करें। होलिका दहन में किसी भी प्रकार का अति ज्वलनशील पदार्थ का उपयोग न करें। सबसे जरूरी है कि होलिका दहन के समय मादक पदार्थ एवं धूम्रपान का प्रयोग न करें। होलिका दहन ऐसे स्थान पर न करें जहाँ ऊपर में विद्युत तार हो अथवा पास में ट्रान्सफार्मर हो ।होलिका दहन अति ज्वलनशील पदार्थ के भंडारण यथा पेट्रोल पम्प, गैस गोदाम, किरासन डिपो आदि के नजदीक नहीं करें। जिला अग्निशमन पदाधिकारी, सारण के द्वारा बताया गया कि आग लगने पर 101 डायल करें। इसके अलावा अग्निशामालय छपरा-7485806110/11 अग्निशामालय मढ़ौरा-748580610077 अग्निशामालय सोनपुर- 74858061089, जिला अग्निशमन पदाधिकारी-9473191914, अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी सदर छपरा-7091904996 अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी मढ़ौरा-9798930508, अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी सोनपुर, सारण-7667240524, जिला अग्नि नियंत्रण कक्ष -7485806111, 7485806110, 06152-242454, 233233 एवं अनुमंडल अग्निशामालय मढ़ौरा अग्नि नियंत्रण कक्ष-7485806106, 7485806107 तथा अनुमंडल अग्निशामालय सोनपुर अग्नि नियंत्रण कक्ष- 7485806108, 7485806109, 06158-222003 पर सूचित कर आग लगने की स्थिति में बचाव हेतु मदद ली जा सकती।

## होली से पहले असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर

**दैनिक शुभ भस्कार मांझी/मनीष पाण्डेय मिन्टू**



होली के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व कानून-व्यवस्था बनाये रखने को लेकर दाउदपुर थाना परिसर में रविवार की शाम चौकीदार परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष बीरेंद्र राम ने क्षेत्र में शराब का धंधा करने वालों व पीकर हंगामा करने वालों के साथ हीं असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने तथा उनके बारे में तुरंत थाने में सूचना देने का चौकीदारों को सख्त निर्देश दिया। ताकि शांति-व्यवस्था को लेकर छापेमारी अभियान को और तेज किया जा सके। उन्होंने कहा कि ड्यूटी में लापड़वाली बर्दास्त नही की जाएगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि शांति-व्यवस्था बनाये रखने को लेकर पुलिस की असमाजिक तत्वों व फरार चल रहे वारंटियों पर भी पैनी नजर है। कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नही जाएगा। उन्होंने क्षेत्र की जनता से भी पुलिस का सहयोग करने की अपील की है। इसके पहले थानाध्यक्ष ने शराब के धंधे में कई संदिग्ध लोगों को भी सुधर जाने की चेतावनी दी। चौकीदार परेड में अरुण मांझी, लालमन राय, दशरथ मांझी, विकेश मांझी, राजेश मांझी, चंद्रदेव मांझी, सदावृक्ष मांझी, शशि देवी, बिंदु देवी, मालती देवी, राजदेव मांझी, भोला मियां, स्वामीनाथ मांझी, विपिन मांझी, दूधनाथ मांझी, संतोष राय, लालजी मांझी आदि शामिल हुए ।

## हाथीपांव मरीजों की गंभीरता के आधार पर श्रेणी तय कर जारी किया जाएगा दिव्यांगता प्रमाणपत्र

**छपरा/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह-** जिले में एमडीएम (सर्वजन दवा सेवन) कार्यक्रम के तहत मॉप राउंड का समापन हो गया है। इस क्रम में जिले के गड़खा प्रखंड स्थित जलाल बसंत पंचायत के नारायणपुर में मां भगवती पेशेंट सपोर्ट ग्रुप की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मॉप अप राउंड में आशा कार्यकताओं और पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के सदस्यों के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान आशा कार्यकताओं ने अभियान के दौरान आ रही समस्याओं को रखा। बताया कि मॉप अप राउंड के दौरान भी लोगों ने एक दो स्थानों पर दवाओं का सेवन करने से मना किया। लेकिन, पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के सदस्यों द्वारा उनके समझाने के बाद ही उन्हें दवाओं का सेवन करने के लिए मनाया गया। आशा कार्यकर्ता लीलावती देवी ने बताया कि मॉप राउंड के दौरान दवा का सेवन करने के बाद एक महिला में एडवर्स इफेक्ट की सूचना मिली। जिसके बाद वो तत्काल उनके घर जाकर वीबीडीएस



मारुति करुणाकर से संपर्क कर उन्हें जानकारी दी गई। जिसके बाद हालात पर काबू पाया गया। प्रखंड कोऑर्डिनेटर नवीन कुमार ने पेशेंट सपोर्ट से जुड़े लोगों को पंचायत में जाकर लोगों को जागरूक करते हुए उन्हें दवा का सेवन कराने की बात कही। इस पर पेशेंट सपोर्ट ग्रुप की सदस्य सुनीला देवी और रीता देवी ने कहा कि वो जाकर लोगों को समझाएंगी और उन्हें दवा का सेवन करने के लिए प्रेरित करेंगी। बैठक में पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के सदस्यों को फाइलेरिया रोधी दवाओं के उचित सेवन की जानकारी दी गई।बैठक के दौरान पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के सदस्यों को बताया गया कि सरकार मरीजों को फाइलेरिया से बचाने के साथ-साथ उन्हें अन्य सहायता दिलाने की तैयारी में है। सरकार फाइलेरिया के हाथीपांव मरीजों को दिव्यांग सर्टिफिकेट देने की तैयारी कर रही है। हालांकि, सरकार इसके लिए कुछ मापदंड तय करेगी। जिसके बाद दिव्यांगों को सर्टिफिकेट बनाने का कार्य शुरू किया जाएगा। वहीं, पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के सदस्यों को बताया गया कि हाथीपांव मरीजों को गंभीरता के आधार पर श्रेणी तय कर दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। इसके लिए चार तरह के ग्रेड तय किए गए हैं।

## इंटर की परीक्षा देने गई छात्रा 3 फरवरी को हुई लापता, अभी तक नहीं आई वापस

**दैनिक शुभ भास्कर जिला चीफ ब्यूरो दिलीप कुमार साह की रिपोट**



भागलपुर बिहार पीरपैंती बाखरपुर ओपी छेत्र की निवासी विधवा शशिकला देवी की इकलौती पुत्री मौसम कुमारी का कहलगाँव थाना क्षेत्र से अपहरण होने की मामला सामने आई है।वही पीड़ित महिला ने बताई की मेरी बेटी 3 फरवरी को 9बजे इंटर की परीक्षा देने हाई स्कूल सहरसाय कहलगाँव गयी थी।जो अपनी मौसी के घर मे रहकर परीक्षा दे रही थी लेकिन 3 फरवरी को घर वापस नहीं लौटी तो लड़की के परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद भी पता नहीं चली तो कहलगाँव थाना में 4फरवरी को अरुण यादव और मौसम की सहेली का आवेदन में नामजद दर्ज करवाया गया पीड़ित विधवा महिला का कहना हमारे संपति को हड़पने को लेकर साजिस रची गई है ताकि मेरी बेटी की हत्या कर दे और सारा जमीन जायदाद दखल कर लेंगे वही 1माह से ऊपर बीतने जा रही है लेकिन अभी तक लड़की की कुछ भी सुराग नहीं मिल पाई है वो क्या स्थिति में किस हालात में होगी हत्या कर तो नही गयाब कर दी गई परिजनों का रो- रो कर बुराहाल हो गया है।पीड़ित के परिजनों का कहना है कि मेरी बेटी की हत्या होने की आसंका जताई जा रही है।

## होली एवं महिला दिवस के होली एवं महिला दिवस के शुभ अवसर पर महिला वृद्ध आश्रम के महिलाओं के साथ होली एवं महिला दिवस मनाया गया



**रिपोर्ट : स्वेता कुमारी पटना :** अपनी पाठशाला के संस्थापक सोनी तिवारी का कहना है कि महिलाओं के बीच खाने-पीने की सामग्री एवं दर्जनों महिलाओं को सारी वितरण किया गया।इनके साथ समय बिताना सौभाग्य की बात है वही मुख्य अतिथि मे - इनकम टैक्स ऑफिसर मनीष वर्मा,डॉ प्रकाश चंद्रा, डॉ राजीव सिंह, समाजसेवी राजू दानवीर जी का गरिमामई उपस्थिति रही और सभी एक परिवार हो कर होली की गीत के साथ गुलाल अविर एक दूसरे को लगा कर होली मनाये साथ ही बिहार के गरिमामई संस्थाओं का भी सहयोग रहा जैसे - मेंटर्स एजुसेर्स, सुख गार्डन, ए. के. स स्टूडियो, न्यू वैशाली ट्रांसपोर्ट, सुमति विनायक फाउंडेशन,ब्राइट फ्यूचर. सीआईए कुक बुक रेस्टुरेंट, एशिन टाइम्स,न्यूज भारत 24.अइ न्यूज भारत 24न्यूज आदि मौके पर -मनीष सिन्हा, राजेश मिश्रा, अजीत कुमार, रीमा बासु, प्रतिमा कुमारी, राकेश राज, हिमांशु, रिंकी, सिम्मी, मंजू, सुषमा, विवेक कुमार यादव सुमति कुमारी रंजन गिरी चंद्रशेखर सिंह मौजूद रहे। अवसर पर महिला वृद्ध आश्रम के महिलाओं के साथ होली एवं महिला दिवस मनाया गया।

## फूटा STET का गुस्सा, राजभवन से पहले गांधीजी के पास बैठ बोले- स्कूलों में टीचर नहीं, भटक रहे क्वालिफाइड

**रिपोर्ट : स्वेता कुमारी पटना :** CTET-STET पास अभ्यर्थी शिक्षा बचाओ आंदोलन पर हैं। रविवार दोपहर सैकड़ों अभ्यर्थी पटना पहुंचे। सोमवार को यह लोग राजभवन मार्च करेंगे लेकिन इससे पहले आज गांधी मूर्ति पर माल्यार्पण किया।अभ्यर्थियों ने बहाली की मांग लेकर बिहार सरकार के विरोध में नारेबाजी की। अभ्यर्थियों का कहना है कि बिहार के सरकारी स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं। हमलोग क्वालीफाई होकर बैठे हैं लेकिन सरकार हमलोगों को नौकरी नहीं दे रहे। अब तक हमलोगों की बहाली नहीं हो जाती है तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। इनका कहना है कि यह सभी रळएळ-19 पास पास हैं।160 किलोमीटर की दूरी तय कर हमलोग चंपारण से पटना पहुंचे हैं। बिहार सरकार से हमलोगों की बस यही मांग है कि "डिग्री लाओ नौकरी पाओ" का सिस्टम बंद हो जाए। राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रणाली



सिस्टम लागू हो। इस पैदल यात्रा के दौरान हमने कई विद्यालयों में देखा है कि कई विद्यालयों में शिक्षक की कमी है। शिक्षक अभ्यर्थियों का कहना है कि हम लोग घर मकान और दुकान मांगे नहीं आए हैं। हम लोग केवल वही मांग रहे जो कि आपने भी विज्ञापन में निकाला था। रळएळ 2019 के लिए जो घोषणा की गई थी, उसी के आधार पर हमलोग की बहाली कर दीजिए। हम लोगों की बस यही मांग है।हम लोग पैदल मार्च केवल इसीलिए कर रहे हैं कि बिहार में सभी सरकारी स्कूल में योग्य शिक्षक मिल सके आज बिहार के सभी स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। एक अन्य शिक्षक अभ्यर्थी ने कहा कि क्वालिटी होने के बावजूद हम लोग आज सड़क पर धूल फांक रहे हैं। अभी हम लोगों को गरीब किसान और मजदूर के बच्चों को पढ़ाना चाहिए था। हम लोग आज आंदोलन कर रहे है। हमारे मां-बाप लगातार परेशान हैं। घर बुलाने की जिद कर रहे हैं लेकिन हम लोग आज पटना में नौकरी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। 4 साल बीत जाने के बावजूद हम लोगों को नौकरी नहीं मिल पाई है। हम लोग मानसिक, आर्थिक और शारीरिक रूप से परेशान हो चुके हैं। शिक्षक अभ्यर्थियों का कहना है कि तेजस्वी यादव जी ने जो 10 लाख रोजगार का वादा किया था।

उससे पहले का हम लोगों का नोटिफिकेशन जारी हुआ है। लेकिन, अब तक हम लोगों को नौकरी नहीं मिल पाई। जब हम लोग सरकार को अपना वादा याद दिलाने गए हैं तो कहते हैं कि थोड़ा सा और इंतजार कीजिए। जल्द नौकरी मिलेगी लेकिन 4 साल बीत गया अब तक नौकरी नहीं मिल पाई है। आप सत्ता का मजा ले रहे हैं और हम लोग सड़क पर संघर्ष कर रहे हैं। हमलोगों के साथ पिछली सरकार ने भी छलावा किया और वर्तमान सरकार भी छलावा कर रही है।

## शराब कांडो के साथ-साथ अन्य कांडो के एक दर्जन आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट**

भागलपुर बिहार नाथनगर शराब सहित अन्य कांडों के 12 आरोपियों को नाथनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने 40 लीटर देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।वही शराब के नशे में नाथनगर के शाहपुर निवासी निकेश कुमार छोटू कुमार श्रीरामपुर निवासी जय श्री मंडल मक्खनपुर निवासी गुड्डू चौधरी बिहपुर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा निवासी दिलीप ईश्वर सहित गिरफ्तार कर एक नाबालिक को जेल भेजा गया है। थाना अध्यक्ष मोहम्मद मेहताब खान ने बताया कि मोहम्मद सादुल्लाह व एक अन्य को जेल भेजा गया है।

## बरारी थाने के एक दरोगा छापेमारी में जा रहा था, दुर्घटनाग्रस्त हो गया

**दैनिक शुभ भास्कर आनंद कुमार की रिपोट**

भागलपुर बिहार बरारी इलाके में सुबह छापेमारी में जा रहे दरोगा फुदेनी पासवान सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनकी बाइक के समने अचानक से कुत्ते आ गए थे। इस कारण गाड़ी से नियंत्रण खो दिया व बीच सड़क पर गिर पड़े। सड़क पर गिरते ही उनके हेलमेट दूर गिरी इसी वजह से सिर और हाथ में गंभीर चोटे आई है। छापेमारी के लिए गई पूरी टीम दरोगा को लेकर तुरंत मायागंज अस्पताल पहुंची। जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें खतरे से बाहर बताया।

## भगवत कथा मेले में बाइक चोरी बरामद, बाइक चोर गिरफ्तार




**दैनिक शुभ भास्कर बेलहर संवाददाता सदानंद पंडित**

बेलहर थाना क्षेत्र के ठाकुर वाली दुर्गा स्थान के प्रांगण में चल रहे भगवत कथा के 6 फरवरी के मेले से श्रीनगर निवासी सुमित कुमार की पैशन प्रो बाइक की चोरी हो गई थी। वही बाइक को आज तारापुर पुलिस ने जांच के दौरान बरामद कर लिया है ।वही बाइक चोर सूरज कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है ।सूरज कुमार को छुड़ाने गए उनके मामा ललन यादव को भी तारापुर पुलिस ने बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया ।वही जानकारी के अनुसार में लल्लन यादव अपने भांजे सूरज कुमार को छुड़ाने जिस ग्लैमर बाइक से गया था वह भी चोरी की बाइक निकली। उधर होली को लेकर पुलिस लगातार जांच में जुटी है।

## पटना में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का हुआ आयोजन, 150 उत्कृष्ट महिलाओं को किया गया सम्मानित

**रिपोर्ट : स्वेता कुमारी** पटना ' राजधानी पटना में आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विद्यापति भवन में लेट्स इंस्पायर बिहार-गार्गी चैप्टर का सम्मान समारोह आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की 150 महिलाओं को अपने अनुकरणीय भूमिका से समाज में सर्वश्रेष्ठ उदाहरण स्थापित करने के लिए सम्मानित किया गया. इसके साथ ही कार्यक्रम में कुछ बेहतरीन सांस्कृतिक प्रदर्शन जैसे झिझिया और महिलाओं के लिए रनवे वॉक का भी आयोजन हुआ. साथ ही लेट्स इंस्पायर बिहार के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सदस्य जिन्होंने निस्वार्थ भाव से समाज के लिए काम किया, वैसे लोगो को दर्शकों के सामने खूबसूरती से ताज पहनाया गया. यह अवार्ड नोएडा, मुम्बई, गुजरात, राजस्थान, बेंगलुरु, दिल्ली तथा देश से बाहर रह रही



बिहारी महिलाओं को भी दिया गया. वहीं बिहार से मिसेज केनिया रह चुकीं रूही सिंह, लंदन से एडवोकेट इलियास फातिमा, बेंगलुरु की फैशन डिजाइनर नीमा कुमार, मुम्बई से ऐक्ट्रेस ऋषिका सिंह चंदेल, लोक गायिका हेमा पांडेय को गार्गी अवार्ड दिया गया. कार्यक्रम के दौरान आई. पी. एस. विकास वैभव ने सभी महिलाओं को सम्मानित कर बिहार में आम लोगों के सामने उनका उदाहरण प्रस्तुत किया. वहीं आज के कार्यक्रम का मुख्या आकर्षण बिंदु ज्योति झा द्वारा लिखित और हेमंत झा द्वारा निर्देशित उपन्यास पर आधारित नाटक "आनंदी" था, जिसे मुख्य अभिनेत्री मोना झा ने निभाया. साथ ही उद्यमिता को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण से महिलाओं द्वारा बिहारी भोज्य सामग्रियों तथा आर्ट-क्राफ्ट का स्टाल भी लगाया गया. लेट्स इंस्पायर बिहार का कहना है की हमारा उद्देश्य समाज की महिलाओं को एक मंच देकर उनका उत्थान करना जिससे वे एक चेंजमेकर के रूप में अभिनय करके प्रेरित कर सकें और अपनी वास्तविक क्षमता का एहसास कर सकें. शिक्षा, समता, उद्यमिता, समाज सेवा, कला संस्कृति, खेल जगत, अभिनय, साहित्य, चिकित्सा, समेत विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को यह सम्मान उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में पद्मश्री सुधा वर्गीज, पद्मश्री डॉ. शांति राय, किसान चाची पद्मश्री राजकुमारी देवी, निशा मदन झा सम्मिलित हुए. पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन फरहा नाज और नम्रता कुमारी ने किया. लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के मुख्य संयोजक श्री राहुल कुमार सिंह, मोहन झा, अभिनंदन यादव, सतीश गांधी, सोनू राज, अंकित कुमार, गौरव राज, विक्की सहनी, कृष्णा कुमार, आशीष रंजन, सात्विक कुमार, सोनी तिवारी, निशा भगत, रीना पांडे, शाएरीन एरम, देबजनी मित्रा, कामिनी, अमीर अहमद, कादम्बिनी, बिन्नी कुमारी बाला, करिश्मा, अनुराधा, भावना शर्मा, विकास, दीपिका आदि सभी सदस्य शामिल थे. सभा का स्वागत संबोधन गार्गी अध्याय की मुख्य समन्वयक डॉ. प्रीति बाला और धन्यवाद ज्ञापन नेहा सिंह ने किया.

## बसपा के नए प्रदेश अध्यक्ष बने

**दैनिक शुभ भास्कर विष्णु कुमार की रिपोट**

बिहार,पटना शंकर महतो बसपा के नए प्रदेश अध्यक्ष व सकलदेव दास प्रदेश अध्यक्ष होंगे। पार्टी प्रमुख मायावती ने उनके नाम पर मुहर लगाई है। प्रदेश दफ्तर में हुई बैठक में पार्टी के केंद्रीय मंत्री प्रदेश प्रभारी राम जी गौतम डॉक्टर लाल जी मेधकर व भीम राजभर ने मायावती के निर्णय की घोषणा की। उनके अलावा बिहार के 40लोस क्षेत्रों को 4 सेक्टरों में बांटकर उसके दो दो प्रभारी बनाए गए हैं। कुणाल किशोर विवेक सुनेश कुमार धर्मेंद्र सहनीय बलिराम प्रसाद सुनील कुशवाहा अरुण कुमार राम लखन महतो तथा रामकिशोर पांडे को सेक्टर प्रभारी बनाया गया है

## बालू को लेकर दो गुटों में फायरिंग से, दहला दियारा क्षेत्र

**दैनिक शुभ भास्कर जिला चीफ ब्यूरो रजनीश सिंह की रिपोट**

नवगछिया बिहार गोपालपुर थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर से बिंद टोली के बीच गंगा नदी के कटाव से बचाव के लिए होने वाले कार्य से पूर्व दो अपराधियों के गुटों में बालू को लेकर जमकर गोलीबारी हुई। गोली की आवाज से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही इस्माइलपुर गोपालपुर और रंगरा पुलिस गंगा पार मौके पर पहुंची । पुलिस को आता देखकर दोनों घुटनों के अपराधी एक दो तीन हो गए ।इस्माइलपुर से बिंदोली के बीच इस वर्ष फिर से कटाव रोधी कार्य होना है। जिसके लिए इस कार्य में बोरी में बालू भरकर कार्य किया जाएगा। बालों को लेकर इस्माइलपुर और गोपालपुर के दो गुट आमने-सामने है। दोनों गुटों के बीच इस बालू उठा को लेकर वर्चस्व बनाए रखने के लिए गोलीबारी शुरू हो गई । दियारा क्षेत्र में पहला मामला यह नहीं है।

## साइड देने के विवाद में बस में मारपीट और लूटपाट किया गया

**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल पत्रकार कनैया खंडेलवाल की रिपोट**

कहलगांव बिहार नारायणपुर प्रखंड के मथुरापुर बाजार में लगभग 9:00 बजे भागलपुर जा रही पर साइकिल सवार को धक्का लगने से बस चालक और खलासी से मारपीट व लूटपाट का मामला सामने आया है। चालक उप चालक और साइकिल सवार के बीच हुई। 20 साइकिल वाले ने आठ दस की संख्या में सहयोग क्यों को बुला लिया और पास में मारपीट व लूटपाट की सूचना मिलने पर भवानीपुर थाना के एएसआई मुकेश कुमार यादव तलवार के साथ पहुंचे। तब तक बदमाश मौके पर फरार हो चुके थे। जिसमें देवरिया जिला सलारपुर निवासी चालक दिनेश शर्मा से ₹3000 और चालक मौजमा निवासी मुन्ना चौधरी समेत यात्रियों से मारपीट कर रुपैया और उन्हें छीनने की बात सामने आई है। थाना अध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि लिखित आवेदन नहीं मिला है आवेदन मिलने पर आगे की करवाई की जाएगी।

## बांका में विवाहिता को पीट पीट कर हत्या, स्कूटी से शव लेकर भाग रहा पति गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर डॉ अनुप कुमार ,बांका**




प्रकृति ने स्त्री व पुरुष को अलग-अलग बनाया है। उन सभी व्यवसायों में, जहां कोमलता, दया व करुणा की जरूरत होती है, उदाहरणार्थ नर्सिंग। महिलाएं वहां प्राकृतिक तौर पर उन्हें आयाम देती हैं। प्रकृति ने महिलाओं को प्रजनन का भी वरदान दिया है और इसी कारण इन्हें पुरुषों से अधिक नाजुक बनाया है। लेकिन दुर्भाग्यवश ऐसे शारीरिक व मानसिक विभेदों के चलते महिलाएं पुरुषों की अपेक्षा हिंसा का अधिक शिकार भी होती हैं। जिले में इन दिनों महिला हिंसा की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है इसी दौर में बांका जिले के टाउन थाना के सुढ़ाकोल स्थित महुआडीह में शनिवार की देर रात एक विवाहिता को ससुरालवालों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। विवाहिता की मौत को आत्महत्या का रंग देने के लिए शव को फंदे के सहारे लटका देने का मामला प्रकाश में आया है। जब मामले की भनक ग्रामीणों को लगी, तो पति शव लेकर स्कूटी से भागने लगा। पुलिस ने इस मामले में पति को गिरफ्तार किया है। मृतका के पिता ने दामाद के अवैध संबंध में बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार विवाहिता शिल्पी कुमारी की शादी पंद्रह वर्ष पूर्व सुढ़ाकोल महुआडीह संजय दास के साथ हुई थी। मृतका के पिता बालेश्वर दास ने बताया कि संजय का अपनी भाभी के साथ अवैध संबंध था। शिल्पी इसका हमेशा विरोध करती थी। शनिवार की देर रात संजय ने शिल्पी की पिटाई करने के बाद उसे फंदे से लटका दिया। ग्रामीणों ने जब इस बात की जानकारी शिल्पी के घरवालों को दी तो संजय पत्नी के शव को स्कूटी से लेकर अपने भतीजे के साथ भागने लगा। इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा संजय का पीछा किया गया। इसके बाद संजय स्कूटी लेकर बाराहाट थाना में लेकर चला गया। थानाध्यक्ष सतीश कुमार ने टाउन थाना को मामले की सूचना दी और संजय व उसके भतीजा सुजल दास को पकड़कर सौंप दिया। टाउन थाना के द्वारा महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया, जहां पर मेडिकल बोर्ड गठित कर शिल्पी के शव का पोस्टमार्टम किया गया। इधर, पुलिस दोनों चाचा-भतीजा को जेल भेजने की तैयारी में है। थानाध्यक्ष शंभूनाथ यादव ने बताया कि अवैध संबंध को लेकर हत्या की बात कही जा रही है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी गई है।

## छापेमारी के दौरान महुआटांड़ गांव से 10 लीटर महुआ शराब, बरामद विक्रेता फरार

**दैनिक शुभ भास्कर बेलहर संवाददाता सदानंद पंडित**

बेलहर थाना क्षेत्र के महुआटांड गांव में पुलिस ने छापेमारी कर 10 लीटर महुआ शराब को बरामद किया है। जानकारी के अनुसार महुआटांड़ गांव निवासी वीरो सिंह के घर से 10 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। वही गुप्त सूचना के आधार पर बेलहर पुलिस ने महुआटांड़ गांव छापेमारी अभियान चलाया। शराब विक्रेता को पुलिस की भनक लगते ही शराब विक्रेता बीरो सिंह धर से फरार होने में सफल रहा। पुलिस शराब विक्रेता को गिरफ्तार के लिए जुटी है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना पूर्ण नहीं करने वाले लाभार्थियों पर दर्ज कराई गई प्राथमिकी

**दैनिक शुभ भास्कर रोहित कुमार, मुंगेर**

मुंगेर जिले के संग्रामपुर प्रखंड के दुगापुर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना नहीं पूर्ण करने वाले सोलह लाभार्थियों के उपर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिलाधिकारी नवीन कुमार ने जिले भर के सभी बिडीओ को निर्देशित किया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के ऐसे लाभार्थियों को चिह्नित किया जाय जिन्होंने पहली और दूसरी किस्त की राशि भुगतान ले लिया है और आवास निर्माण कार्य नहीं किया है। उन पर प्राथमिकी दर्ज की जाय। इसी आलोक में संग्रामपुर बीडीओ अजेश कुमार ने संग्रामपुर थाना में सोलह लाभुकों की सूची थाना को दिया गया है। जिसमे दुगार्पुर पंचायत के प्रमोद कुमार,अमर शर्मा ग्राम दुगार्पुर, अजय मंडल, ग्राम हेकीचक रामपुर, टूशन यादव ग्राम महेशपुर, धारो यादव ग्राम भलुआ अब्जीपुर, वकील यादव ग्राम महेशपुर, प्रहलाद यादव ग्राम महेशपुर, किशुन यादव ग्राम महेशपुर, धर्मेंद्र यादव ग्राम महेशपुर, अजय यादव ग्राम खम्हार , करुणा यादव ग्राम दीदारगंज, राम बहादुर यादव ग्राम दीदारगंज, गुजो यादव ग्राम सहौड़ा, अरुण यादव ग्राम दीदारगंज, शशि मंडल ग्राम दीदारगंज, सुखदेव यादव ग्राम गोनई शामिल हैं। बीडीओ कुमार ने कहा कि उपरोक्त सभी लाभार्थियों को बार बार आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया था, उसके बावजूद भी आज तक आवास का कार्य पूर्ण नहीं किया है ।जो सरकारी राशि का गबन एवं दुरुपयोग का मामला सामने आ रही है।इस संबंध में जिला पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त मुंगेर द्वारा विभिन्न बैठकों में दिए गए निर्देश के आलोक में ऐसे लाभुकों पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए विधि संबंध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि सभी लाभार्थियों को अधूरे मकान 10 मार्च तक कार्य प्रारंभ नहीं करते हैं तो उनके ऊपर एफ आई आर दर्ज किया जाएगा।

**तेजी से पढ़े जाने वाला अखबार**
**हिंदी दैनिक शुभ भास्कर अखबार**

किसी भी खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित करना खबर का असर है ! हर जिले शहर प्रखंडों की हर छोटी बड़ी खबर अपने जिले और प्रखंडों से चीफ ब्यूरो व रिपोर्टर पद, विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें आपके शहर गांव कस्बों में बहुत जल्द पढ़ने को और देखने को मिलेगा ! भागलपुर शहर व अन्य जिले में बहुत जल्द दैनिक हिंदी शुभ भास्कर अखबार पढ़ने को मिलेगा , किसी भी खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित करना खबर का असर है !
बांका अमरपुर अकबरनगर नाथनगर सुल्तानगंज असरगंज तारापुर मुंगेर कहलगांव पीरपैंती बौसी कटिहार नवगछिया शाहकुंड में देखने को जल्द मिलेगा ! बिहार / झारखंड 62018 11 830 / 9110968435

## बेलहर विधायक मनोज यादव फुलीडूमर प्रखंड के आधा दर्जन गांवों का दौरा कर क्षेत्र की समस्याओं से हुए अवगत

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/बांका**

बेलहर के जदयू विधायक मनोज यादव क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान रविवार को फुल्लीडुमर प्रखंड के आधा दर्जन गांवों का दौरा कर क्षेत्र की समस्याओं के बारे में कार्यकताओं एवं ग्रामीणों से जानकारी ली क्षेत्रीय दौरा के दौरान विधायक श्री यादव प्रखंड के गोड़ा बाजार, भितीया बाजार, गेड़ाटीकर, गोवरदाहा, गुरुरायडीह सहित अन्य गांवों का निरीक्षण कर लोगों की समस्याओं को सुनो क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान भितिया से गुरुरायडीह तक बन रहे सड़क निर्माण के गुणवत्ता की भी जांच की गई वहीं भितीया पंचायत के वार्ड संख्या 16 में बरसों से बंद नल जल योजना को चालू कराने की मांग ग्रामीणों द्वारा विधायक से की गई



वहीं क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान लोकनाथ यादव, विनोद सिंह चंद्रवंशी, रामानंद यादव, प्रमोद तांती, अशोक यादव, राजकुमार दास, दयाशंकर सिंह, जयराम मरांडी, कपिल देव यादव, जितेंद्र जूनियर सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनता गण उपस्थित थे

## शीतला मंदिर जीर्णोद्धार एवं प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा

**दैनिक शुभ भास्कर रोहित कुमार, मुंगेर**



जिले के संग्रामपुर प्रखंड के जनकपुर गांव में मानस मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में सर्व कल्याणमयी शीतला मंदिर में जीर्णोद्धार और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा में 501 कुंवारी कन्याओं एवं माताओं ने भाग लिया । कलश शोभायात्रा जनकपुर शीतला मंदिर प्रांगण से होकर बदुआ नदी कुमरसार पहुंचे जहां पंडित मदनेश्वर झा द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश मे जल भर कर कुमरसार, दुर्गा मंदिर,पृथ्वीचक्र गांव का भ्रमण करते हुए जनकपुर शीतला मंदिर पहुंचे, बीच-बीच में शोभायात्रा में भाग लेने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए समाजसेवी राकेश कुमार यादव के द्वारा शुद्ध पेयजल भी के साथ साथ चल रहा था, कलश शोभायात्रा शीतला मंदिर पहुंचे जहां दूर दूर से आए पंडितों के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ मां शीतला का प्राण प्रतिष्ठा की गई। तत्पश्चात दूसरे दिन 24 घंटे का अखंड राम धुन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मानस मंदिर सेवा समिति जनकपुर के अध्यक्ष सुमन कुमार ,मिथिलेश कुमार , आचार्य राजेंद्र शर्मा, अशोक मंडल, बैकुंठ मंडल, मनीष कुमार यादव,प्रमोद यादव, के अलावा जनकपुर पृथ्वीचक सहित पंचायत वासी शामिल थे।

# मंदार काशी विश्वनाथ मंदिर का हैदराबाद के आर्टिटेक ने किया निरीक्षण

**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता अमित कुमार शर्मा , बौसी , बांका**

श्री राम कर्मभूमि न्यास, सिद्धाश्रम के तत्वाधान में मंदारेश्वर काशी विश्वनाथ महातीर्थ क्षेत्र संस्थान, मंदार बौंसी, बांका द्वारा श्री श्री 108 मंदार पर्वताघिष्ठित विश्वनाथ मंदिर जीर्णोर्धार (पुनर्निर्माण) एवं मंदिर निर्माण हेतु आज हैदराबाद से आये जूलॉजिकल एवं आरकेलोजिकल आर्किटेक्ट के प्रो० पांडुरंगा राव, राम चंद्रा एवं रेड्डी के टीम की अध्यक्षता में अवलोकन किया गया। अवलोकन दौरान टीम उन्होंने बताया की रिमोट सेंसिंग सेटेलाइट के द्वारा इस पर्वत का फोटो निकाला है। जिसमें यह पाया गया है कि यह पर्वत 2500 मिलियन वर्ष पुराना है यह एक ही ग्रेनाइट पत्थर का बना हुआ है यह पर्वत 30 से 40 किलोमीटर जमीन के अंदर तक है। इन्हीं टीम के द्वारा अयोध्या में श्री राम मंदिर का भी निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया था। टीम ने सर्वे के दौरान शिव, विष्णु पौराणिक मंदिर का अवशेष भी देखा जो हजारों साल पुराना होने की बात कही। जो पूरे मंदार क्षेत्र में बिखरा हुआ है उन्होंने कहा इन्हें संरक्षित करने की जरूरत है। मंदार काशी विश्वनाथ मंदिर के निर्माण में लोहा, सीमेंट का प्रयोग नहीं होगा । निर्माण में पाषाण का प्रयोग किया जाएगा इस मंदिर का निर्माण दक्षिण भारत के मंदिर के मॉडल के तर्ज पर किया जाएगा। जिसका डीपीआर तैयार किया जा रहा है इस मंदिर का निर्माण दो फेज में किया जाएगा प्रथम फेज में मंदिर का निर्माण होगा द्वितीय फेज में सौन्दरिकरण ,कोरिडोर ,पर्वत का घेरा बंदी का निर्माण किया जाएगा इस मंदिर के बारे में स्थानीय पंडित आचार्य चंद्रशेखर उपाध्याय ने स्कंद पुराण एवं विष्णु पुराण में वर्णित श्लोकों के माध्यम से केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे को अवगत कराया था। अवलोकन एवं निरीक्षण के दौरान इस कार्यक्रम के समन्वयक अर्जित शाश्वत चौबे एवं कार्यक्रम के संयोजक देवाशीष कुमार उर्फ नीपू पांडे ,सह संयोजक राहुल डोकानिया ,रामनाथ पासवान, निक्कू चौबे एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।



# होलिका दहन स्थल का कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार झा ने किया निरीक्षण

फारबिसगंज : होली की तैयारियों को लेकर फारबिसगंज नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार झा ने कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसके उपरांत वार्ड संख्या 17 स्थित हटकोला होलिका दहन परिसर का निरीक्षण किया। इस मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी ने नगर परिषद क्षेत्र के में सफाई, पानी, पथ प्रकाश आदि व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि होली पर्व पर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सफाई कर्मचारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए और अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए। इस दौरान काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। उधर अन्य क्षेत्रों के होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण किया। जहां जो कमी दिखाई दी, उसे नप कर्मियों से समय रहते दुरुस्त कराने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि होली पर्व पर नगर में हर सुविधा का ध्यान रखा जाएगा। किसी भी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होने दी जाएगी।इस मौके पर ईओ दीपक झा के अलावे पूर्व उपमुख्य राज कुमार अग्रवाल, पार्षद मनोज सिंह, पवन शर्मा, नाजिर कुंदन सिंह,पवन अग्रवाल सहित अन्य कर्मी शामिल थे।



# शराब परिवहन कर्ता वह शराबियों पर प्रशासन की है पैनी नजर

**दैनिक शुभ भास्कर संतोष कुमार झा, बांका**

होली त्योहार को लेकर जिला प्रशासन शराब कारोबारी व शराबियों पर पैनी नजर रख रही है। अगले वर्ष की पुनरावृत्ति नहीं हो जिसको लेकर जिले भर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिस दौरान शराब कारोबारी एवं शराबी की गिरफ्तारी भी हो रही है। उत्पाद टीम ने देर रात्रि तक विशेष अभियान चलाते हुए 6 शराब विक्रेता /परिवहन कर्ता को गिरफ्तार किया है। फत्तूचक चेक पोस्ट धोरैया से संजय कुमार पांडेय,सहायक अवर निरीक्षक मद्य निषेध के नेतृत्व में एक मोटरसाइकिल खल्र 17फ/424 पर सवार दो लोगों- मुकेश शाह,पिता स्वर्गीय भादेया शाह, ग्राम सैनचक , थाना धनकुंड जिला बांका और राजीव शाह, पिता स्वर्गीय नरेश शाह , ग्राम कल्फीडूमर, थाना जगदीशपुर, जिला भागलपुर को विदेशी शराब की एक बोतल मात्रा 750' के साथ गिरफ्तार कर स्प्लेंडर बाइक को जब्त किया है। अवर निरीक्षक गौरी शंकर के नेतृत्व में धोरैया थाना अंतर्गत कचराति मोर के पास एक मोटरसाइकिल सवार 2 लोगों से 10.500 लीटर विदेशी शराब बरामद कर ग्लैमर बाइक को जब्त किया गया। जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर खल्श 1982 जब्त किया गया। गिरफ्तार विक्रेता का नाम सुमित कुमार, पिता अरुण यादव , ग्राम जनकपुर , थाना अमरपुर , जिला बांका, दिलखुश कुमार , पिता विनोद यादव, ग्राम भरको ,थाना अमरपुर, जिला बांका को गिरफ्तार किया गया । कटोरिया थाना अंतर्गत बाघा पहाड़ी गांव में किशोर कुमार सहायक निरीक्षक के द्वारा सियाराम सोरेन , पिता स्वर्गीय चुरका सोरेन, बाघा पहाड़ी ,थाना कटोरिया , चार लीटर चुलाई महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । सहायक अधीक्षक अवर निरीक्षक विजय कुमार पंडित की टीम ने अमरपुर थाना अंतर्गत सिहुड़ीमोड़ के पास जीवन दास, पिता सूखा दास ग्राम छोटीसिहुड़ी, थाना अमरपुर जिला बांका को 1 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया । इसके अलावा उत्पाद टीम ने अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए 11 शराब सेवनकर्ता को भी गिरफ्तार किया है।




# शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**भरगामा/अररिया**

महथावा स्थित यात्री शेड में होली पर्व को शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई । थानाध्यक्ष आदित्य कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों से होली पर्व जाती, रंग, धर्म, विभेद, समुदाय से परे सामाजिक समरसता के साथ संपन्न कराने के लिये प्रशासनिक स्तर पर सहयोग करने की बात कही। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने उपस्थित सभी पंचायत प्रतिनिधियों एवं शांति समिति सदस्यों से कहा की होली पर्व को लेकर थानाक्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी चौकसी की जायेगी। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर आप अविलंब थाने को सूचित करे ताकि होली में हुड़दंगियों व असमाजिक तत्वों पर लगाम लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि होली पर्व पर डीजे पर पूर्णतः पाबंदी हैं। अगर डीजे बजाते कोई पकड़े गये तो उनपर कड़ी कानूनी करवाई की जायेगी। कहा होली में अश्लील गाने बजाए जाते हैं जो समाज के लिए सही नहीं तो वैसे गाने बजाने पर प्रतिबंध हैं।होली के दो दिन पहले से ही क्षेत्र में गस्ती बढाई जाएगी। होलिका दहन के दिन भी पूरा ध्यान रखा जाएगा कि कोई अनहोनी न हो। वही बैठक में लोगों ने बैठक में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अपनी बातें रखी। सभी लोगों की बातों को ध्यान में रखते हुए बैठक में कुछ खास निर्णय लिए गए हैं। कुछ लोगो का कहना है कि होली में अश्लील गाने बजाए जाते हैं जो समाज के लिए सही नहीं तो वैसे गाने बजाने पर प्रतिबंध हैं। वही ग्रामीणों ने रंगों के त्योहार होली को अच्छे और खास तरीके से मनाने को लेकर अपने-अपने विचार थानाध्यक्ष के समक्ष रखी। इस अवसर पर सिरसिया हनुमानगंज मुखिया प्रतिनिधि कुलदीप यादव, सरपंच दशरथ प्रसाद साह, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि शिवानंद साह, पैक्स अध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मणिलाल भगत, समाजसेवी धीरेंद्र दास मुन्ना एवं दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे



# ट्रैक्टर व बुलेट बाईक के बीच हुई टक्कर में बुलेट सवार एक व्यक्ति की मौत

फारबिसगंज : फारबिसगंज प्रखंड के ढोलबज्जा के समीप पुआल लोड ट्रैक्टर व बुलेट बाईक के बीच हुई टक्कर में बुलेट सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी वहीं गंभीर रूप से घायल बुलेट सवार एक व्यक्ति को अनुमंडलीय अस्पताल फारबिसगंज में प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने बेहतर ईलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया है.मृतक बाईक सवार का नाम रेजा अख्तर उर्फ मो राजू पिता निजामुद्दीन पोठिया वार्ड संख्या 14 फारबिसगंज निवासी बताया जाता है. जबकि गंभीर रूप से घायल बाईक सवार का नाम शंभु सिंह पिता नेवालाल सिंह मलाट माहीपट्टी सुपौल निवासी बताया जाता है.घटित सड़क घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि रविवार को शंभु सिंह व रेजा अख्तर उर्फ मो राजू एक ही बुलेट बाईक पर सवार हो कर फारबिसगंज के तरफ जा रहे थे तभी ढोलबज्जा गांव के समीप उक्त बुलेट बाईक का पुआल लोड लोड ट्रेक्टर के बीच टक्कर हो गयी.बुलेट बाईक व ट्रेक्टर के बीच हुई टक्कर में बुलेट पर सवार उक्त दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये. घटना के बाद उक्त मार्ग से जा रहे लोगो व स्थानीय लोगो ने घटित सड़क दुर्घटना की सूचना फारबिसगंज पुलिस को दिया.सूचना मिलते ही स्थानीय थाना के अनि कुमारी जुली सदल बल घटना स्थल पर पहुंची व स्थानीय लोगो के सहयोग से गंभीर रूप से घायल बाईक सवार शंभु सिंह को ईलाज के अनुमंडलीय अस्पताल भेजवाया व गंभीर रूप से घायल बाइक सवार रेजा अख्तर उर्फ मो राजू को ईलाज के लिए सदर अस्पताल अररिया भेजवाया.जहां एक तरफ गंभीर रूप से घायल बाईक सवार शंभु सिंह को अनुमंडलीय अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एनएल दास सहित अन्य चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर ईलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया. वहीं बताया जाता है कि गंभीर रूप से घायल बाईक सवार रेजा अख्तर उर्फ मो राजू का निधन ईलाज के लिए बाहर ले जाने के क्रम में रास्ते मे ही हो गया.इधर स्थानीय थाना के अनि कुमारी जुली अनुमंडलीय अस्पताल पहुंच कर गंभीर रूप से घायल शंभु सिंह के स्वास्थ्य का हाल जानी व घटित घटना की जानकारी लेते हुए मामले के जांच में जुट गई.



# वैश्य एकता मंच फारबिसगंज के बैनर तले होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन

फारबिसगंज : वैश्य एकता मंच फारबिसगंज के बैनर तले होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन शहर के पटेल चौक अवस्थित शीतल साह गोला में समाज सैकड़ों वैश्य समाज की उपस्थिति में संपन्न हुआ, होली मिलन समारोह की अध्यक्षता मंच अध्यक्ष प्रो ज्योतिष चंद्र साह तो नेतृत्व मंच के सचिव अमित पूर्वे एमं उपाध्यक्ष होली साह, राजू साह, राजकुमार उपस्थिति उप सचिव संतोष केसरी, कामेश्वर जायसवाल, राहुल रंजन के साथ कोषाध्यक्ष रंजन भगत महत्वपूर्ण भूमिका में कार्यक्रम संपन्न हुआ मिलन समारोह में पूर्व मुख्य पार्षद अनूप जायसवाल, पूर्व उप मुख्य पार्षद कृष्ण देव भगत, मनोज कुमार जायसवाल, दिनेश भगत, दिनेश गुप्ता, डॉ लव कुमार, डॉ मुन्ना कुमार, डॉ सुशील नायक , कमलेश्वरी मंडल, जनार्दन दास पारखी, आदर्श जायसवाल, उपेंद्र पंजीयार , राजेश महतो, नंदन साह, रौशन भगत, पप्पू जायसवाल, बबलू साह, शिवानंद भगत ,भोला जयसवाल, राजू महाजन, बबलू गुप्ता, राजेश गुप्ता गांधी जी, विशाल आनंद चौधरी ,नवीन कुमार गुप्ता, दिनेश गुप्ता ,मनोज जयसवाल ,कामेश्वर साह , विवेक कुमार, प्रवीण कुमार भगत, सूरज कुमार केसरी ,प्रकाश साह ,राजेश कुमार जायसवाल, रंजन भगत ,राकेश बंसल ,संतोष भगत, रोशन भगत ,कामेश्वर सोनी, नागेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, सचिन कुमार गुप्ता, विकास कुमार, रंजीत जयसवाल, आदि सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे, मिलन समारोह के माध्यम से समस्त वैश्य को संगठित होकर संगठन को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का संदेश देने के साथ आपसी भाई चारा , आपसी प्यार के साथ आपस में एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली का बधाई और शुभकामनाएं देने के साथ एक साथ सभी भोजन करके एकता का मिशाल दिया तथा सभी वैश्य को समाज के उज्जवल भविष्य को देखते हुए एकत्रित होने का संदेश दिया गया।



# शोभा यात्रा को लेकर बैठक आयोजित

**भरगामा/अररिया**

भरगामा प्रखंड अंतर्गत रघुनाथपुर में धूमधाम से मूर्ति स्थापित कर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर रघुनाथपुर मध्य विद्यालय में बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता राकेश रंजन परिहार ने की। जिसमें विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मूर्ति स्थापित कर शोभायात्रा निकालने के संदर्भ में चर्चा हुई जो 30 मार्च को मूर्ति स्थापित कर 31 मार्च को शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा रघुनाथपुर हाट से निकलकर भरगामा बाजार ब्लॉक चौक होते हुए सुकेला मोड पंप से पुनः वापस होकर ब्लॉक मुख्यालय में अवस्थित पोखर में विसर्जन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। राकेश रंजन परिहार ने कहा रामनवमी शोभा यात्रा शांतिपूर्ण माहौल में पूरे क्षेत्र का भ्रमण करेगी जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धांलु मौजूद रहेंगे जिसके लिए बैठक की गई हैं एवं प्रशासनिक अनुमति लेने की तैयारी चल रही हैं। इस बैठक में विशाल आर्यन विकास ठाकुर, सोनू सिंह , सुमन , माधव भगते , आदित्य सिंह , अजय शर्मा,राजू रस्तोगी,राजीव भगत, ज्योतिष, गौतम , सौरभ, शुभम, अमित सिंह, नीतीश का अनीश मेहता तूफान मेहता,चिंटू यादव आदि सम्मिलित हुए।



# होली एवं शब-ए-बरात में शांति सदभावना कायम रखने को लेकर शांति समिति की अहम बैठक

फारबिसगंज : फारबिसगंज आदर्श थाना परिषर में होली एवं शब-ए-बरात में शांति सदभावना कायम रखने को लेकर शांति समिति की अहम बैठक रविवार की संध्या आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ सुरेन्द्र कुमार अलबेला एवं डीएसपी शुभांक मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। जहां बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के लोगों सहित संगठनों के प्रतिनिधि शामिल रहे। बैठक में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए एसडीओ एवं डीएसपी ने होली एवं शब- ए -बरात के त्यौहार में शांति व्यवस्था बनाए रखने में एक दूसरे को सहयोग करने की अपील की। अधिकारीद्वय ने अपने अपने संबोधन में कहा कि त्यौहार के मद्देनजर यदि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाया तो वैसे शरारती तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। एसडीओ ने दोनों पर्व शांतिपूर्ण माहौल में सौहार्द कायम रखते हुए भाईचारगी के साथ मनाने का आग्रह किया। उन्होंने इलाके के सभी संवेदनशील व चिंहित स्थानों पर मजिस्ट्रेट के साथ साथ पुलिस की प्रतिनियुक्ति की बात कही। बैठक में खास तौर पर पर्व के दौरान लहेरिया कट बाइकर्स पर यदि किसी भी व्यक्ति की नजर में आता है तो प्रशासन से तुरंत उक्त बाईक का नंबर प्रशासन के व्हाट्सएप पर देने की बात कही। वहीं शब-ए- बरात को लेकर प्रशासन द्वारा एहतियात के तौर पर कब्रिस्तान जाने वाले मार्ग के समीप हाईवे पर पुलिस - प्रशासन के साथ साथ मजिस्ट्रेट को तैनात किए जाने की जानकारी दी। जबकि डीएसपी ने हठखोला के समीप होलिका दहन स्थल के आसपास विधि व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की जानकारी देते हुए फायर ब्रिगेड, बिजली विभाग सहित अन्य विभागों के पदाधिकारियों से सहयोग लिया जाएगा। इस मौके पर एसडीओ, डीएसपी के अलावा बीडीओ राजकिशोर प्रसाद शर्मा, एसएचओ आफताब अहमद,नप के ईओ दीपक कुमार झा,समाजसेवी वाहिद अंसारी, अरविंद गोयल,राज कुमार अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह पार्षद बुलबुल यादव,अजातशत्रु अग्रवाल, मनोज जायसवाल, पूनम पांडिया, राम कुमार भगत, वीरेंद्र पासवान, मुखिया तनवीर अंसारी, मो.रियाज, कफील अंसारी, संजय पाण्डेय, शमीम अहमद, नूर मास्टर, मो.दिलशाद, गालिब आजाद, मीर गुड्डु, गणेश गुप्ता, पंकज सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



# प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का पुतला दहन किया

**भरगामा / अररिया**

भरगामा शिक्षक संघ अध्यक्ष ने बीईओ पर लगाया गंभीर आरोप। बिहार पंचायत-नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ प्रखंड इकाई ,भरगामा ने अपने बहुप्रतीक्षित एरियर भूगतान में होने वाले बिलंब को लेकर बीआरसी भरगामा में प्रखंड शिक्षा,पदाधिकारी श्रीमति सुषमा कुमारी का पुतला दहन किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बिहार पंचायत-नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ,भरगामा के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा की विभिन्न प्रकार के एरियर के आवंटन के मद्देनजर महीनों पूर्व ही संघ के तरफ से बीईओ,भरगामा को पत्र प्रेषित कर, एरियर विपत्र बनाने की मांग की गई थी। जिसपर उसके स्तर से ध्यान नही दिया गया । अब एरियर का आवंटन प्राप्त होने के बाद भी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी , भरगामा के स्तर से डी.पी.ई./डी.एल.एड./ओ.डी.एल./एन.आई.ओ.एस से संबंधित एरियर का विपत्र डी.ई.ओ. कार्यालय को जमा नही दिया गया है ,जो घोर लापरवाही का परिचायक है। इसलिए बाध्य होकर हमलोगों को बीईओ,भरगामा का पुतला दहन करना पड़ा। उन्होंनें कहा की अगर समय रहते विभिन्न प्रकार के एरियर का विपत्र डीईओ कार्यालय अररिया को हस्तगत नही करवाया गया तो संघ उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। पुतला दहन कार्यालय में राजेश मंडल उपाध्यक्ष,मसनून आलम ,कमलाउदीन, प्रभाकर , गंगा राम सोरेन, प्रभाष चन्द्र सोरेन,निजामुद्दीन,सत्यनारायण यादव, वकील पासवान, मो. अफाक,चंदन कुमार, चन्देशवरी राम, युनूस रशीद ,फिरोज अहमद,अरूण रजक,अशगर अली ,अमर कुमार,रामचन्द्र मंडल सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।



# जयगुरु सीटेट क्लासेस के 95% छात्रों ने लहराया परचम

फारबिसगंज : सीबीएसई द्वारा आयोजित सीटेट दिसंबर-2022 की परीक्षा में जयगुरु सीटेट क्लासेस फारबिसगंज मुकेश यादव कॉम्प्लेक के अभ्यर्थियों ने शानदार सफलता पाई है। संस्थान के छात्रों में अजीत कुमार 127, नाज 124, आसमा 124,महिनाज 123, ज्योति 121, यश आनंद 116, अनिता 116, नूतन 115, पिंकी खातून 116, शम्स ,संदीप, रूकसर, परमजीत, पूजा,अंजू, रानी, नायब, प्रियंका, कोमल, सानिया, करिश्मा, स्वीटी, राजमणि, रूपेश, संजीत, अमृता, कल्पना, निर्जला, सबेरा, अलका, प्रिया, दीपक, नेहा दीपेश,सलमान,इन सभी ने 110 से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इसके अलावा निसार, विकास, पंकज, प्रभाकर, निर्जला, रोहित, राजा, प्रिया, जुली, रघुनंदन, अवधेश, आनंद, विभूति, शहाबुद्दीन, रोहित, निसार, अंजली, नाहिदा, दिवाकर, मधु, नविता, शमा, नरेश, नागेश्वर, अविष्कार, दीपा, सैकड़ो छात्रों ने 100 से अधिक अंक लाकर गौरवान्वित किया है। इसके अलावा प्रीति, रेशमा,कल्पना, रिचा, बिनीता, अंशु, राशिद, लाभलेश, बिट्टू, अखिलेश, राहुल, रितेश, नुशरत, सोनी ,आजाद, वसीम, निकिता नेहा, अंगूरी, खुशबू, सुभाष, एहसान, अकरम, पीतांबर, संध्या, गूंजा, प्रभाष,काजल वर्मा, आशीष, अरबिंद , सरिता, ओमप्रकाश, बिपिन, राजकुमार, रोहित, इनाम, रहबर, काजल सोनी, अभिषेक, जिज्ञासा, किरण, सुनील, खुर्शीद, सारिका, साक्षी, गौतम, आदि सड़कों छात्रों ने कठिन परिश्रम करके शानदार सफलता अर्जित किया है। संस्थान के मार्गदर्शक कुमार परीक्षित ने बताया कि संस्थान से अभी तक प्राप्त जानकारी अनुसार 200 से अधिक छात्राध्यापकों ने सफलता प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण परिदृश्य एवम् सुदूर देहाती इलाकों से आने वाले छात्रों ने अपने मेहनत और लगन से सफलता अर्जित किया है। हमारे संस्थान में अब सीमांचल के सभी जिलों से बच्चे पढ़ने आ रहे हैं। विगत वर्ष एवं वर्तमान में शानदार रिजल्ट से संस्थान के प्रति लोगो का विश्वास बढ़ा है। आस पास के सटे जिले पूर्णिया,सुपौल,किशनगंज, से भी बच्चे हमारे संस्थान में पढ़ने आ रहे हैं जो हमारे शहर फारबिसगंज के लिए गौरव की बात है। हमारे अनुभवी शिक्षको की टीम के सही मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि आज छात्रों ने सीमाँचल का मान बढ़ाने का काम किया है। हमारे क्षेत्र के बच्चे सुविधा के अभाव में प्रतिभा रहने के वाबजूद भी अवसर से चूक जाते हैं। हमारा प्रयास है कि हम अपने शहर में एक बेहतर अधिगम अवसर उपलब्ध करा कर अभ्यर्थियों को प्रतिभा अनुरूप प्रदर्शन का अवसर उपलब्ध करावें। आज हमारा प्रयास सफल होता दिख रहा है हमारे संस्थान के अभ्यर्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हमें गौरवान्वित किया है। संस्थान के शिक्षक विनोद कुमार ने बताया कि संस्थान के कुशल प्रबंधन और छात्रों के लगन और कठिन परिश्रम और हमसब के सफल मार्गदर्शन से यह संभव हो सका है।

वही संस्थान के को-डायरेक्टर ऐन के माधव ने बताया कि यह रिजल्ट अररिया समेत समूचे सीमाँचल के बीएड एवं डीएलएड अभ्यर्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। छात्रों को सीटेट की तैयारी के लिए हम इससे भी बेहतर मौहाल उपलब्ध कराएँगे। संस्कृत शिक्षक सुखदेव सर ने बताया कि संस्थान छात्रों के मेहनत और लगन का ही प्रतिफल है। वही उर्दू शिक्षक इमाम हुसैन ने संस्थान के कुशल प्रबंधन को सारा श्रेय दिया है।



# युवा नेता आयुष अग्रवाल ने थामा राजद का दामन सियासी गलियारे में हलचल तेज

फारबिसगंज : बिहार प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के मार्गदर्शन में अररिया ज़िला के फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता, मारवाड़ी युवा मंच के निवर्तमान अध्यक्ष, एक पहल के संस्थापक ई आयुष अग्रवाल को राजद व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व मोरवा विधानसभा से विधायक रणविजय साहू ने पटना प्रदेश कार्यालय में योगदान करवाया। इस मौके पर योगदान के उपरांत पार्टी कार्यालय में बड़ी संख्या में उपस्थित वैश्य समाज के लोगों के द्वारा जमकर नारेबाजी की गई एवं लालू यादव ज़िंदाबाद-तेजस्वी यादव ज़िंदाबाद-जगदानंद सिंह ज़िंदाबाद-रणविजय साहू ज़िंदाबाद-आयुष अग्रवाल ज़िंदाबाद के नारों से पार्टी कार्यालय परिसर गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश




अध्यक्ष व विधायक श्री साहू ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि माननीय तेजस्वी यादव के मार्गदर्शन में आयुष अग्रवाल को पार्टी में योगदान कराया गया है। उन्होंने कहा कि राजद सभी जाति एवं सभी धर्मों की पार्टी है। श्री अग्रवाल के पार्टी में जुड़ने से पार्टी को भी मजबूती मिलेगी। विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा अनुभव रखने वाले श्री अग्रवाल का पार्टी में हृदय से स्वागत है। इस मौके पर आयुष अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि लम्बे समय से राजद के शीर्ष के नेताओं से बातचीत चल रही थी जिसको अमलीजामा पहनाने का वक्त आ गया था। श्री अग्रवाल ने सर्वप्रथम राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को धन्यवाद देते हुए कहा कि समाज की मजबूती को ध्यान में रखते हुए पार्टी में उन्होंने योगदान किया है।निरंतर समाज के लिए कार्य करना उनकी प्राथमिकताओं में अव्वल स्थान पर रहा है और आगे भी रहेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के द्वारा जो भी जिम्मेदारियाँ दी जाएगी उसको बखूबी पूरा करने की पुरजोर कोशिश करते हुए मंज़िल तक पहुँचाने की दिशा में पहल करना मेरा सबसे पहला कदम होगा। इस मौके पर राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रेम यादव ने कहा कि राजद के दरवाजे उन तमाम लोगों के लिए हमेशा के लिए खुले हैं जो पूरी निष्ठा के साथ समाजहित में कार्य करना चाहते हैं।

श्री यादव ने कहा कि आयुष अग्रवाल के पार्टी में जुड़ने से प्रदेश स्तर के साथ साथ सीमांचल व कोशी क्षेत्र में काफी मजबूती मिलेगी।योगदान के उपरांत श्री अग्रवाल के द्वारा उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से उनके आवास पर आशीर्वाद लिया गया एवं श्री यादव के द्वारा श्री अग्रवाल को आगे की राजनीतिक भविष्य के उज्वल होने की शुभकामनाएँ दी गई।

## फारबिसगंज के भागकोहलिया की मुखिया जुबेर निशा को स्वच्छता के क्षेत्र में काम करने पर जिला प्रशासन ने किया सम्मानित

फारबिसगंज : जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,जिला जल एवं स्वच्छता समिति के तत्वावधान में समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले महिलाओं को महिला स्वच्छता चैम्पियन समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया. अमहिला स्वच्छता चैम्पियन समारोह का उद्घाटन डीएम इनायत खान एवं डीडीसी मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. समारोह में अररिया प्रखंड से कमलदाहा पंचायत की मुखिया नुजहत परवीन,रामपुर कोदरकट्टी की मुखिया पम्पी देवी, गैड़ा पंचायत की मुखिया तबस्सुम आरा,भरगामा प्रखंड से भरगामा की मुखिया रीना देवी, फारबिसगंज प्रखंड से औराही पश्चिम पंचायत की मुखिया शहजादा प्रवीण, भागकोहलिया की मुखिया




जुबेर निशा, कुसार्काटा प्रखंड से शंकरपु की मुखिया रीता देवी, नरपतगंज प्रखंड से पथराहा की मुखिया रुखसाना प्रवीण,फतेहपुर की मुखिया मुन्नी देवी, पलासी प्रखंड से चाहटपुर की मुखिया रूबी शोएब,सीएनओ ज्योति कुमारी, रानीगंज प्रखंड से खरसाही की मुखिया तमन्ना खातून, मिजार्पुर की मुखिया शाहिस्ता, सिकटी प्रखंड से भिडभिड़ी पंचायत की मुखिया नीलम देवी,आमगछी की मुखिया सुनीता देवी, जोकीहाट प्रखंड से पथराहाबाड़ी की मुखिया नुसरत जहां, कुसार्काटा प्रखंड से कुआरी पंचायत की स्वच्छग्राही चुन्नी देवी, फारबिसगंज प्रखंड से आरटी मोहन की स्वच्छाग्रही बंटी भार्गव, अररिया प्रखंड से स्वच्छता पर्यवेक्षक अर्चना कुमारी जमुआ पंचायत की नेहा कुमारी,पलासी से हेमा कुमारी को डीएम और डीडीसी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया. मौके पर वरीय उप समाहर्ता विजय कुमार सहित जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी गण उपस्थित थे.

# बिहार में 'जाति की राजनीति' साधने में जुटी भाजपा , 'भीम चौपाल' के जरिए जदयू पहले से लगा रही जोर

बिहार में तीन वर्ष से ज्यादा समय तक राज्यपाल रहे फागू चौहान अति पिछड़ा वर्ग से थे। वर्ग विशेष में भाजपा ने इसे खूब भुनाया। अब अनुसूचित जाति में रविदास समुदाय से आने वाले राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर राज्यपाल हैं।इनकी नियुक्ति को भी चुनावी उद्देश्य से भुनाने में भाजपा जुट गई है।पार्टी की इस पहल को वर्ग विशेष के लिए केंद्र सरकार के प्रयास-योगदान से जोड़कर इंटरनेट मीडिया में प्रसारित किया जा रहा है।अब कार्यक्रम आयोजित कर इसे प्रचारित-प्रसारित करने की तैयारी है। इससे पहले 'भीम चौपाल' के जरिए समुदाय विशेष को साधने की पहल में जदयू जुट गया है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा के पिछले चुनाव में भाजपा को अति पिछड़ा वर्ग का भरपूर समर्थन मिला था। अनुसूचित जाति के मतदाताओं पर पार्टी पहले से ही पकड़ बनाए हुए है।राज्य में सत्तारूढ़ महागठबंधन इन दोनों वर्गों को पूर्णतः अपने पक्ष में करना चाह रहा है। ऐसे में विरोधियों की अपेक्षा भाजपा अपना पक्ष मजबूत कर लेना चाहती है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती ( 14 अप्रैल ) के बहाने यह पहल परवान चढ़ाई जा सकती है। लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान व विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक मुकेश सहनी को क्रमशः जेड व वाई श्रेणी की सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराकर भाजपा पहले ही संदेश दे चुकी है कि वे दोनों उसके पाले में हैं। वर्ग विशेष के मतदाताओं में चिराग व मुकेश की ठीकठाक पैठ है। भाजपा को इनसे लाभ की आस है। बिहार में अनुसूचित जाति से अभी भाजपा के एक सांसद, दो विधान पार्षद के साथ नौ विधायक हैं। भाजपा का प्रयास राज्य में अनुसूचित जाति की 23 उप जातियों को साधने का है।विधानसभा में संख्या के लिहाज से वर्ष 2020 के चुनाव में इस समुदाय से सर्वाधिक विधायक राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से चुने गए। हालांकि, बोचहां विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव में भाजपा की हार के बाद राजद का पलड़ा भारी हो गया है। बिहार विधानसभा में अनुसूचित जाति के 38 विधायक हैं, जिनमें से 10 राजद के हैं। राज्य में अनुसूचित जाति के कुछ चार विधान पार्षद हैं और सांसद छह। समुदाय विशेष के सर्वाधिक तीन सांसद लोजपा के हैं, जो भाजपा के साथ है। भाजपा की मंशा आसन्न चुनावों में इस संख्या को बढ़ाने की है। ऐसे में कार्यक्रमों के जरिये राज्यपाल की नियुक्ति को जाति-समुदाय के हित से जोड़कर संदेश देने की तैयारी चल रही है।जदयू की तैयारी भी है पुरजोर जदयू भी हर पंचायत में 'भीम चौपाल' के जरिए अनुसूचित जाति के मतदाताओं को साधने की जुगत में लग गया है। पार्टी में इस वर्ग के नेताओं को भीम चौपाल के आयोजन व अध्यक्षता का दायित्व दिया गया है। 25 फरवरी से गांव-टोले में सरकार की योजनाओं एवं बाबा साहेब के संदेश को पहुंचाने का अभियान चल रहा है। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के अध्यक्ष जीतन राम मांझी भी सत्ता में साझीदार हैं, जो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व महागठबंधन को अनुसूचित जाति का बड़ा पक्षधर बता रहे हैं। मुसहर समुदाय से आने वाले मांझी का मगध परिक्षेत्र में समाज विशेष पर अपना प्रभाव है। बाबा साहेब की जयंती पर अनुसूचित जाति की बस्तियों में जदयू समारोह का आयोजन भी करेगा। अनुसूचित जाति के जिन युवकों-युवतियों को नौकरी मिली है, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड मिला है, जो अच्छे अंक से उत्तीर्ण हुए हैं या जिनका किसी संस्थान में नामांकन हुआ है, उन्हें या उनके अभिभावक को सम्मानित करने की भी पार्टी की योजना है। बिहार को मिला पहला रविदास राज्यपाल राज्यपाल के रूप में राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के शपथ ग्रहण समारोह तत्काल बाद ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. संजय जायसवाल ने इंटरनेट मीडिया के जरिए आर्लेकर के रविदास समाज से होने की सूचना प्रसारित कर बड़ा संदेश दिया था। इससे पहले रविदास समाज के व्यक्ति को वर्ष 1979 में महत्वपूर्ण पद मिला था, तब सोनपुर से विधायक चुने गए इस समाज के रामसुंदर दास मुख्यमंत्री बने थे।

## ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित किया गया होली मिलन समारोह,मौके पर मसौढ़ी एस डी एम ,विधायिका और सहायक पुलिस अधीक्षक रहे मौजूद

रविशंकर मिश्रा पटना ।होली पर्व जैसे जैसे नजदीक आ रहा है तो वैसे वैसे होली पर्व को लेकर मसौढ़ी में होली मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में मसौढ़ी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में सर्व धर्म सद्भाव के बैनर तले होली मिलन समारोह आयोजित किया गया एवं रंग गुलाल लगाकर लोग एक दूसरे को बधाई दी।आज जहां परंपरागत होली का गीत खोते जा रहा तो वहीं मसौढ़ी के ऐतिहासिक गांधी मैदान होली के परंपरागत लोक गीतों पर लोग झूमते रहे।होली मिलन समारोह में सभी धर्मो के लोग भी खास तौर पर मौजूद रहे।मौके पर मसौढ़ी विधायिका रेखा देवी, एस डी एम अनिल कुमार सिन्हा,सहायक पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य के अतिरिक्त हजारों की संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# दो ट्रक में टक्कर में लगी आग,कड़ी मशक्कत के बाद दो फायर बिग्रेड को गाड़ी ने पाया आग पर काबू

फारबिसगंज : फारबिसगंज-अररिया मुख्य सड़क मार्ग फोरलेन सड़क पर फारबिसगंज कॉलेज चौक से आगे बरार ढावा के समीप शराब लदी ट्रक और जूट के बोरे से लदी ट्रक के आपस में टकराने से दोनों ट्रक धू-धू कर जल गया।दोनों ट्रक टकराने के बाद जोरदार विस्फोटक आवाज हुआ।जिसके बाद जोरदार आवाज सुनकर स्थानीय लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े।जब तक लोग घटनास्थल पर पहुंचते तब तक दोनों ही ट्रक आग के चपेट में आ चुका था।घटना सुबह छह बजे की बताई जाती है।मौके पर पहुंचे लोगों ने घटना को जानकारी दी,जिसके बाद फारबिसगंज थाना पुलिस के साथ फायर बिग्रेड को गाड़ी मौके पर पहुंची।आग पर काबू पाने के लिए फायर बिग्रेड की दो गाड़ियों को लगाया गया।जिसके बाद स्थानीय लोगों के मदद से कड़ी मशक्कत बाद आग पर काबू पाया गया।शराब लदी





ट्रक राजस्थान से असम गुवाहाटी की ओर जा रही थी, जबकि जुट के बोरे से लदा दूसरा ट्रक मुजफ्फरपुर से अररिया के सिकटी की ओर जा रही थी।ट्रक के बीच में टक्कर और आगजनी के बाद घटना को लेकर फोरलेन सड़क पर आवागमन ठप हो गया और गुजर रहे लोगों के बीच अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। दोनो फायर ब्रिगेड की गाड़ी आग पर काबू पाने में घंटों लगी रही।मौके पर फारबिसगंज थाना पुलिस भी आग पर काबू पाने में सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया। पुलिस का कहना है कि ट्रक पर लदी शराब की वैद्यता जांच का विषय है। घटना को लेकर स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सवेरे छह बजे बरार ढावा से शराब लदी ट्रक को लेकर फोरलेन सड़क पर जैसे ही आया, पीछे से तेज गति से आ रही ट्रक अनियंत्रित होकर शराब लदी ट्रक के डीजल टैंक से जा टकराई, जिसके बाद ही ट्रक में आग लग गई।शराब लदी ट्रक के बरार ढाबा में रात में पार्किंग किए जाने की बात कही जा रही है।पुलिस शराब को लेकर जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल पर चौकीदार की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है।

## श्री लक्ष्मी नारायण मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी में एक दिवसीय फाल्गुन उत्सव का भव्य आयोजन

फारबिसगंज : श्री श्याम सेवा समिति द्वारा स्थानीय श्री लक्ष्मी नारायण मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी में एक दिवसीय फाल्गुन उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर अहले सुबह श्याम प्रेमी भक्तों ने शहर में सुल्तान पोखर स्थित वीर हनुमान ठाकुरबाड़ी से भव्य निशान यात्रा निकाली। निशान यात्रा शहर के विभिन्न सड़क मार्गो से होते हुए मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी में आकर समाप्त हुई।



गाजे बाजे के साथ निकली निशान शोभायात्रा में शामिल भक्तो द्वारा खाटू नरेश के जयकारों यथा हारे का सहारा श्री श्याम हमारा ,खाटू नरेश की जय जैसे गगनभेदी जयघोष से माहौल पूरी तरह से भक्तिमय हो गया। निशान शोभा यात्रा के उपरांत मंदिर परिसर में अखंड ज्योति व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर यूपी के देवरिया श्याम शर्मा एंड ग्रुप एवं गोरखपुर की मोनिका शर्मा की जोड़ी ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। गायकों द्वारा प्रस्तुत भजन हमें तो खाटू जाना जी चाहे बुलावा आये या न आये पर भक्त जमकर झूमे। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के महंत व पुजारी पंडित अभिषेक दुबे की अगुवाई में मुख्य यजमान केदार अग्रवाल एवं जयकुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से अखंड ज्योति व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में भक्तो ने जमकर फूलों के साथ साथ अबीर गुलाल से होली खेली। इस मौके पर राज कुमार अग्रवाल, पवन अग्रवाल,पवन शर्मा, भीम अग्रवाल, पवन भूपाल, नप की मुख्य पार्षद वीणा देवी,सुलोचना अग्रवाल,एकता गोयल, कोमल गोयल,शिबू अग्रवाल, अजय अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, योगेश भूपाल, निशांत गोयल ,आलोक अग्रवाल, विजय गोयल, हरीश गोयल, मुकेश गोयल,श्याम माहेश्वरी,पप्पू लड्ढा,मनोहर शर्मा, राजेश अग्रवाल,कमल मित्तल,प्रमोद सिखवाल, विक्रम अग्रवाल, दीपू फोगला सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पुरूष व बच्चे भजनों की बरसात में फाल्गुन उत्सव मनाते रहे।

## फणीश्वर नाथ रेणु की जयंती समारोह पूर्वक मनाया

**भरगामा/अररिया-** भरगामा प्रखंड स्थित रेणु साहित्य मंच परिसर में प्रख्यात कथाशिल्पी एवं स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी फणीश्वर नाथ रेणु की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। जयंती में रेणु के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें शिद्दत से याद किया गया। समारोह की अध्यक्षता अजय अकेला ने की। मौके पर पूर्व जिला पार्षद सत्य नारायण यादव ने रेणु के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रेणु जी ने अपनी कालजयी रचनाओं से न सिर्फ अपने देश में ,बल्कि विदेशों में भी भारत का नाम रोशन किया समाजसेवी गयानंद सिंह ने कहा कि रेणु ने प्रेमचंद की परंपरा को आगे बढ़ा कर ग्रामीण जन-जीवन को उजागर किया ।नागेश्वर



कमल ने कहा- रेणु जी समाजवादी विचारधारा के योद्धा, और समतामूलक समाज की संरचना में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए थे। अपने अध्यक्षीय संबोधन में अजय अकेला ने बताया कि रेणु क्रांतिधर्मा लेखक थे ।उन्होंने अपने देश को आजाद कराने के पश्चात 1950 में पड़ोसी देश नेपाल में राणा शाही के खिलाफ प्रजातंत्र की स्थापना की लड़ाई को नया आयाम दिए,और सन 74 जेपी आंदोलन में जेपी पर दमनात्मक पुलिस कार्यवाही के खिलाफ उन्होंने पद्मश्री समेत आजीवन मिलने वाला वजीफा भी त्याग दिया था। समारोह में संत भुवनेश्वर दास, राजेंद्र मंडल, शशिकांत मिश्र,सदानंद दास, वासुदेव ठाकुर, योगानंद दास, पृथ्वी चंद्र मंडल, ललन पासवान, रामचंद्र मेहता, सदानंद मेहता के अलावे भवेश ठाकुर ,सुमन ठाकुर समेत प्रधानाचार्य विद्यानंद यादव और रेणु सेंटर के छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# उपेंद्र कुशवाहा ने महागठबंधन की सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर एक बार फिर जोरदार हमला बोला

फारबिसगंज : समाजवादियों की विरासत बचाने के उद्देश्य से विरासत बचाओ नमन यात्रा पर निकले राष्ट्रीय लोक जनता दल के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने महागठबंधन की सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर एक बार फिर जोरदार हमला बोला है। यात्रा पर निकले कुशवाहा ने महान आंचलिक साहित्यकार फणीश्वर नाथ रेणु की धरती हिंगना औराही पहुंचे।




जहां उन्होंने रेणु की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकताओं तथा लोगों की भीड़ जुटी रही। सभा को संबोधित करते हुए उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि नीतीश ने जेडीयू को आरजेडी के पास गिरवी रख दिया है और अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार को भी गिरवी रखना चाह रहे हैं। उन्होंने नीतीश कुमार के द्वारा बिहार को गिरवी होने से बचाने तथा बिहार की अस्मिता की रक्षा के लिए जेडीयू से अलग होने की बात कही। कुशवाहा ने नीतीश कुमार की वर्तमान कार्यशैली पर निशाना साधते हुए उसके प्रधानमंत्री बनने का मौका अपने हाथों से खो दिए जाने की बात कही। बतादे कि नई पार्टी राष्ट्रीय लोक जनता दल के गठन के बाद पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा प्रथम चरण में विरासत बचाओ नमन यात्रा के तहत बिहार के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं। शुक्रवार की देर रात करीब दस बजे रेणु गांव हिंगना औराही पहुंचे कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जमकर आलोचना कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिस जेडीयू को नीतीश राष्ट्रीय पार्टी बनाना चाह रहे थे वह धीरे धीरे इसका सुफड़ा साफ हो रहा है। नतीजा है कि जेडीयू के सर्वमान्य नेता मुख्यमंत्री के खिलाफ बोलने से बाज नहीं आ रहे हैं। उन्होंने बिहार की बदलती राजनीतिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह उसी पार्टी के साथ गठबंधन करेंगे जो बिहार को बचाने तथा राज्य के आवाम की मान सम्मान की बात करेगा। कुशवाहा ने अपने सम्बोधन में कहा कि बिहार में फिर से 2005 वाली परिस्थिति लाने की कवायद तेज हो रही है। जहां शाम होने से पहले लोग घर से निकलने में अपने को अ सुरक्षित महसूस करते थे। उन्होंने सीधे तौर पर वर्तमान राज्य सरकार पर अपराध की बढ़ती घटनाओं के कारण लोगों का जीना मुहाल होने का आरोप लगाते हुए सामाजिक विरासत की रक्षा करने का हवाला देते हुए आम लोगों से अपील किया। कहा कि नीतीश कुमार पुनः बिहार को उसी पटल पर लाने तथा सूबे में जंगलराज कायम करना चाह रहे हैं। उपजे हालिया राजनीतिक पृष्ठभूमि के मद्देनजर कुशवाहा ने राज्य की राजनीति में हस्तक्षेप की आवश्यकता जताई। रालोजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशवाहा ने बिहार के युवाओं से महागठबंधन की सरकार द्वारा दस लाख नौकरियां देने का छलावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने बेरोजगारी दूर करने के लिए कृषि और कृषिजनित उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ साथ सिर्फ नौकरियां देने मात्र से राज्य में कतई बेरोजगारी दूर नहीं होने की बात है। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा, कार्यक्रम के जिला संयोजक रमेश मेहता, यात्रा के बिहार प्रभारी हिमांशु पटेल, नंदकुमार सिंह, माधव आनंद, सुभाष चंद्रवंशी, देवेन्द्र मिश्रा, बैजनाथ मेहता, रंजीत सिंह, मन्नवर आलम, निरंजन कुशवाहा, अंगत कुशवाहा, विभाष चंद्र मेहता, जितेंद्र कुमार, रिंकू सोनी, रेखा गुप्ता, रंधीर सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता मौजुद थे। खास बात कि सभा के उपरांत उपेन्द्र कुशवाहा सहित पार्टी के दर्जनों नेता रेणुजी के आवास पहुंचकर उनके पारिवारिक सदस्यों से एक शिष्टाचार मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछा।